# शुभम संदेश

छठ महापर्व ॥ नहाय खाय आज ॥

एक राज्य - एक अखबार

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● शुक्रवार, 17 नवंबर 2023 ● कार्तिक शुक्ल 04, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 210 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

www.lagatar.in



**सुर्खियां** * * * *

**इंटरनेशनल**
- अमेरिका में बेरोजगारी दावे 2.31 लाख पर पहुंचे
- ऑस्ट्रेलिया में सिख को नस्ली तौर पर निशाना बनाया
- जयशंकर ने ब्रिटेन में उठाया खालिस्तान का मुद्दा
- चीन की इमारत में आग लगने से 26 की मौत

**नेशनल**
- फर्जी खबरों से मीडिया के प्रति अविश्वास : उपराष्ट्रपति
- भारत-श्रीलंका संयुक्त सैन्य अभ्यास पुणे में शुरू
- तेलंगाना में कांग्रेस आज करेगी घोषणापत्र जारी
- 'टाइगर-3' ने चार दिन में कमाए 271 करोड़ रुपये

**स्टेट**
- पीएम सुरक्षा चूक मामले में एसपीजी ने मांगी रिपोर्ट
- मनरेगा में आदिवासियों को काम मिल रहा रोजगार
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में लुभा रहे झारखंड के स्टॉल
- लोगों के लिए जयपाल सिंह मुंडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खुला

**स्पोर्ट्स**
- फाइनल से पहले वायु सेना जवान दिखाएंगे करतब
- पाक के टीम निदेशक नियुक्त किए गए मोहम्मद हफीज
- प्रणय हारे, जापान मास्टर्स भारत की आशा खत्म
- भारत दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम : केन विलियमसन


## किसने क्या कहा

- राम के नए भक्तों को नहीं पता कि वनवास कितने साल का था – जेपी नड्डा
- बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया गया तो आंदोलन करेंगे –नीतीश
- पीएम की सुरक्षा में चूक हादसा, संयोग या प्रयोग : –अमर बाउरी

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,000 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.2 | 17.8 |
| जमशेदपुर | 30.3 | 17.2 |
| डालटनगंज | 30.4 | 15.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## ब्रीफ खबरें

### पुलिस ने फौजी व उसके पिता को बेरहमी से पीटा

**महुदा।** महुदा पुलिस ने गुरुवार को सरेआम सड़क पर एक फौजी आशुतोष पाठक व उसके बुजुर्ग पिता को बेरहमी से पीटा. मारपीट के बाद महुदा पुलिस ने फौजी व उसके पिता को घसीटते कर पेट्रोलिंग वाहन में बिठाकर थाना ले गयी. थाना में पुलिस पदाधिकारियों के सामने फौजी के विरोध करने पर महुदा पुलिस ने फौजी व उसके पिता को छोड़ दिया. उन्होंने जानकारी गांव वालों को दी. सब सुनकर गुस्साए ग्रामीण फौजी के साथ थाना पहुंचे.

### हजारीबाग के जवान ने भुज में की आत्महत्या

**हजारीबाग।** जिले के मेरू निवासी एयरफोर्स जवान योगेश



कुमार ने गुजरात के भुज में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. एयरफोर्स ने इसकी सूचना योगेश कुमार के परिजनों को दी. एयरफोर्स ने योगेश कुमार के परिजनों को गुजरात के भुज में बुलाया है. वहीं परिजन वहां जाने से इनकार कर दिया है. परिजनों ने कहा कि हमारा बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता. उनलोगों की बुधवार रात को योगेश से बात हुई थी. मौत की उच्च स्तरीय जांच हो.

### भारत ने फिर तनाव कम करने का किया आह्वान

**नयी दिल्ली।** इजराइल और हमास के बीच पिछले महीने से जारी युद्ध के बीच भारत ने गुरुवार को एक बार फिर तनाव कम करने का आह्वान किया. साथ ही संघर्ष में हताहत होते आम नागरिक की बढ़ती संख्या के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने की आवश्यकता को रेखांकित किया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि भारत फिलिस्तीनी लोगों को अधिक मानवीय सहायता भेजने पर विचार कर रहा है.

### पेड्रो सांचेज फिर से स्पेन के पीएम चयनित

**मैड्रिड।** स्पेन के कार्यवाहक प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज को नयी सरकार बनाने के लिए गुरुवार को फिर से नेता चुना गया है. ज्यादातर सांसदों ने नयी सरकार बनाने के लिए सांचेज का समर्थन किया है. समाजवादी नेता सांचेज को संसद के 350 सीट वाले निचले सदन में 179 सांसदों का समर्थन प्राप्त है. केवल दक्षिणपंथी विपक्षी प्रतिनिधियों ने उनके खिलाफ मतदान किया. पार्टी नेताओं के बीच लगभग दो दिनों तक चर्चा हुई.

## आदिवासी जमीन खरीद-बिक्री में थाना क्षेत्र की बंदिश खत्म होगी

# बाध्यता खत्म

### टीएसी की बैठक

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में आदिवासियों की जमीन खरीद-बिक्री में थाना क्षेत्र की बाध्यता खत्म होगी. झारखंड ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) की 26वीं बैठक में सीएनटी एक्ट की नियमावली में संशोधन करने का प्रस्ताव लाया गया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में चर्चा हुई की सीएनटी एक्ट की धारा-46 के तहत आदिवासियों की जमीन खरीद-बिक्री में थाना क्षेत्र की बाध्यता है. जब 1908 में सीएनटी एक्ट बना था उस वक्त थानों की संख्या कम थी, लेकिन आज थानों की संख्या 600 के करीब पहुंच चुकी है. सीएनटी एक्ट बनने के 115 साल बाद आज स्थिति और में काफी बदलाव हो चुका है. टीएसी ने फैसला लिया कि 26 जनवरी 1950 के समय राज्य के भीतर जो जिले और थाने स्थापित थे, उन्हीं को जिला और थाना मानते हुए धारा-46 के तहत जमीन-खरीद बिक्री की मान्यता देने का प्रस्ताव तैयार हो.

**लुगु पहाड़ हाइडल प्रोजेक्ट को नहीं होने दिया जाएगा स्थापित :** टीएसी की बैठक में लुगु पहाड़ हाइडल पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट को लेकर सदस्यों ने विरोध किया. बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने बोकारो जिले में स्थिति लुगु पहाड़ में डीवीसी द्वारा प्रस्तावित इस प्रोजेक्ट को किसी भी हाल में स्थापित नहीं होने दिए जाने का फैसला लिया. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार हर हाल में आदिवासी समुदाय के आस्था और विश्वास के धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को संरक्षित करने का काम करेगी. सरकार किसी भी समुदाय की भावनाओं से खिलवाड़ नहीं होने देगी. टीएसी द्वारा इस प्रोजेक्ट को लुगु पहाड़ में स्थापित नहीं होने दिए जाने के संबंध में यह निर्णय महत्वपूर्ण है.

**उप समिति को एक्सटेंशन :** बैठक में टीएसी की उप समिति को एक्सटेंशन भी दिया गया है. विधायक प्रो स्टीफन मरांडी की अध्यक्षता गठित टीएसी की उप समिति के कार्यकाल को अगले 1 साल के लिए अवधि विस्तार दिये जाने के प्रस्ताव पर सदस्यों ने सहमति दी है.

### सीएनटी एक्ट के नियम में संशोधन का प्रस्ताव भेजा जाएगा

- टीएसी की बैठक में 1950 में बने जिलों व थानों को माना गया संशोधन का आधार
- 26 जनवरी 1950 के समय राज्य के जिलों और थानों को ही मान्यता देने का निर्णय



#### थाना क्षेत्रों की जांच के बाद बनेगी नयी नियमावली : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि टीएसी की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई है. सीएनटी-एसपीटी एक्ट के तहत आदिवासियों की जमीन खरीद-बिक्री में थाना क्षेत्र की बाध्यता है. जब सीएनटी और एसपीटी एक्ट बना था उस वक्त की स्थिति और आज की स्थिति में काफी बदलाव हुआ है. फैसला लिया है कि आदिवासियों की जमीन-खरीद बिक्री में थाना क्षेत्र की बाध्यता को लेकर जांच-पड़ताल कर नया नियम बने.

#### क्या है सीएनटी की धारा 46

सीएनटी एक्ट की धारा 46 आदिवासियों को आदिवासी भूमि हस्तांतरण की अनुमति देती है, लेकिन इसके लिए उपायुक्त की अनुमति जरूरी है. उपायुक्त की अनुमति के बाद ही इस तरह के हस्तांतरण को वैध माना जाता है. सीएनटी एक्ट 1908 की धारा 46 ए और 46 बी में आदिवासियों की जमीन का हस्तांतरण जिले के उपायुक्त की अनुमति से आदिवासियों के बीच एक ही अंचल में होने का प्रावधान है, जबकि धारा 46 बी में प्रावधान है कि एससी की जमीन एससी को एक ही जिला के अंतर्गत हस्तांतरित होनी चाहिए.

**अब क्या होगा :** सीएनटी एक्ट में थाना क्षेत्र की बाध्यता समाप्त करने को लेकर टीएसी से प्रस्ताव पास करने को बाद इसे अब राज्यपाल को भेजा जाएगा. राज्यपाल पंचवीं अनुसूची के उपबंध पांच के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए थाना क्षेत्र की बाध्यता को बदल सकते हैं.

## इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता शुरू

**रांची।** राजधानी के खेलगांव के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुवार को हुआ. इसका शुभारंभ राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, जेएसएसपीएस के मुकुल टोपनो व सूरज कुमार ने किया. प्रतियोगिता स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में खेलो झारखंड अंतर्गत हो रही है. प्रतियोगिता में राज्य के सभी 24 जिलों की 28 टीमें, बालक (6) व बालिका (22) के लगभग 800 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं.

**झारखंड के 24 जिलों से 28 टीमें हिस्सा ले रहीं हैं**



## निरसा में फिर शुरू हुई कोयला तस्करी

**धनबाद ।** निरसा में एक बार फिर कोयला का अवैध कारोबार शुरू हो गया है. कोयले के अवैध कारोबार पर सख्ती का मुख्यमंत्री व डीजीपी तक के आदेश को निरसा के तस्कर ठेंगा दिखा रहे हैं. प्रतिदिन हजारों टन कोयले की तस्करी की जा रही है. ग्रामीण एसपी कुलदीप चौधरी ने पिछले शुक्रवार को निरसा के अवैध उत्खनन क्षेत्रों का दौरा कर कोयला चोरी पर लगाम लगाने का निर्देश देते हुए सभी उत्खनन स्थलों की डोजरिंग कराने का निर्देश दिया था. इस निर्देश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई. कोयले चोरी में और बढ़ोतरी हो गई. सभी तस्कर ने अपने-अपने क्षेत्र बांट कर खुलेआम कोयले का अवैध कारोबार कर रहे हैं. कालीमाटी में रमेश गोप प्रतिदिन करीब 10 ट्रक कोयले की तस्करी कर रहा है. निरसा के विभिन्न क्षेत्रों में कोकिंग एवं नॉन कोकिंग दोनों किस्म के कोयले निकाले जाते हैं. तस्कर एक ट्रक में 40 टन कोयला भेजते हैं.

## मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ आज डाले जाएंगे वोट

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 और छत्तीसगढ़ की 70 सीटों पर शुक्रवार को मत डाले जाएंगे. मध्य प्रदेश की 230 सीटों पर 2533 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. वहीं, छत्तीसगढ़ की कुल 90 सीटों में से 20 सीटों पर पहले चरण में 7 नवंबर को मतदान हो चुका है. अब दूसरे चरण में 70 सीटों पर मतदान होगा, जिसके लिए 958 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं. मध्य प्रदेश में वोटिंग सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे तक होगी, जबकि माओवादी प्रभावित इलाके डिंडोरी, बालाघाट और मंडला जिले के मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे शुरू होकर अपराह्न तीन बजे तक होगी. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि राज्य में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है. राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 60 लाख से अधिक हैं.

## 'एमपी-छग का चुनाव प्रचार करने आए थे मोदी'

विशेष संवाददाता। रांची

प्रधानमंत्री के दो दिवसीय दौरे समाप्त होने के बाद झामुमो ने अपने तेवर तल्ख कर लिये हैं. पार्टी की ओर से कहा गया कि अब आदिवासी-मूलवासी बुड़बक नहीं रह गए हैं कि कोई भी आए और डमरू बजाकर, बेवकूफ बनाकर चला जाए. पहले तो यह होता आया है कि गवर्नेंस को डिस्टर्ब करने के लिए सीबीआई, आईटी, ईडी आदि को लगाया जाता रहा है, मगर अब स्टेट गवर्नेंस को डिस्टर्ब करने के लिए प्रधानमंत्री खुद आते हैं. पिछली बार भी ऐसा हुआ.

ये बातें पार्टी के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कहीं. भट्टाचार्य ने कहा कि पहले तो जनजातीय दिवस के नाम पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आने की सहमति मिलने के बाद भी उन्हें आने नहीं दिया गया. अब इस साल राज्य सरकार के माइल स्टोन वाली योजनाओं की घोषणा और लांचिंग से जनता का ध्यान भटकाने, अपना फोटो छपवाने और राजनीतिक प्रचार के लिए प्रधानमंत्री आए, क्योंकि पूरा सरकारी महकमा आधे दिन तक उनके कार्यक्रम में व्यस्त रहा. राज्य सरकार के कार्यक्रम को पूरी तरह से डिस्टर्ब करने का प्रयास किया गया. अप्रत्यक्ष तौर पर उन्होंने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए चुनाव प्रचार के लिए भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी-उलिहातू को चुना. वह भी सरकारी खर्च और जनता के पैसे पर.

### पीएम के दौरे पर बरसा झामुमो

- स्टेट गवर्नेंस को डिस्टर्ब करने आए , पर आदिवासी-मूलवासी बुड़बक नहीं रहे
- झारखंड के आदिवासी और यहां के लोगों के लिए उन्होंने कोई घोषणा नहीं की
- विधानसभा से पारित सरना-आदिवासी धर्म कोड पर को चर्चा तक नहीं की

### मणिपुर, मिजोरम जाने की हिम्मत नहीं



सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आदिवासी या उनके शब्द में जनजातियों से कोई प्रेम नहीं है. सब ढकोसला है. उन्हें आदिवासी सभ्यता, संस्कृति और न ही पर्व-त्योहार के बारे में कोई जानकारी नहीं है. यहां तक कि केंद्रीय जनजातीय मंत्री जो खुद मुंडा समाज से आते हैं. सरहुल-कर्मा, सोहराय सब मनाते हैं, कल सोहराय भी था. मगर न प्रधानमंत्री कुछ कहते हैं न जनजातीय मंत्री. प्रधानमंत्री को मणिपुर, मिजोरम, मेघालय जाने की हिम्मत नहीं है. मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जाने की हिम्मत नहीं है, तो चुनावी प्रचार के लिए बिरसा मुंडा की धरती को चुना और यहां के आदिवासियों को बेवकूफ बनाया गया.

## लैप्स हो गए 3327 लीजधारकों के खनन लीज

# ₹400 करोड़ का नुकसान

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में छोटी-बड़ी खदानों के लीजधारकों की लीज अवधि खत्म होने के कारण हर साल राज्य सरकार को लगभग 400 करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है. खान विभाग के अनुसार, इन लीजधारकों को लीज एक्सटेंशन देने पर पाबंदी लगा दी गई है. इसकी वजह वर्ष 2020 में हुए नियमों में बदलाव और माइनर मिनरल एक्ट बतायी जा रही है. राज्य में कुल 4315 छोटी-बड़ी खदानों का लीज आवंटित किया गया था. इनमें से 3328 लीजधारकों की लीज की अवधि खत्म हो गयी है. 695 खादानों का लीज ही कार्यरत हैं. अस्थायी रूप से सिर्फ एक लीजधारक ही खनन कार्य कर पा रहा है, जबकि नॉन वर्किंग लीजधारकों की संख्या 292 है. खान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 3328 खादानों का लीज नवीनीकरण नहीं होने की वजह से करीब 400 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है.

-शेष पेज 10 पर

### सरकारी उपक्रमों का ही लीज रिन्युअल होगा



**मुख्य बातें**
- 4315 छोटी-बड़ी खदानों का लीज जारी किया गया
- 695 लीजधारक ही बचे नॉनवर्किंग हैं 292 खदानें

**कोयलांचल में 475 लीज लैप्स**
कोयलांचल के धनबाद, बोकारो और गिरिडीह में 695 खदानों का लीज जारी किया गया था. इनमें से 475 खदानों की लीज अवधि समाप्त हो गयी है. 137 खदानों की लीज अब भी कायम है. 83 लीजधारकों को अस्थायी रूप से डिस्कनेक्ट कर दिया गया है.

**रांची रीजन में 732 लीजधारकों को मिला लीज :** रांची रीजन के गुमला, खूंटी, लोहरदगा, रांची और सिमडेगा में 732 लीजधारकों को लीज मिला था. इनमें से 564 लीजधारकों की लीज लैप्स हो गयी. इस रीजन में 113 लीजधारक ही कार्यरत हैं, जबकि 55 लीजधारकों को डिस्कनेक्ट कर दिया गया.

*नियमों में बदलाव और माइनर मिनरल एक्ट आने की वजह से लीज के एक्सटेंशन पर पाबंदी लगा दी गई है. सिर्फ सरकारी उपक्रमों को मिली खदानों का लीज ही रिन्युअल हो सकता है. कई खदानों के ऑक्शन की प्रक्रिया चल रही है.* **-अबु बकर सिद्दीकी पी,** सचिव, खान विभाग

## क्या से क्या हो गया



**बैजनाथ मिश्र**
वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**एक समय के बड़े समाजवादी नेता नीतीश कुमार की बुद्धि पर अब सवाल उठने लगे हैं, लगता है उन्हें बड़ा कष्ट होने वाला है. यह समादृत नेता दस साल में अनादृत हो गए हैं**

**प्रसंगवश**

तुलसीदास ने लिखा है - जाके प्रभु दारुण दुख दीन्हा, ताकी मति पहिले हर लीन्हा- यानी ईश्वर जिसे अतिशय कष्ट देना चाहता है, उसकी बुद्धि पहले खत्म करता है. हमारे समय के बड़े समाजवादी नेता नीतीश कुमार पर यह उक्ति सटीक बैठ रही है. यह समादृत नेता दस साल में देखते ही देखते अनादृत हो गए हैं. इस पतन की पटकथा उन्होंने स्वयं तब लिखी थी, जब उन्हें यह अहंकार हो गया कि वह मोदी से अनुभवी और प्रभावशाली नेता हैं. इसका प्रदर्शन भी उन्होंने अत्यंत फूहड़ तरीके से किया. उन्होंने पहले बिहार पहुंचे नरेंद्र मोदी के सम्मान में दिया जानेवाला भोज कार्यक्रम रद्द किया. फिर बिहार को बाढ़ राहत के लिए गुजरात सरकार की तरफ से मिली सहायता राशि वापस करने की घोषणा कर दी और आनन-फानन में भाजपा से गंठबंधन तोड़ दिया. ऐसा करते समय वह दो बातें भूल गये. एक तो यह कि प्रभु का भोजन ही अहंकार है और दूसरा यह कि नरेंद्र मोदी के पीछे ऐसा मजबूत संगठन खड़ा है, जिसका न कोई सानी था, न आज है. नीतीश को अपनी औकात तब समझ में आयी जब 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्हें महज दो सीटें मिलीं. तब उन्होंने पराजय की नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और महादलित का कार्ड चलते हुए जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बना दिया. लेकिन जब मांझी अपने रंग में आने लगे और नीतीश को खतरा महसूस होने लगा, तब उन्होंने मांझी को मुख्यमंत्री पद से हटा दिया और फिर सत्तासीन हो गये. इतनी आड़ी-तिरछी चालें चलने और मात खाने के बाद नीतीश किंकर्तव्यविमूढ़ता की स्थिति में आ गये और नरेंद्र मोदी को सबक सिखाने के लिए उस लालू प्रसाद के सामने समर्पण कर दिया, जिनके जंगल राज और भ्रष्टाचार के खिलाफ बगावत कर उन्होंने अलग पार्टी बनायी थी.



**और पलटू राम की उपाधि से विभूषित हो गये :** बिहार में विधानसभा चुनाव हुए तो नारा चला कि बिहार में बहार है, नीतीशे कुमार है. परिणामतः भाजपा 50 सीट से नीचे आ गयी. इस जीत का कारण मजबूत समीकरण था- राजद, जद (यू) और कांग्रेस का. लेकिन यह दोस्ती ऊपर से तो दिल मिला, भीतर फांके तीन जैसी थी. फिर लालू प्रसाद की पैंतरेबाजी से नीतीश परेशान हो गये. तभी तेजस्वी यादव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, नीतीश को बहाना मिला, उन्होंने पलटी मारी, भाजपा से मिलकर सरकार बना ली और पलटू राम की उपाधि से विभूषित हो गये. उस समय भाजपा ने क्षणिक स्वार्थ के लिए अपना दीर्घकालिक नुकसान कर लिया. वरना नीतीश कुमार राजद के दबाव में कुढ़ते रहते और जिस दुर्दशाग्रस्त स्थिति में आज हैं, उसमें पहले ही पहुंच गये होते. भाजपा ने लोकसभा चुनाव (2019) में उन्हें अपने बराबर ही सीटें दीं और विधानसभा चुनाव (2020) में भी यही फार्मूला रहा.

-शेष पेज 10 पर

## गोलमुरी में बंद पड़ी केबुल कंपनी में लगी भीषण आग

संवाददाता। जमशेदपुर



गोलमुरी स्थित वर्षों से बंद पड़ी केबुल कंपनी के परिसर में गुरुवार की शाम अचानक आग लग गयी. आग इतनी तेज थी कि परिसर से धुएं का गुब्बार निकल रहा था, जो काफी दूर से दिखाई दे रहा था. मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने इसकी सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी. सूचना मिलने के डेढ़ घंटे बाद झारखंड अग्निशमन विभाग और टाटा मोटर्स की दमकल काफी मशक्कत के बाद घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गयी.

आग कंपनी परिसर में रखे केबुल और अलकतरा में लगी. बताया जा रहा है कि रोजाना असामाजिक तत्व कंपनी परिसर में चोरी और नशा करने के उद्देश्य से घुसते हैं. नशा करने के दौरान ही आग लगी है. बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब कंपनी परिसर में आग लगी हो. इसके पूर्व भी कंपनी परिसर में आग लगी थी, जिसमें कई दस्तावेज जलकर खाक हो गए थे.

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया

## समाचार पत्रों की विश्वसनीयता सबसे अहम : डीसी

संवाददातमा। रामगढ़




राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया विषय पर जिले के पत्रकारों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, डीडीसी रॉबिन टोप्पो, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार एवं जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकारों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया.

कार्यशाला के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने सर्वप्रथम सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दी .जिसके उपरांत उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करने वाले आप सभी पत्रकार देश के विकास का एक अहम हिस्सा है. दिन प्रतिदिन लोगों को कई आवश्यक जानकारियां देनी हो या सरकार की बातों से अवगत कराना हो, योजनाओं का लाभ हो या कोई और क्षेत्र निरंतर आप सभी के द्वारा कार्य किया जा रहा है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, इससे होने वाले फायदे एवं दुष्परिणामों के ऊपर चर्चा करना है .

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि आने वाले समय में मीडिया की विश्वसनीयता ही सबसे अहम होगी. तकनीक का इस्तेमाल कर कोई भी व्यक्ति बेहद कम समय में बड़े से बड़े कार्य को संपन्न कर लेगा.वह सही है अथवा नहीं एवं उन बातों का कितना लंबा प्रभाव होगा. इसका फैसला सिर्फ इसी बात से होगा कि वे कितने विश्वसनीय है. मौके पर उपायुक्त ने पत्रकारों द्वारा समाज के विकास में किए जाने रहे कार्यों की सराहना करते हुए देश के विकास में सभी को अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की. कार्यशाला के दौरान जिले के कई मीडिया संस्थानों के पत्रकारों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया विषय पर अपने-अपनी बातों को रखा. जिसमें ज्यादातर पत्रकारों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सदुपयोग पर जोर दिया. कार्यशाला का संचालन सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन एसएमपीओ विक्रम सोनी द्वारा किया गया।

**खास बातें**

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के के बारे में दी गयी जानकारी
- पत्रकारों ने बारी बारी से अपने-अपनी बातों को रखा

महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंदन अरूण सिन्हा हुए शामिल

## कायस्थ मिलन समारोह का आयोजन

संवाददाता। रामगढ़



श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार के सौजन्य से गुरूवार को बिजुलिया स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर के निकट कायस्थ मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने व संचालन राजीव पामदत्त ने किया. समरोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंदन अरूण कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि संगठन मंत्री डॉ शंभू प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, अशोक कुमार सिन्हा उपस्थित हुए.

मौके पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंदन अरूण कुमार सिन्हा ने कहा की वर्तमान समय ऐसा है की यदि इसमें आप संगठित नही होंगे तो आप अपने अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते है. इसलिए मेरी कायस्थ समाज के सभी लोगों से अपील है की वे संगठित होकर रहें. कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने रामगढ़ जिले में अपने अथक प्रयास से कायस्थ समाज के लोगों को एकजुट करने का सराहनीय कार्य किया है.

### राजपुर क्षेत्र में कुएं में गिरने से अधेड़ की मौत

**कान्हाचट्टी।** राजपुर थाना क्षेत्र के कैंडिनगर गांव में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत कुएं में डूबने से हो गई. यह घटना बुधवार देर रात की बताई जाती है. प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक इंद्रदेव राणा 48 वर्ष अपने घर के बगल के कुएं के पास आलू में पटवन कर रहा था. इसी बीच अंधेरा रहने के कारण असन्तुलित होकर कुएं में गिर गयाण् कुएं में गिरने की सूचना पाकर परिजन हो हल्ला करने लगे और ग्रामीणों के सहयोग से उसे बाहर निकाला गया. इधर सूचना मिलते ही राजपुर थाना प्रभारी भोला दास घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की. इसके बाद थाना प्रभारी श्री दास शव में अपने कब्जे में कर राजपुर थाना ले आया.

## सीसीएलकर्मी को अपराधियों ने मारी गोली, रांची रेफर

संवाददाता। रामगढ़

भदानीनगर ओपी क्षेत्र के मतकमा रेलवे फाटक के समीप गुरुवार को अज्ञात अपराधियों ने सीसीएल कर्मी रामजी मुंडा को गोली मार दी. गोली लगने से रामजी गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल रामजी को इलाज के लिए नईसराय अस्पताल रामगढ़ ले जाया गया,जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रेफर कर दिया गया. मिली जानकारी अनुसार रामजी मुंडा (53वर्ष) गुरुवार की शाम ड्यूटी से अपने घर लादी लौट रहे थे. जैसे ही वे अपने घर के समीप पहुंचे, तभी अचानक बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी और फरार हो गये. रामजी मुंडा लड़खड़ा कर घर के सामने ही गिर पड़े.आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से रामगढ़ के नईसराय हॉस्पिटल में इलाज के लिए उन्हें ले जाया गया.

बताया जाता है कि रामजी मुंडा को गोली शरीर के बायी तरफ लगी है. सूचना मिलते ही एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, सदलबल मौके पर पहुंचे.आसपास के लोगों से पूछताछ कर छानबीन शुरू कर दी. उन्होंने कहा कि अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा.

**ब्रीफ खबरें**

### जागरूकता वाहनों को उपायुक्त ने किया रवाना

**रामगढ़।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय परिसर से 2 जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.जागरूकता वाहनों द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर 15 या उससे अधिक आयु वर्ग में गैर साक्षर लोगों के बीच साक्षरता को बढ़ावा देने का कार्य किया जाएगा. इस दौरान उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामाजिक सुरक्षा शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे.

### आठ दिवसीय मेले को लेकर तैयारी हुई पूरी

**डोमचांच (कोडरमा)।** महापर्व छठ पूजा की तैयारी ऐतिहासिक तालाब शिवसागर में बहुत जोर सौर से चल रही है, आठ दिवसीय मेले को लेकर पंडाल, मूर्ति सहित लाइटिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है. 19 से 26 नवंबर तक चलने वाले मेले में भगवान भास्कर के सात घोड़ों पर सवार 15 फिट की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है. मूर्ति लगभग 70,000 की लागत से धनबाद के एचके पाल बना रहे है. हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अशोक डेकोरेटर के द्वारा पूरे लाइटिंग किया जा रहा है . वहीं 70 फिट ऊंचा, 45 फिट चौड़ा भव्य पंडाल लोगों को अपनी और आकर्षित करेगी.

नव विवाहिता का शव बरामद, हत्या की आशंका

## परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता। जयनगर(कोडरमा)

जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहाल में जयनगर पुलिस ने एक घर से 21 वर्षीय नव विवाहिता का शव बरामद किया. शव की पहचान गोहाल निवासी संतोष दास की पत्नी मधु देवी के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही मृतका मधु देवी केमायके वालों ने घटनास्थल पहुंचकर मधु देवी के पति सहित ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया. घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमानाथ सिंह,एसआई सुनील पासवान पंचम तिग्गा ने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली. इस दौरान मृतका के मायके वालों ने मधु देवी की हत्या करने के आरोप में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की है. इस दौरान मायके वालों ने लगभग 2 घंटे तक पुलिस को शव उठाने नहीं दिया. बाद में थाना प्रभारी उमानाथ सिंह एवं स्थानीय लोगों द्वारा मायके वालों को काफी समझा बूझकर शांत कराया गया. शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया. इधर घटना के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतका के ननंद एवं सास को हिरासत में लिया गया . मृतका के पिता दशरथ दास ने बताया कि उनकी बेटी की शादी मार्च 2023 में गोहाल निवासी संतोष कुमार दास के साथ साथ किया गया था.उनकी बेटी मधु को हमेशा उसके पति, सास, ननंद द्वारा अतिरिक्त दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था.




### ससुराल वालों ने गला दबाकर की हत्या

उन्होंने यह भी कहा कि उनकी बेटी को पति समेत ससुराल वालों ने गला दबाकर रस्सी के फंदे में लटकाकर हत्या कर दिया. इधर, थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है. इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि शक के आधार पर मृतका के सास और ननंद को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है. वहीं मृतका के पिता ने इस मामले को लेकर जयनगर थाना में आवेदन दिया है. आवेदन के आलोक में उन्होंने बताया कि मेरी पुत्री को अतिरिक्त दहेज हेतु प्रताड़ित किया जाता था. जिसे लेकर अतिरिक्त दहेज के रूप में 200000 नगद मेरी पुत्री को अपने मायके से मांग कर लाने हेतु दवाव दिया जाता था, मेरी पुत्री द्वारा मुझे जानकारी दिए जाने पर मैंने बीते दुर्गा पूजा के पूर्व अपनी पुत्री के ससुराल गया. उपरोक्त लोगों से बातचीत की. जिस पर बेटी के ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज पर अड़े रहे तब मैंने कर्ज लेकर 20 हजार रुपय दूसरे दिन जाकर उपरोक्त लोगों को दिया.

### लगातार कर रहे थे पैसे की मांग

उसके बाद उपरोक्त लोगों द्वारा मुझे आश्वासन दिया गया कि शेष राशि एक लाख 80 हजार रुपए का भुगतान आप हम लोगों को करेंगे तब आपकी पुत्री को अपने मायके जाने देंगे अन्यथा नहीं जाने देंगे. उपरोक्त अतिरिक्त दहेज की मांग की पूर्ति नहीं किए जाने पर अचानक एक षड़्यंत्र के तहत उपरोक्त लोगों के द्वारा एक राय और एक मत होकर 8 :00 बजे मेरी पुत्री का गला दबाकर हत्या करने का प्रयास करने लगे इसकी सूचना मेरी पुत्री द्वारा अविलंब दिया गया और बताया गया कि अतिरिक्त दहेज को लेकर मेरे ससुराल वालों द्वारा मेरे साथ हमेशा मारपीट करते हुए जान से मारने की नीयत से बार-बार मेरा गला दबाने की कोशिश करते है. वहीं मृतिका के पिता ने आगे बताया कि मैं अपनी पुत्री के ससुराल पहुंचा तो देखा कि मेरी पुत्री की हत्या उपरोक्त लोगों द्वारा कर दिया गया है और मेरी पुत्री का लाश मेरी पुत्री के ससुराल में पड़ा हुआ है.

**खास बातें**

- ससुराल वालों पर ही लगाया हत्या करने का आरोप
- सास और ननद को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

### बाइक दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**बरही।** बरही के करियातपुर चौक के पास बीती रात हुई बाइक दुर्घटना में बरहीडीह के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे. जिन्हें अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया. इलाज के दौरान इनमें से विज्ञान प्रजापति (30 वर्ष) पिता पूरन प्रजापति बरहीडीह की मौत हो गई. जबकि मृतक का साथी कामेश्वर ठाकुर (35 वर्ष) पिता जयनाथ ठाकुर हजारीबाग में गंभीरावस्था में भर्ती है. जानकारी के अनुसार मृतक अपने घर का एक मात्र कमाऊ सदस्य था. जो हजारीबाग रोड में इलेक्ट्रिक दुकान चलाता था. वह अपने पीछे पत्नी और एक बेटा व एक बेटी छोड़ गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि दुकान बंद कर युवक अपनी बाइक से अपने दोस्त के साथ 11 किमी की दूरी तय कर जुआ खेलने करियातपुर गया था.उसने शराब भी पी रखी थी. घर वापस लौटने के क्रम में करियातपुर चौक पर बाइक डिवाइडर से टकरा गई. जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये.

## मंच ने किया फल का वितरण

संवाददाता। झुमरी तिलैया (कोडरमा)

मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा द्वारा माहेश्वरी भवन में पवित्र एवं पावन महापर्व छठ पूजा के अवसर पर छठव्रतियों के बीच फल का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता रही. उन्होंने सभी छठव्रतियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी और मंच की सराहना की. वही विशिष्ठ अतिथि नगर प्रशासक हर्षवर्धन कुमार रहे, जिन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है.

मंच के अध्यक्ष राज पचीसिया ने कहा की मंच हर साल की भांति इस साल भी आर्थिक रूप से कमजोर छठव्रतियों को फल वितरण कर रही है ताकि सभी के यहां खुशियां मिले. कार्यक्रम में संयुक्त रूप से केला, सेव, नारियल, संतरा अनार, कद्दू, सिनुर, आदि चीजों को वितरण किया गया. इस कार्यक्रम में सैकड़ों छठ व्रतियों को फल का पैकेट दिया गया. वहीं मौके पर झुमरी तिलैया के सिटी मैनेजर, मंच के सचिव आशीष जोशी, सह सचिव शिवेश पचीसिया, महावीर खेतान,संजय टोलिया, अरविंद चौधरी, रश्मि पचीसिया, पारो पचीसिया, राज खैटोर,कविता कटोर एवं सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे.



मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया शाखा ने छठव्रतियों के बीच फलों का वितरण किया.

**खास बातें**

- छठव्रतियों के बीच फल का वितरण किया गया
- आर्थिक रूप से कमजोर छठव्रतियों में फल बांटा

## सीटी स्कैन सेंटर का उद्घाटन

संवाददाता। रामगढ़




नगर परिषद क्षेत्र के कैथा स्थित प्राइम हॉस्पीटल में सिटी स्कैन सेंटर का फीता काटकर व दीप जलाकर उदघाटन किया गया. कार्यक्रम का संचालन तानिया कुणार ने किया. सीटी स्कैन सेंटर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन रामगढ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया. इससे पूर्व महिला चिकित्सक डॉ मीनू पांडया ने अतिथियों का स्वागत फूलों का गुच्छा देकर किया. उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि प्राइम हॉस्पीटल में सिटी स्कैन मशीन लगने के बाद अब क्षेत्र के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा. इसकी जरूरत रामगढ वासियों को लंबे समय से थी. संचालक डॉ दिनेश कुमार ने कहा कि सीटी स्कैन की जरूरत विशेष तौर पर दुर्घटना में शामिल लोगों के लिये लाभकारी होगा. घायल मरीजों के जान बचाने में कारगर साबित होगा. समारोह में मुख्य रूप से पूर्व सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिन्हा, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, अनुपमा सिंह, डॉ केएन प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, नेत्र चिकित्सक डॉ इंद्रनाथ प्रसाद, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एके बरेलिया, डॉ रीचा रश्मि, डॉ अभिषेक अग्रवाल, डॉ राहुल बरेलिया, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ डॉ बीके सिन्हा, पूनम सिंह, अनुपम सिंह, अखिलेश प्रसाद सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, संजीत सिंह, रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष विकास बंसल, अरविंद गोयल सहित शहर के कई लोग शामिल थे.

### व्यवसायी से मारपीट थाने में की शिकायत

**झुमरी तिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्णिमा टॉकीज के सामने, सोनी कंपलेक्स वाली गली में बीती रात हुई मारपीट मामले में तिलैया थाना में आवेदन दिया गया. आवेदन में सुनील गुप्ता ने कहा है कि सुनील मोदी, सूरज मोदी और सुजय मोदी हमेशा मेरे घर के पास रात में आकर शराब पीते हैं. बीती रात भी शराब पीकर गाली गलौज और अशोभनीय भाषा बोलते रहे थे. बीती रात करीब 10:20 बजे सुनील मोदी, सूरज मोदी और सुजय मोदी व चार-पांच अज्ञात व्यक्ति बैठकर शराब पी रहे थे और मां बहन, अमर्यादित भाषा और नारी लज्जा भंग होने वाली गाली दे रहे थे. मैंने अपने घर के छत पर से उन लोगों को गाली नहीं बकने का निवेदन किया ,लेकिन वे लोग नहीं माने. ठीक उसी समय मेरा दोनों पुत्र अमित राज और सुमित राज उनको समझाने का प्रयास किया.

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर छठ घाटों की साफ-सफाई की



संवाददाता। चंदवारा (कोडरमा)

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा की शुरुआत 17 नवंबर से होगी, जो 20 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समाप्त होगा. छठ पूजा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है. बजरंग दल (कोडरमा) के जिला संयोजक राजू यादव एवं ग्रामीणों ने चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी पंचायत अंतर्गत करोंजिया गांव के छठ घाट की श्रमदान कर साफ-सफाई की. सबसे पहले जेसीबी मशीन से छठ घाट जाने वाले रास्ते से गंदगी हटायी गयी. इसके बाद रास्ते की मरम्मति की गयी. सभी लोगों ने नदी में लगे झाड़ियों एवं कूड़ा-कचरा को साफ किया.

**प्रशासन ने नहीं की कोई पहल :** बजरंग दल के जिला संयोजक राजू यादव ने बताया कि आस्था का महापर्व छठ को लेकर प्रशासन ने प्रखंड में कोई पहल नहीं की. छठ घाट में गंदियों का अंबार लगा था.


क्लासिफाइड














शंखनाद

जयनगर संस्कृतिक भवन में भाकपा अंचल कमेटी की बैठक

## 26 से 28 तक राजभवन के समक्ष महापड़ाव आंदोलन

संवाददाता। कोडरमा



भाकपा अंचल कमिटी जयनगर की बैठक संस्कृतिक भवन जयानगर में ब्रह्मदेव राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में सबसे पहले भाकपा अंचल मंत्री अर्जुन यादव विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया. जिसे सभी ने एक मत से पास किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि झारखंड में भाजपा बाबूलाल मरांडी की नईया पार करने के लिए आदिवासी गांव में दौरा कर रही है. बाबूलाल मरांडी की खुद नईया डूब चुका है.

बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि देश के नौजवान छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं सुरक्षित नहीं है. दिन प्रतिदिन देश में बेरोजगारी भुखमरी बढ़ती जा रही है. उसे प्रधानमंत्री संसद में चर्चा नहीं करते हैं सिर्फ देश में लोगों को बांटने में लगे हुए हैं.

उनकी बातें देश की जनता समझ चुकी है 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी का सुपड़ा साफ होकर रहेगा. श्री रजक ने कहा कि प्रधानमंत्री 2024 में जीतने के लिए सीबीआई एवं इंडी का इस्तेमाल भरपूर मात्रा में कर रहे हैं. विपक्ष की आवाजों को दबाने की कोशिश की जा रही है. झूठा मुकदमा में फंसा कर जेल भी भेजा जा रहा है.

बैठक में राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन ऑल इंडिया केआह्वान पर 26, 27 और 28 नवंबर को राजभवन रांची के समक्ष महा पड़ाव किया जाएगा . जिसमें चार लेबर कोर्ट रेड करो,असंगठित मजदूरों को 18000 न्यूनतम मजदूरी लागू करो, भूमि धिग्रहण 2013 लागू करो आदि मांगों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद जयनगर ने कोडरमा जिले से 200 की संख्या में महा पड़ाव में जाने का फैसला की है.इस महा पड़ाव में राष्ट्रीय किसान सभा के महासचिव अतुल कुमार अंजान मौजूद रहेंगेपूर्वउप प्रमुख बिरेंद्र यादव एटक प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी अंचल मंत्री रामेश्वर यादव दीपक चौहान काली सिंह शमिम खान सुदामा यादव युगेश प्रसाद यादव हरि पासवान विनोद पासवान दिनेश यादव शरारत ठाकुर सूरएनद्र पासवान कामेश्वर पंडित धन्यवाद ज्ञापन समीम खान ने किया

**खास बातें**

- केंद्र सरकार झारखंड के साथ कर रही सौतेला व्यवहार
- भाजपा शासन में देश में गरीबी -बेरोजगारी बढ़ी

### बिरहोर की मौत, प्रशासन ने परिजनों को दी आर्थिक मदद

**मरकच्चो।** प्रखंड के दक्षिणी पंचायत अंतर्गत तेलियामारण स्थित बिरहोर कॉलोनी निवासी मंगर बिरहोर (55वर्ष) की मौत गुरुवार को हो गयी. मंगर बिरहोर लकवा से पीड़ित था. मिली जानकारी के अनुसार मंगर बिरहोर को 29 अक्टूबर की सुबह लकवा मार दिया था. जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो लाया गया, जहां से उसे डॉक्टर ने रेफर कर सदर अस्पताल कोडरमा भेजवाया था. सदर अस्पताल में मंगर बिरहोर का इलाज़ चल रहा था. दो दिन पूर्व ही मंगर बिरहोर सदर अस्पताल से अपने घर लौटा था. गुरुवार की सुबह लगभग चार बजे उसकी मौत हो गयी. मंगर बिरहोर की मौत की खबर सुनने के बाद प्रखंड प्रशासन की ओर से एमओ , पंचायत सेवक , पूर्व मुखिया अनुराधा सीता,परिजनों को आर्थिक मदद की.

## रिम्स ओपीडी

**मंगलवार सुबह 9 से दोपहर 1 और शाम 3 से 5 बजे तक**

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिनः** डॉ संजय कुमार सिंह
- **आॅर्थोपेडिकः** डॉ जीके गुप्ता
- **कार्डियोलॉजीः** डॉ पीजी सरकार
- **टीबी एवं चेस्टः** डॉ ब्रजेश मिश्रा
- **नेत्रः** डॉ सुनील कुमार
- **ऑब्स गायनीः** डॉ किरण त्रिवेदी
- **ईएनटीः** डॉ आरके चौधरी
- **सीटीवीएसः** डॉ विनीत महाजन
- **नेफ्रोलॉजीः** डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- **सायकेट्रीः** डॉ अजय बाखला
- **न्यूरोलॉजीः** डॉ सुरेंद्र कुमार-डॉ रुपेश प्रसाद

## सदर अस्पताल हजारीबाग

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिन :** डॉ. हिमांशु कुमार
- **मनोचिकित्सा :** डॉ. रूपा
- **शिशु रोग :** डॉ. विशाल कुमार
- **इएनटी :** डॉ. पीके सिंह
- **डेंटल :** डॉ. धनंजय राठौड़

**ट्रामा सेंटर : सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक**

- **सर्जन :** डॉ. सुमेघा
- **मेडिसिन :** डॉ. रेफॉर्ड

**अपराह्न 2 बजे से रात 10 बजे तक**

- **सर्जन :** डॉ. मयंक
- **मेडिसिन :** डॉ. आरके सिंह

**रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक**

- **ऑर्थो विभाग :** डॉ. सत्यम
- **मेडिसिन :** डॉ. अहमद

## हजारीबाग का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 29 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 13 डिग्री सेल्सियस

## ब्रीफ खबरें

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**रामगढ़ ।** रामगढ़ थाना के सिरका मुंडाटोली में बुधवार की रात एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई. घटना के बाद पति मौके पर फरार हो गया. मृतका की मां ने रामगढ़ थाने को इसकी सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने ले गई. इस कांड में पुलिस ने सिरका मुंडाटोली से एक युवती को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में मृतका की मां मुनिया देवी पति स्व. सुखदेव भुईयां ने रामगढ़ थाना में एक लिखित शिकायत आवेदन दिया है. जानकारी के अनुसार बुधवार की रात आरोपी सुनील सिंह अपनी पत्नी के साथ कमरे में था.

### सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

**चंदवारा (कोडरमा)।** यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. जिले के पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर चंदवारा पुराना थाना चौक स्थित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आने जाने वाले सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को रुकवाकर जरूरी दिशा निर्देश दिया. वहीं जो दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहने हुए थे उसे और चार पहिया वाहनों वाले चालक सीट बेल्ट लगाए थे उसे गुलाब का फूल दिया गया.

### झारखंड ग्रामीण बैंक ने लगाया जागरूकता शिविर

**चौपारण।** प्रखंड के चौपारण बाजार में संचालित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में शाखा प्रबंधक दानीनाथ कुमार झा के नेतृत्व में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. बतौर मुख्य अतिथि चेयरमैन एमसी पॉल और क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार उपस्थित हुए. लोगों को संबोधित करते हुए चेयरमैन एमसी पॉल ने कहा कि खाताधारियों को बेहतर सेवा देना झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का मुख्य उद्देश्य है.उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम लोगों तक ग्रामीण बैंक टीम के द्वारा सेवा देना और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है. श्री पॉल ने यह भी कहा कि हमारे शाखा से खाताधारियों को डिजिटल क्षेत्र में बेहतर सेवा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने ग्राहकों से आग्रह किया कि आप सब भी ग्राहक लाएं और उन्हें बैंक का भरपूर सेवा हम देंगे.

### हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने छठ पूजा को लेकर की सराहनीय पहल

# 11 रुपये में छठ पूजा की 21 सामग्री उपलब्ध करायी

**संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग यूथ विंग ने छठ पूजा करने वाले परिवार को 11 रुपये की सहयोग राशि में सूप, नारियल समेत 21 सामान उपलब्ध कराया है. महज 11 रुपये में सूप, एक नारियल, सिंदूर, रोड़ी, कपूर, जाफर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा, लौंग, इलायची, बड़ी इलायची, छुहारा, मखाना, घी, रुई बत्ती, धूपबत्ती, माचिस एवं सुपारी, आरत पत्ता दिया गया. 11 रु के सहयोग राशि शगुन के तौर पर लेकर छठ व्रतियों को दिया गया है. हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों का कहना है समाज में कई ऐसे परिवार है, जो छठ पूजा करने में असमर्थ हैं. पर उनकी इच्छा छठी मैया के प्रति काफी रहती है. वे महापर्व करना चाहते हैं, इसी दृष्टिकोण से यह सेवा प्रदान किया गया है. हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि छठी मैया की असीम कृपा से कार्यक्रम सफलता के साथ संपन्न हुआ है, आने वाले वर्षों में इस कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर किया जाएगा. युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसा कार्यक्रम आयोजित करना समाज के प्रति मिसाल है, हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण बधाई के पात्र है. मौके पर अध्यक्ष लखन खण्डेलवाल ने कहा कि जिले से बाहर के लोगों ने इस सेवा का लाभ लिया है. सेवा के दौरान महज 11 रु सहयोग राशि शगुन के रुप लिया जायेगा, 21 सामान प्रदान किया गया है.

कार्यक्रम को सफल बनाने में हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष लखन खण्डेलवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, बटेश्वर मेहता विकास तिवारी, सनी देव, जय प्रकाश खण्डेलवाल, प्रमोद खण्डेलवाल, बीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, गुंजन मद्धेशिया, ताज जी, प्रिंस कसेरा सहित कई लोग कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाया।

**खास बातें**

- आने वाले वर्षों में कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर किया जाएगा
- छठ पूजा करने वालों को आगे भी करते रहेंगे मदद

### एयर फोर्स में नौकरी करता था मेरू का रहने वाला योगेश

# योगेश ने भुज में खुद को मारी गोली, मौत

**संवाददाता। हजारीबाग**



जिले के मेरू निवासी एयर फोर्स जवान योगेश कुमार ने गुजरात के भुज में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. एयर फोर्स ने इसकी सूचना योगेश कुमार के परिजनों को दी. एयर फोर्स ने योगेश कुमार के परिजनों को गुजरात के भुज में बुलाया है. वहीं परिजन वहां जाने से इंकार कर दिए, परिजनों ने कहा कि हमारा बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता. क्योंकि ना उसकी शादी हुई थी ना ही घर में कोई विवाद था. उसकी मौत की खबर फोन के माध्यम से प्राप्त हुई.

परिजनों बताया कि उनलोगों की बुधवार रात को योगेश से बात हुई थी. जिसमें वह कहा था कि हम अभी भुज में तैनात है इसके बाद उसकी 2:30 बजे रात मौत होने की बात कही गई. जवान हजारीबाग के मेरू निवासी रामजीत महतो का पुत्र है. यह एयर फोर्स का जवान था और गुजरात भुज में तैनात था. इसकी बहाली 2020 में हुई थी. गुरुवार को जवान की मौत की खबर परिजनों को विभाग के द्वारा दी गयी और गुजरात बुलाया गया. लेकिन परिजनों ने जाने से इनकार कर दिया है.

परिजनों ने मांग की है कि योगेश की मौत कैसे हुई, इसकी उच्च स्तरीय जांच हो. मृतक जवान के पिता ने बताया कि वह चार पुत्रों के पिता है .तीन पुत्र खेती-बाड़ी कर अपना गुजारा करता है. छोटा बेटा एयरफोर्स में देश की सेवा के लिए वह गया था. हमारा पूरा परिवार छोटे बेटे पर ही आश्रित था,

उन्होंने यह भी कहा कि विभाग के द्वारा शुक्रवार को जवान के पार्थिव शरीर हजारीबाग भेजने की बात कही गई है .

**खास बातें**

- मौत से पहले परिजनों से फोन पर हुई थी बातचीत
- 2020 में हुई थी एयरफोर्स में बहाली गुजरात भुज में था तैनात
- परिजनों ने कहा मौत की हो उच्चस्तरीय जांच

**गांव में पसरा मातमी सन्नाटा**

इधर, जवान की मौत की खबर सुनकर गांव में सन्नाटा पसर गया . लोग अपने स्तर से जवान की मौत की जानकारी ले रहे है. इस संबंध में शंभू कुमार ने बताया कि यह मौत नहीं बल्कि हत्या है. जब जवान से उसके परिजनों की बात हुई थी, उस समय वह परेशान नहीं बल्कि, खुश लग रहा था. उसने अचानक गोली मारकर आत्महत्या क्यो करेगा .इस मामले में उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए. जवान को न्याय मिलना चाहिए, आखिर ड्यूटी में तैनात जवान गोली मारकर आत्महत्या क्यो करेगा. वहीं इस संबंध में समाज सेवी एवं स्थानीय मुखिया ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद लगातार विभाग एवं स्थानीय थाना से भी जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा था.

# डीजल चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार, पुलिस कर रही जांच

**संवाददाता। चौपारण**

थाना क्षेत्र के बहेरा पंचायत के ग्राम तिलैया से तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. बताया जाता है कि सरदारपुर में संचालित पेट्रोल पंप और आसपास के होटलों में आए दिन खड़े वाहनों से डीजल की चोरी की वारदात हो रही थी. इसी बीच महूदी वाहन मालिक ने पेट्रोल पंप में गाड़ी खड़ी कर अपने घर चले गये थे. देर रात चोरों ने वाहन के टंकी से पूरा डीजल निकाल लिया. इसकी सूचना मिलते ही वाहन मालिक ने थाना में जानकारी दिया.

जांच के क्रम में पेट्रोल पंप के पीछे तिलैया गांव में पुलिस टीम पहुंची. तो देखा कि घर के पास डीजल भरा हुआ गैलन रखा हुआ है, जिसमें डीजल रखा हुआ. आसपास के घरों से तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाना ले आई. इस संबंध में थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर ने कहा कि पूछताछ की जा रही है. जानकारी मिलते ही बता दिया जायेगा.

# रामगढ़ जिला प्रशासन और सीसीएल के बीच एमओयू

**संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ जिला अंतर्गत से खनन प्रभावित क्षेत्रों में मशरूम की खेती एवं लोगों को मशरूम की खेती करने को लेकर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतु गुरुवार को जिला प्रशासन, रामगढ़ एवं सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची के बीच एमओयू किया गया. इस दौरान सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची की तरफ से जीएम एसडी एवं सीएसआर लादी बालकृष्ण एवं जिला प्रशासन, रामगढ़ की तरफ से परियोजना निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया.

### बरही में घर के पास खड़ी बाइक की चोरी

**बरही।** बीती रात दुलमहा पंचायत के सिंहपुरा से एक लाल रंग की ग्लैमर (बाइक) जेएच 02 एन 9704 के चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है. इक सिंहपुर निवासी मनोज यादव की बताई जा रही है. बाइक घर के बाहर बरामदे में खड़ी थी. जिसे रात्रि ग्यारह बजे तक देखा गया था. सुबह में वह उक्त स्थल पर नहीं था.

## प्रॉपर्टी बाजार

- **लोकेशन- चौपारण चतरा रोड**
- नजदीक रेलवे स्टेशन बरही 22 किलो मीटर
- चौपारण बस स्टैंड से दूरी एक किलोमीटर
- जमीन की कीमत : तीन से पांच लाख रुपए प्रति डिसमिल
- **कैसे पहुंचने :** कार, ऑटो, बाइक आदि
- **आसपास के स्कूल :** केवीएसएस 2 हाई स्कूल
- **पास के बाजार :** चौपारण डेली मार्केट

## घूमें-फिरें

- **स्थल का नाम : राजागढ़ हनुमंत मंदिर बीघा बाजार चौपारण**
- चौपारण से 4 किमी दूर
- हजारीबाग से 60 किलो मीटर
- बाइक, कार, बस या ऑटो से
- पहुंचने का रूट क्या है : हजारीबाग़ से चौपारण चतरा रोड मे स्थिति है
- **क्या-क्या है खासः** हनुमान जी का मंदिर के साथ-साथ, शिव मंदिर, शेषनाग और गढ़ काली का मंदिर है।चौपारण से 4 किमी दूर
- हजारीबाग से 60 किलो मीटर
- बाइक, कार, बस या ऑटो से
- **पहुंचने का रूट क्या है :** हजारीबाग से चौपारण चतरा रोड मे स्थिति है.
- **क्या-क्या है खासः** हनुमान जी का मंदिर के साथ-साथ, शिव मंदिर, शेषनाग और गढ़ काली का मंदिर है.



## खान-पान

**रेस्टूरेंट का नाम : देवी पैलेस रेस्टोरेंट**

- **किस स्थान :** सिंघरावा चौपारण
- **नास्ते में क्या है :** आमलेट, आलू पराठा,सत्ती पराठा, दाल तड़का, तवा रोटी
- **दिन का भोजन में क्या :** फ्राई राइस, प्लेन चावल,गोभी पराठा, चिकन, मसरूम मशाला,आलू दम
- **रात के भोजन में क्या :** रोटी दाल, सब्जी, पनीर, वेज मटन, चिकन, मछली
- **खास क्या है :** चिकन तंदूरी, चावल, दाल तड़का, रोटी
- **वेज या नॉनवेज :** दोनों
- **चाइनीज आइटम :** नहीं
- **पार्सल की व्यवस्था है :** नहीं
- **होम डिलिवरी देते हैं :** नहीं
- ढाबा संचालक **राजेंद्र चंद्रवंशी** कहते हैं कि हमारे रेस्टोरेंट में साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था के साथ ग्राहकों को पसंदीदा वातावरण में नाश्ता एवं भोजन कराना उनकी पहली प्राथमिकता है.

# घायल प्रकाश से मिले कृषि मंत्री

**संवाददाता। हजारीबाग**

पिछले दिनों गोलीकांड में घायल हुए ओबीसी कांग्रेस प्रदेश नेता डॉ प्रकाश कुमार रांची मेडिका अस्पताल से इलाज के बाद हजारीबाग अपने आवास लौट आए हैं . बुधवार संध्या झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने डॉ प्रकाश से मिलकर उनके स्वास्थ के बारे में जाना. साथ ही इनके घर के परिवार वालों से मुलाकात कर ढांढस बांधा, कहा कि कांग्रेस परिवार आप लोगों के साथ खड़ा है.

मंत्री श्री पत्रलेख ने कहा की इस मामले में जिला प्रशासन से सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा. श्री पत्रलेख इस मामले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष इनके परिवार वालों की बात रखने का वादा किया. वहीं ओबीसी जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि घटना के तुरंत बाद से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू, सहित प्रदेश कांग्रेस नेता इस मामले में न्याय दिलाने और दोषियों पर शिकंजा कसने में तत्पर रहें है.

# धूमधाम के साथ चित्रगुप्त पूजा संपन्न

**संवाददाता। हजारीबाग**



धूमधाम और उत्साह के साथ चित्रगुप्त पूजा गुरुवार को मूर्ति विसर्जन के साथ संपन्न हो गया. दो दिनों तक चित्रांश परिवारों ने अपने इष्ट देवता चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना की. गुरुवार को बिहारी दुर्गा स्थान, छठ तालाब, शिवदयाल नगर समेत कई जगहों पर भैयारी का आयोजन किया गया.

बिहारी दुर्गा स्थान पर भैयारी के आयोजन में कई समाज के सदस्यों ने हिस्सा लिया और सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए एक साथ भोजन किया. जिसमें हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता भी उपस्थित रहे. बिहारी दुर्गा स्थान में लगभग 17 सौ से लेकर दो हजार लोगों ने एक साथ भोजन किया. जिसमें महिलाओं की सहभागिता भी काफी अच्छी रही. चित्रांश अपने परिवारजनों के साथ आकर एक साथ प्रसाद ग्रहण किया. साथ ही एक दूसरे को चित्रगुप्त पूजा की ढेर सारी शुभकामनाएं दी. अगले साल फिर से पूजा उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय भी लिया. देर शाम चित्रगुप्त महाराज की शोभायात्रा निकाली गयी. शोभायात्रा में भारी संख्या में चित्रांश नाचते गाते शामिल हुए. इसके बाद छठ तालाब में मूर्ति विसर्जित की गई. बुधवार को बिहारी दुर्गा स्थान में कोलकाता से आए तपस्या म्यूजिकल ग्रुप एवं आर्केस्ट्रा ने जमकर लोगों को झुमाया.

**खास बातें**

- शिवदयाल नगर समेत कई जगहों पर भैयारी का आयोजन
- मूर्ति विसर्जन में भारी संख्या में चित्रांश हुए शामिल

# बरकट्ठा में महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**संवाददाता। बरकट्ठा**



बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड़ क्षेत्र के पंचायत बरकनगांगो के ग्राम छुतहरी कटिया में विवेकानंद क्लब, छुतहरी कटिया के द्वारा गोर्वधन पूजा पर महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. मैच का उदघाटन बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर व फुटबॉल को किक मारकर किया. मैच हज़ारीबाग बनाम कोडरमा के बीच खेला गया. दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया.

पहले हाफ में कोडरमा की टीम ने एक गोल किया था.वहीं हाप टाइम के बाद हज़ारीबाग की टीम ने भी एक गोल कर खेल में रोमांच ला दिया.अंततः खेल का निर्णय नहीं निकलने पर पेनाल्टी शूटआउट के द्वारा हज़ारीबाग की टीम ने जीत दर्ज की.पूर्व विधायक श्री यादव ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को नगद पुरुस्कार तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया.

पूर्व विधायक श्री यादव ने विवेकानंद क्लब,छुतहरी कटिया के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष औऱ सचिव सहित सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया. उन्होंने कहा आज यहाa के लोग एक नई सोच को विकसित किया है.एक समय था जब लड़कियों को घर के चौखट के अंदर ही रखा जाता था, लेकिन आज बेटा से कहीं अधिक आगे बेटी निकल चुकी हैं. .मौके पर कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, जयनगर पूर्वी जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव,पूर्व विस्सूत्री अध्यक्ष विरेन्द्र मोदी चलकुशा मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, मुखिया सुखदेव यादव,राजेन्द्र यादव, इंद्रदेव प्रसाद,विससूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,पंसस मनोज यादव, बाबूलाल यादव,राजकुमार नायक, बियादव, बलराम राणा, उमेश यादव, मुकेश यादव, बैजू यादव ,अजित यादव, रामविलाश यादव, आशीष यादव, संतोष यादव, सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण खेलप्रेमी उपस्थित थें.

**खास बातें**

- पेनाल्टी शूटआउट से हजारीबाग ने जीता मैच
- पूर्व विधायक ने किक मारकर मैच का उदघाटन किया

**तैयारी** | बीएसएफ के स्थापना दिवस की तैयारियों का महानिदेशक ने लिया जायजा

# एक दिसंबर को मनेगा बीएसएफ का स्थापना दिवस

**संवाददाता ।दारू**



स्थापना दिवस परेड की तैयारियों का जायजा लेने महानिदेशक पहुंचे मेरू कैंप.

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल दो दिवसीय दौरे पर प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरू कैम्प पहुंचे . अतिरिक्त महानिदेशक डॉयरेक्टर अकादमी टेकनपुर रवि गांधी एवं केएस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय ने महानिदेशक कीअगुवाई की. मेरु परिसर में महानिदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. के एस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय ने परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय व सहायक प्रशिक्षण केंद्र के सभी अधिकारियों का महानिदेशक से रूबरू करवाया. महानिदेशक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई. जिसमें के एस बन्याल महानिरीक्षक ने प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण संबंधी व सीमा सुरक्षा बल स्थापना दिवस परेड 2023 के संचालन की जिम्मेवारी संस्थान को दी.

तैयारियों की जानकारी महानिदेशक को दी गई.रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में चल रही परेड रिर्हसल का जायजा लिया.इस दौरान महानिदेशक ने सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए अपने दिशा निर्देश भी दिए.इस मौके पर मेरू परिसर के सभी अधिकारी उपस्थित रहे. महानिदेशक ने एक दिसंबर को सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर होने वाली परेड की जानकारी ली. रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में चल रही परेड रिर्हसल का जायजा लिया और परेड के कैंटीजेंट कमांडरों,परेड दस्तों से बातचीत की व उनकी समस्याओं के बारे में पूछा. उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन किया. महानिदेशक ने अजेय प्रहरी स्मारक,अनंताचारी स्टेडियम व अन्य स्थलों का दौरा किया गया.

**खास बातें**

- रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में चल रही परेड की रिर्हसल
- महानिदेशक ने सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की

# छठ व्रतियों के बीच साड़ी वितरण अभियान में जुटे सदर विधायक



**संवाददाता। हजारीबाग**

सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को छठ महापर्व को लेकर महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी का वितरण किया. सदर विधायक ने सदर प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायत और नगर निगम क्षेत्र के कुछ वार्डो का दौरा किया . छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी का वितरण किया.उन्होंने इसकी शुरूआत ग्राम पंचायत मोरांगी से की. फिर भेलवारा,नयाखाप,सिंदूर और बड़ासी पंचायत केकई गांवों के साथ नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में घूम- घूमकर पूजन साड़ी का वितरण किया. साथ ही उन्होंने छठ महाव्रतियों को छठ महापर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी. विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि पिछले साल की तरह इस साल भी छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी का वितरण किया जा रहा है. इस वर्ष कुल 10 हजार पूजन साड़ी वितरण करने का संकल्प है.

### ब्रीफ खबरें

#### बोकारो में 18 दुकानदारों पर लगा जुर्माना

**बोकारो ।** बोकारो जिले में सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद की बिक्री करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया गया. पुलिस ने सेक्टर चार सिटी सेंटर, फिटजी कोचिंग सेंटर के पास व लक्ष्मी मार्केट में छापेमारी कर 73 दुकानों की जांच की. 18 दुकानों से बड़े पैमाने पर तंबाकू जब्त किया गया. इन दुकानदारों से टीम ने कोटपा कानून 2003 के उल्लंघन के आरोप में 3050 रुपये जुर्माना वसूला. छापामारी में जिला परामर्शी मो असलम, एसआई प्रवीण व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे.

#### 18-20 नवंबर तक होगा यातायात नियम में बदलाव

**जमशेदपुर ।** महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन की ओर से यातायात नियमों में बदलाव किए गए हैं. यह बदलाव 18 से 20 नवंबर तक रहेगा. इसके तहत 18 नवंबर की सुबह 6 बजे से सुबह 9 बजे तक शहर में नो इंट्री खुलेगी. इस दौरान भारी वाहनों का परिचालन चालू रहेगा. सुबह 9 बजे से रात के 11 बजे तक बस को छोड़कर सभी भारी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा. वहीं 19 नवंबर की सुबह 6 से 7 बजे तक बड़े वाहन चलेंगे. 19 नवंबर की सुबह 7 बजे से 20 नवंबर की दोपहर 3 बजे तक भारी वाहन नहीं चलेंगे. दोपहर बजे से शाम पांच बजे तक सिर्फ भारी वाहन शहर से निकल पाएंगे. इस दौरान कोई भी भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेंगे.

#### गिट्टी ले जा रहे हाइवा को पुलिस ने पकड़ा

**कतरास।** गुरुवार को धर्माबांध ओपी पुलिस ने गश्ती के दौरान धर्माबांध मोड़ के फोरलेन के समीप संदेह के आधार पर ओवर लोड गिट्टी हाइवा पकडा. साथ ही पुलिस ने चालक सुरेश महतो को भी हिरासत में लिया. पुलिसिया पूछताछ में चालक ने बताया कि वह गोविंदपुर से गिट्टी लेकर बोकारो जा रहा था. जिसके कागजात उसके पास है, लेकिन पुलिस द्वारा कागजात मांगे जाने पर चालक आना कानी करने लगा. जिसके बाद पुलिस ने वाहन सहित चालक को थाना ले गई. पुलिस के अनुसार हाइवा संख्या जेएच 10 बीडी 0115 में अवैध गिट्टी लदा है. इसका चालान पेपर भी नहीं है. इधर ओपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए माइनिंग विभाग की लिखित शिकायत दी है.

#### भाजपा नेता के प्रयास से महिला को मिली राशि

**चंदवा ।** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय दुबे के प्रयास से सुमन देवी पति स्व. बीरबल गंझू (लोहरसी, चंदवा) को आपदा प्रबंधन विभाग से चार लाख रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई. इस संबंध में सुमन देवी ने बताया कि उनके पति की मृत्यु 20 सितंबर 2021 को सर्पदंश से हो गयी थी. भाजपा नेता विजय दुबे की पहल पर अंत्यपरीक्षण के साथ-साथ सभी कागजी प्रक्रिया पूरी समय पर हो गई. इनके प्रयास से आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बतौर मुआवजा के रूप में चार लाख रुपये की राशि बैंक खाते में आ गयी. दुबे ने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि ऐसी आपदा के बाद प्रशासन और सरकार की ओर से जो भी मुआवजा का प्रावधान है, वो पीड़ित परिवार को मिले, जिससे उनके आश्रितों की अच्छे से परवरिश हो सके.

### गुस्साए ग्रामीण गांव के ही अन्य तीन फौजी को साथ लेकर थाना पहुंचे और जमकर किया हंगामा

# पुलिस ने फौजी व उसके पिता को सड़कों पर बेरहमी से पीटा

**संवाददाता । महुदा (धनबाद)**



महुदा थाना पुलिस ने मुचिरायडीह गांव निवासी सेना के जवान आशुतोष पाठक और उनके वृद्ध पिता ध्रुव पाठक की मामूली बात पर गुरुवार को सरेआम सड़क पर बेरहमी से पिटाई कर दी. मारपीट के बाद पुलिस दोनों को घसीटते कर पेट्रोलिंग वाहन पर बैठाया और थाना ले गई.

थाना में पुलिस पदाधिकारियों के सामने फौजी के विरोध करने पर आनन-फानन में पुलिस ने दोनों पिता-पुत्र को छोड़ दिया. पुलिस की करतूत से इलाके के लोग अचंभित हैं. पुलिस के चंगुल से छूटने के बाद दोनों पिता-पुत्र अपने गांव मुचिरायडीह पहुंचे और घटना की जानकारी गांव वालों को दी. गुस्साए ग्रामीण फौजी आशुतोष पाठक सहित गांव के 3 अन्य फ़ौजी को साथ लेकर थाना पहुंचे और थाना का घेराव कर जमकर बवाल किया. पुलिस पदाधिकारियों की काफी मिन्नतों के बाद भी ग्रामीणों का आक्रोश ठंडा नहीं हुआ और थाना परिसर में करीब एक घंटा तक हंगामा होता रहा. ग्रामीण पिटाई करने वाले पुलिस पदाधिकारी को बीच चौराहे पर खड़ा कर फौजी से माफी मांगने की जिद पर अड़े थे.

#### यह है पूरा मामला

फौजी आशुतोष पाठक ने बताया कि वह अपने पिता ध्रुव पाठक को कार से अस्पताल ले जा रहे थे. रास्ते में मछियारा ओवरब्रिज के पास हल्का जाम रहने के कारण एक महिला के साथ बाइक पर सवार युवक आकर उनकी कार में सट गया. उन्होंने बाइक सवार को समझाया और कहा कि ठीक से बाइक चलाया करो. इतने में महुदा थाना पुलिस के वाहन से 4 अधिकारी उतरे और मुझे और मेरे पिता को बेरहमी से पीटने लगे. परिचय देने के बाद भी वे सुनने को तैयार नहीं थे और सरेआम पीटते हुए भद्दी-भद्दी गालियां भी दे रहे थे. इधर, समाचार लिखे जाने तक मान-मनौव्वल का प्रयास किया जा रहा था. घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी.

**थाना प्रभारी के संज्ञान में है मामला :** महुदा थाना प्रभारी योगेश कुमार महतो ने कहा कि ऐसा मामला मेरे संज्ञान में आया है. लेकिन, अब तक लिखित शिकायत नहीं मिली है. पता चला है कि दोनों पक्ष आपस में सुलह कर रहे हैं. फौजी की ओर से लिखित शिकायत मिलने पर मारपीट के दोषी पुलिसकर्मियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

#### आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है – राष्ट्रपति
- भारत में सोंगमो झील कहां पर है – सिक्किम
- भारत में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है – उत्तर प्रदेश
- झंडा सत्याग्रह के लिए कौन शहर प्रसिद्ध है – नागपुर
- एपीडा ने पहली बार किस देश को प्रायोगिक तौर पर केले की पहली खेप का निर्यात किया – नीदरलैंड
- कितने दिनों तक अनुपस्थित रहने पर लोस सदस्य की सेवा समाप्त होती है – 2 महीने
- भारत में कोरोना को महामारी घोषित करने वाला पहला राज्य – हरियाणा
- सोना किस पदार्थ में घुल जाता है – एक्वा रेजिया
- होम रूल आंदोलन किसके द्वारा शुरू किया गया था – एनी बेसेंट

जयपुरी पैर का आविष्कार किसने किया था – डॉक्टर सेठी

### डीसी ने अधिकारियों से लोको टैंक तालाब के सौंदर्यीकरण की ली जानकारी

# उपायुक्त ने लिया शहर के छठ घाटों का जायजा

**संवाददाता । धनबाद**



लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर शहर में चल रही तैयारियों का गुरुवार को डीसी वरुण रंजन ने जायजा लिया. सबसे पहले वे रानीबांध तालाब पहुंचे, तालाब में चल रहे सफाई कार्य को देखा, पूजा समितियों के साथ बातचीत की, आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इसके बाद राजा तालाब, लोको टैंक तालाब, पंपु तालाब, बरामसियां छठ तालाब का किया निरीक्षण. निगम के अधिकारियों से लोको टैंक तालाब के सौंदर्यकरण की भी जानकारी ली, रेलवे के साथ एमओयू को लेकर आ रही परेशानी को भी दूर करने की बात कही. साथ बरमसिया छठ तालाब को जमीन माफिया के द्वारा अतिक्रमण की जानकारी मिली, उन्होंने पदाधिकारी को तालाब की जमीन खाली कराने का निर्देश दिया.

डीसी ने बताया कि छठ पूजा शुरू होने जा रहा है. इसे लेकर आज हमलोग ने शहर के कुछ छह तालाब का निरीक्षण किया है. जहा सफाई का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है, वहा एक दो दिन में सफाई पूरा करने का निर्देश दिया गया है. अधिक खाई वाले तालाब की बेरिकेटिंग करने की बात भी कही गई है, ताकि लोग सुरक्षित तरीके से पूजा कर सके. जरूरत के हिसाब से तालाब के पास गोताखोर की व्यवस्था करने, सभी घाट पर पारा मेडिकल स्टॉफ तैनात करने, पानी में ब्लीचिंग, चुना, एलम आदि का छिड़काव करने, पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था करने, क्राउड मैनेजमेंट के तहत पुलिस बल की तैनाती करने, वाहन पार्किंग की व्यवस्था करने, छठ घाट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पुलिस के साथ समन्वय बनाकर पूजा समितियों को काम करने की बात कही गई है. अगले दो तीन दिन में ये सारी तैयारी पूरी कर ली जाएगी.

#### दिए निर्देश

- पूजा समितियों के साथ उपायुक्त ने बातचीत की
- अतिक्रमित जमीन खाली कराने का निर्देश दिया

#### डीडीसी ने किया बराकर नदी छठ घाट का निरीक्षण

**निरसा/चिरकुंडा ।** छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर गुरुवार को धनबाद डीडीसी शशि प्रकाश ने चिरकुंडा में बराकर नदी छठ घाट का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने छठ घाट की साफ सफाई व व्यवस्था की तैयारियों का समिति सदस्यों से विस्तृत रूप से जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिया.

#### छठ घाट की सफाई में विधायक ने किया श्रमदान



**चाकुलिया।** चाकुलिया से लगभग आठ किलोमीटर दूर जुगीतुपा पंचायत के बड़शोल में कूपन नदी छठ घाट की सफाई छठव्रती सेवा मंच द्वारा शुरू की गई है. इसमें प्रशासनिक महकमा भी सहयोग कर रहा है. गुरुवार को विधायक समीर कुमार मोहंती छठ घाट पहुंचे और घाट की सफाई में श्रमदान किया. उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा. विधायक ने भी छठ घाट की सफाई में कुदाल चलाया. मौके पर प्रमुख धनंजय करुणामय, उप प्रमुख कविता साव, मुखिया सीतामनी सोरन,थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव, एसआई हीरालाल कुमार, राकेश मोहंती, कृष्णा मुंडा, नवीन केड़िया, विशाल बारीक, मिथुन कर,मंच के परमानंद सिंह, रत्नेश सिंह, नंदलाल महतो और सुरेश सिंह मौजूद थे.

# छठ पूजा को लेकर प्रशासन तैयार

**संवाददाता । जमशेदपुर**



बैठक के दौरान एसएसपी किशोर कौशल ने तैयारियों की समीक्षा की.

लोक आस्था का पर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन तैयारियां कर रही है. इसको लेकर गुरुवार को एसएसपी किशोर कौशल ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की. बैठक में सिटी एसपी मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग और प्रशिक्षु डीएसपी समेत अन्य मौजूद थे. बैठक के दौरान एसएसपी किशोर कौशल ने पुलिस पदाधिकारियों को अवाश्यक निर्देश भी दिए. एसएसपी ने बताया कि जिले में छठ को लेकर पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है.

पर्व के दौरान लोगों को जाम का सामना ना करना पड़े इसके लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं. कई वाहन घाट तक जाते हैं, जिन्हें रोकने के लिए बैरिकेड लगाए जा रहे हैं. घाटों में पार्किंग की भी व्यवस्था की जा रही है. ऐसे 36 जगहों को भी चिन्हित किया गया है.

पूजा के दौरान पुलिस सादे लिबास में भी मौजूद रहेगी. उन्होंने बताया कि छठ पूजा के दौरान घाटों की बिक्री की भी शिकायतें आ रही हैं, जिसके लिए सभी थानेदारों को घाटों पर नजर रखने को कहा गया है. अगर कोई घाट बिक्री करते हुए पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई के भी आदेश दिए गए हैं. एसएसपी ने बताया कि पूजा के दौरान घाटों में छिनतई और जेबकतरों की संख्या बढ़ जाती है. इन घटनाओं को अंजाम देने के लिए बाहरी लोग शहर पहुंचते हैं. इसके लिए बस स्टैंड और स्टेशनों पर नजर रखी जा रही है. पब्लिक अनाउंस सिस्टम की भी मदद से लोगों को जागरूक किया जाएगा. वहीं पूजा के दौरान कई लोग अपने घरों में ताला लगाकर घाटों में जाते हैं. कई बार घरों में चोरियां भी होती हैं.

#### प्रशासन ने छठ घाट को जेसीबी से कराया साफ

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में छठ महापर्व को लेकर थाना प्रभारी संतन तिवारी ने बहरागोड़ा के वर्णिपाल स्थित स्वर्णरेखा नदी तट पर छठ घाट का साफ सफाई जेसीबी मशीन द्वारा कराई. इस अवसर पर प्रशासनिक पदाधिकारियों संग समाजसेवी उपस्थित थे. छठ व्रतियों की सुविधा के लिए पीसीसी सड़क पर से नदी घाट तक जाने वाले कच्चे रास्ते को समतलीकरण कराया गया. साथ ही कहा कि पेयजल तथा चिकित्सा के साथ-साथ उक्त छठ घाट पर बहरागोड़ा पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे. इस मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, गुड्डू पांडे और पिंटू महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे.

## नप प्रशासक ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

**संवाददाता। लातेहार**



नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन ने पूरी टीम के साथ गुरुवार को जिला मुख्यालय के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने चटनाही के औरंगा नदी छठ घाट का निरीक्षण किया. साथ ही छठ पूजा की तैयारियों की जानकारी सूर्यनारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह व अन्य सदस्यों से ली. इसके अलावा उन्होंने बानपुर छठ घाट का निरीक्षण किया. यहां निवर्तमान वार्ड पार्षद बलि पाठक से आवश्यक जानकारियां लीं. उन्होंने रेलवे स्टेशन व गिजनियाटांड़ छठ घाटों का भी निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने घाटों के पास उगी झाड़ियों की सफाई कराने का निर्देश दिया. जहां जरूरत हो, वहां मोरम-मिट्टी गिराकर घाटों तक जाने वाली पहुंच पथ को दुरूस्त कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि छठ पूजा में साफ सफाई का विशेष महत्व होता है.

## अर्जुन मुंडा के घर लोगों ने पूजा का प्रसाद किया ग्रहण



प्रसाद वितरित करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी मीरा मुंडा.

**संवाददाता। जमशेदपुर**

केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा के घोड़ाबांधा स्थित आवास में आयोजित काली पूजा के महाप्रसाद में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया. इनमें राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, कॉरपोरेट जगत के अधिकारी, उद्योगपति, व्यवसायी, समाजसेवी और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे. गुरुवार को सुबह 10 बजे से लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा. इसमें आम से लेकर खास सभी शामिल थे. इस दौरान केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी, टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी, रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सरयू राय, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह मौजूद थे.

#### मुआवजा भुगतान नहीं होने से रैयत हैं नाराज

**कसमार (बोकारो) ।** कसमार प्रखंड अंतर्गत सिंहपुर गांव के रैयतों ने मुआवजा भुगतान की मांग को लेकर गुरुवार को बरलंगा से कसमार पथ निर्माण कार्य को रोक दिया. वहां जोरदार प्रदर्शन भी किया. रैयतों का कहना है कि संवेदक ने मुआवजा भुगतान के बाद ही काम शुरू करने की बात कही थी. मुआवजा के लिए लगभग सभी प्रक्रिया पूरी हुई. वीडियोग्राफी अंतिम प्रक्रिया होती है. लेकिन चार माह से अधिक समय बाद भी भुगतान नहीं किया गया. रैयतों ने कहा कि जब तक सभी रैयतों को मुआवजा नहीं मिल जाता निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा. एजेंसी के अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडेय ने मौके पर पहुंचकर एक सप्ताह के अंदर मुआवजा भुगतान का आश्वासन दिया. मौके पर पूर्व मुखिया मृत्युंजय कपरदार व रीता देवी, धुरेंद्रनाथ महतो, शंकर महतो, गिरिधारी करमाली, दशरथ महतो, संतोष कालिंदी, कुलदीप महतो आदि मौजूद थे.

## सफाई के दौरान पुआल में लगी आग



आग बुझाते दमकल कर्मी.

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत रोड नंबर 4 स्थित रामजी सिंह के पुआल टाल में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई. आग धीरे-धीरे फैलते गई. उन्होंने तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी. इधर, सूचना पाकर अग्निशमन विभाग के दौ दमकल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए. काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया पर आग से पुआल जलकर खाक हो गई. रामजी सिंह ने बताया कि छठ को लेकर घर पर साफ-सफाई कर रहे थे. इसी दौरान पास ही कचरा जमा कर उसमें आग लगाया था. आग धीरे-धीरे फैलते हुए पुआल में जा लगी जिससे पुआल में भी आग लग गई. इस घटना के लगभग एक लाख का नुकसान हुआ है.

#### फूस का घर जला, उप प्रमुख ने लिया जायजा

**चाकुलिया ।** चाकुलिया प्रखंड की बेंद पंचायत के बेंद गांव में मुख्य सड़क के किनारे विगत रात्रि राजू राणा के फूस से निर्मित बैठक खाना में आग लग गई. इससे बैठक खाना का एक हिस्सा जल गया. हालांकि उन्हें नुकसान नहीं हुआ. सिर्फ फूस और बांस जल गए. आग लगने के बाद ग्रामीण वहां पहुंचे और आग पर काबू पा लिया. आशंका है कि किसी शरारती तत्व ने आग लगा दी है. इसकी सूचना पाकर गुरुवार की सुबह उप प्रमुख कविता साव वहां पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने कहा कि पास में ही बैंक ऑफ इंडिया है और उसमें सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है. सीसीटीवी जांच से मामले का खुलासा हो सकता है.

#### सरकार आपके द्वार की तैयारी बैठक हुई

**बेरमो/नावाडीह ।** झारखंड हेमंत सोरेन सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की गुरुवार को तैयारी बैठक हुई. बैठक गोमिया व नावाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रमुख प्रमिला चौड़े की अध्यक्षता में हुई. बैठक में गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ प्रदीप कुमार महतो, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष लुदु मांझी, उप प्रमुख अनिल कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे. बीडीओ ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 24 नवम्बर से 26 दिसंबर तक प्रत्येक पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा. शिविर में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, जन्म, मृत्यु व दिव्यांगता प्रमाण पत्र, जमीन से संबंधित म्यूटेशन, लगान रसीद निर्गत करना, वनाधिकार पट्टा, 15 वें वित्त से संबंधित योजनाओं सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया जायेगा.

**कार्यक्रम** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर मेदिनीनगर टाउन हॉल में कार्यशाला का हुआ आयोजन

# कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सभी का सहयोग अपेक्षित: डीसी

**संवाददाता । पलामू**



आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को मेदिनीनगर टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. पलामू डीसी शशि रंजन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, छत्तरपुर व हुसैनाबाद के विधायक प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया. इस अवसर पर डीसी शशि रंजन ने कहा कि सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्र में रह रहे लोगों तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में आप सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है. आप सभी अपने-अपने पंचायतों में लगने वाले शिविर में उपस्थित रहकर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवश्य लाभान्वित कराएं.

डीसी ने कहा कि शिविर में अबुआ आवास योजना के आवेदन भी लिये जायेंगे. वहीं 12वीं पास गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत भी आवेदन प्राप्त किया जायेगा. इसके लिए आप सभी जनप्रतिनिधि 12वीं पास छात्रों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करें. इसके अतिरिक्त बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, 15वें वित्त के अंतर्गत जनोपयोगी योजनाएं, भूमि का म्युटेशन, भूमि मापी, लगान रसीद, प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्य, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी, राशन व आधार कार्ड में संशोधन सहित अन्य कई योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा. कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. मौके पर उपरोक्त के अलावे कई जिला पार्षद, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सभी वार्ड सदस्य सहित अन्य उपस्थित रहे.

#### कार्यक्रम संपन्न

- कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित कराएं
- अबुआ आवास योजना के आवेदन भी लिए जाएंगे

#### जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक प्रत्येक पंचायत में शिविर में योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे. पंचायत शिविर में योग्य लाभुक को आवेदन देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, हुसैनाबाद व छतरपुर विधायक के प्रतिनिधि, डीएसओ समेत अन्य ने टाउन हॉल परिसर से जागरुकता रथ को हरी झंडा दिखाकर रवाना किया. जागरुकता रथ के माध्यम से जिले के सभी पंचायत एवं गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा.

## छठ घाटों पर व्यवस्था को लेकर अधिशासी निदेशक से मिले अमित

**संवाददाता। बोकारो**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित शहर के छठ घाटों पर व्रतियों के लिए समुचित व्यवस्था सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (कार्मिक और प्रशासन) राजन कुमार से उनके एडीएम बिल्डिंग कार्यालय में गुरुवार को मिले. उन्होंने समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की. कुमार अमित ने छठ पूजा में घाटों के जलाशयों में डैम से समय पूरे पर्याप्त पानी छोड़ने, स्वच्छता, अधिक संख्या में व्रतियों के कपड़ा बादलों हेतु चेंजिग रूम, लाइट, आकस्मिक चिकित्सा, गर्गा नदी स्थित बियाडा, चेकपोस्ट, गर्गा डैम आदि के घाटों पर छाई डलवाने आदि की समुचित व्यवस्था युद्ध स्तर करने की मांग की. इसके अलावे नरकरा सहित अन्य पंचायतो में आने वाले पुर्नवास क्षेत्र में सरकारी विकास योजनाओं के लिए सेल से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की वाध्यता समाप्त करने, सेल में ठेका पर स्वच्छता का काम कर रहे सभी सफ़ाई कर्मचारियों को आवास आवंटन करने, शहर फल, सब्ज़ी-दूध विक्रेताओं और फुटपाथ दूकानदारों को लाइसेंस देकर स्ट्रीट वेंडर अधिनियम के तहत व्यवस्थित करवाने, दुन्दीबाद सहित कई सेक्टर के जर्जर सड़कों की मरम्मत करने, उत्तरी विस्थापित क्षेत्र में सामुदायिक अस्पताल की व्यवस्था करने, बोकारो जेनरल अस्पताल में बंद पड़े मशीनों को ठीक करने के अलावर अन्य मांग शामिल हैं.

## सदाबहार हरे-भरे जंगलों से घिरे पर्वत श्रेणियों की तलहटी पर प्रकृति की अनमोल सुंदरता लिए चर्चित है पालना डैम

# मनमोहक टूरिस्ट स्पॉट बनेगा चांडिल का पालना डैम

दिलीप कुमार। चांडिल



सदाबहार हरे-भरे जंगलों से घिरे पर्वत श्रेणियों की तलहटी पर प्रकृति की अनमोल सुंदरता लिए अवस्थित है पालना डैम. कुदरत ने पहाड़ी वादियों के सौंदर्य और पालना डैम को अपनी अनुपम चित्रकला से उकेरा है. पालना डैम की हसीन वादियां बरबस ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं. सरकार की ओर से पालना डैम को अनुपम और मनमोहक पर्यटन स्थल बनाने के लिए कवायद शुरू किया गया है. पालना डैम में जलक्रीड़ा संचालन के लिए जल संसाधन विभाग की ओर से पर्यटन निदेशालय को कई प्रस्ताव भेजा गया है. भेजे गए प्रस्ताव में चार और दो सीटर का दो-दो मोटर वोट, दो, चार और छह सीटर का दो-दो पैडल वोट, दो कयाक, 50 गुणा 50 फीट का जेटी और 50 लाइफ जैकेट शामिल है. यहां इको टूरिज्म को लेकर भी विचार किया जा रहा है.

पालना डैम कुछ वर्ष पहले तक अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक था. नवंबर से लेकर मार्च माह तक सैलानी आते थे. अब यह रमणीक स्थल सरकारी उदासीनता और नक्सली खौफ का शिकार हो चुका है. हरी-भरी वादियों के बीच बसा यह डैम फिलहाल अपनी बर्बादी की दास्तां सुना रहा है. इसे फिर से आबाद करने के लिए विभाग अब काम कर रही है. पालना डैम में पर्यटकों के सुविधा के लिए गेस्ट हाउस का निर्माण किया जाना है. गेस्ट हाउस के निर्माण के लिए विभाग की ओर से से 69 लाख, नौ हजार, तीन सौ रुपये का प्राक्कलन तैयार कर अनुमोदन के लिए भेजा गया है.

### बदलेगी सूरत

- डैम में जलक्रीड़ा संचालन के लिए भेजा गया है प्रस्ताव
- प्रस्ताव में चार व दो सीटर का दो-दो मोटर का वोट है

### कार्यों में गुणवत्ता पर ध्यान देने की है जरूरत

पालना डैम का उद्घाटन 14 जनवरी 1983 को संयुक्त बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा ने किया था. पहले पालना डैम आने वाले पर्यटकों को पहाड़ों की हरियाली रोमांचित करता था, लेकिन सुविधाओं के अभाव के कारण पर्यटकों का आना अब बंद हो गया है. जल संसाधन विभाग पालना डैम को बेहतरीन पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में सक्रियता दिखा रहा है. लेकिन इसकी रौनक दोबारा वापस लाने के लिए किए जाने वाले कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. ग्रामीणों का आरोप है कि पालना डैम में बनाए गए सड़क के निर्माण में अनियमितता बरती गई है. सड़क के निर्माण में अनियमितता बरते जाने और कम गुणवत्ता होने के मामले पर पालना के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बैठक कर इसकी शिकायत भी कर चुके हैं. वहीं डैम क्षेत्र में लाइट लगा दिया गया है, लेकिन टांसफार्मर अबतक नहीं लगाया गया है. जिसके कारण शाम ढलने के बाद पूरे क्षेत्र में अंधेरा रहता है.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- संयुक्त राष्ट्र में स्थाई सदस्यों की संख्या कितनी है – 5
- आम का वैज्ञानिक नाम क्या है – मैग्नीफेरा इंडिका
- लोकसभा में किस आधार पर सीटें बांटी जाती हैं – जनसंख्या
- किस बीमारी के इलाज के लिए संकल्प प्रोजेक्ट बनाया गया था – एचआईवी
- बहमनी सल्तनत के संस्थापक कौन थे – अलाउद्दीन बहमन शाह
- भारत के किस पड़ोसी देश ने टिकटॉक पर बैन लगाया है – नेपाल
- एक मनुष्य को प्रतिदिन कितनी मात्रा में आयोडीन की आवश्यकता होती है – 80 ग्राम
- नंद वंश के संस्थापक कौन थे – महापदम नंद
- खून में प्रोटीन की मात्रा कितनी होती है – आठ प्रतिशत

## ब्रीफ खबरें

### मधुमक्खी के हमले में ग्रामीण हुआ घायल

**जमशेदपुर ।** मधुमक्खी के हमले में सारंडा के राजाबेड़ा गांव निवासी जोमलो चाम्पिया गंभीर रुप से घायल हो गया. घटना के बाबत जोमलो ने बताया की वह पास के जंगल में वनोत्पाद लाने गया था. जिस जंगल में वह था वहीं एक पेड़ पर मधुमक्खी ने अपना छत्ता लगाया हुआ था. मधुमक्खी के छत्ता में बाज या किसी अन्य पक्षी ने छेड़ा. इसके बाद मधुमक्खी उग्र होकर उसपर हमला कर दिया. मधुमक्खी उसे आंख व शरीर के विभिन्न हिस्सों में अपना डंक गडा.दिया. जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया. घायल जोमलो को इलाज के लिए अस्पताल भेजने का प्रयास ग्रामीण कर रहे हैं.

### प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन

**लातेहार ।** शिक्षा विभाग का प्रखंड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण कार्य के बाद प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में हुई. जनसुनवाई में 36 विद्यालयों के सामाजिक अंकेक्षण की प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई हुई. जनसुनवाई में सामाजिक अंकेक्षण के अखिलेश श्रीवास्तव, दिलीप पाठक, विजय रवि, सुधीर पांडेय व धीरेंद्र सिंह शामिल थे. जनसुनवाई में विद्यालय में प्रधानमंत्री पोषण योजना एवं समग्र शिक्षा अभियान का मामला उठाया गया. बताया कि कई विद्यालयों में पानी व बर्तन की व्यवस्था नहीं है. अंकेक्षण में कोरोना काल में 209 दिन का पोषण योजना के तहत राशि छात्रों के खाता में भेजे जाने का रिकॉर्ड नहीं पाया गया. समग्र शिक्षा अभियान के 98 बिंदुओं पर जांच की गई. कार्यक्रम में शपथ भी ली गयी.

### विहिप बजरंग दल जिला महामंत्री ने बांटे कद्दू

**सिंदरी ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला महामंत्री विकास गिरी उर्फ सोनू गिरी के नेतृत्व में सिंदरी के कुंवर सिंह चौक पर गुरुवार को लगभग सात सौ कद्दू वितरण किया गया. उन्होंने बताया कि चार दिनी लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत को देखते हुए कद्दू वितरण किया जा रहा है. यह प्रयास लगातार दूसरे वर्ष भी जारी रहा. महिलाओं ने इसके लिए पूरे बजरंग दल को धन्यवाद दिया है. कद्दू वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास गिरी उर्फ सोनू गिरी, रंजीत निषाद, रॉनी सिंह, सिंटू सिंह, अमित गिरी, सोनू सिंह, विक्की सिंह, गोलू, अमन ठाकुर, विवेक कुमार, देव कुमार, दीपक कुमार सहित कई अन्य विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद थे.

### टाटानगर एआरएम हर्षित उरांव की विदाई

**जमशेदपुर ।** टाटानगर एआरएम हर्षित उरांव का स्थानांतरण चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा हो गया है. वह गुरुवार को एरिया मैनेजर वन अभिषेक सिंघल को प्रभार सौंप कर इस्पात एक्सप्रेस से बंडामुंडा रवाना हो गए. इससे पहले टाटानगर के रेल अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी. इसके लिए स्टेशन निदेशक के चैंबर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था. यहां सभी ने उन्हें पुष्प गुच्छ व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया. एआरएम हर्षित उरांव को जुलाई 2022 में पदोन्नति देकर टाटानगर भेजा गया था. वे इससे पहले एसीएम के पद पर तैनात थे. 30 नवंबर 2022 को उन्होंने टाटानगर एआरएम का पद संभाला था. टाटानगर में एक वर्ष तक कार्यरत रहने के बाद तबादला बंडामुंडा कर दिया गया.

## निरसा में प्रतिदिन हो रही है हजारों टन कोयले की तस्करी

# कोयला तस्करी फिर शुरू

संवाददाता। धनबाद



निरसा में एक बार फिर कोयला का अवैध कारोबार डंके की चोट पर शुरू हो गया है. कोयले के अवैध कारोबार पर सख्ती का मुख्यमंत्री एवं डीजीपी तक के आदेश को निरसा के तस्कर ठेंगा दिखा रहे हैं. प्रतिदिन हजारों टन कोयले की तस्करी की जा रही है. ग्रामीण एसपी कुलदीप चौधरी ने पिछले शुक्रवार को निरसा के अवैध उत्खनन क्षेत्रों का दौरा कर कोयला चोरी पर लगाम लगाने का निर्देश देते हुए सभी उत्खनन स्थलों की डोजरिंग कराने का निर्देश दिया था . एसपी के इस निर्देश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई. इसके साथ ही कोयले चोरी में और बढ़ोतरी हो गई. सभी तस्कर ने अपने अपने क्षेत्र बांट कर खुलेआम कोयले का अवैध कारोबार कर रहे हैं. इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने में न ही स्थानीय प्रशासन को कोई दिलचस्पी है न ही ईसीएल प्रबंधन को.

जानकारी के अनुसार ईसीएल अधिकारी से लेकर स्थानीय प्रशासन तक की मिलीभगत से कोयले का अवैध कारोबार चरम पर है. स्थानीय सूत्रों के अनुसार कालीमाटी में रमेश गोप प्रतिदिन करीब 10 ट्रक कोयले की तस्करी कर रहा है. वहीं कालू बथान से रामशंकर सिंह 15 से 20 ट्रक अवैध कोयले कि तस्करी कर रहा है.

मुगमा में राम प्रताप के भट्ठे को अवैध कारोबार के लिए उज्ज्वल दास द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है. उज्ज्वल दास द्वारा प्रतिदिन करीब 10 ट्रक कोयला निकाला जा रहा है. पंचेत के जामदही में राजू राय द्वारा 15 से 20 ट्रक कोयला प्रतिदिन भेजा रहा है. वहीं मैथन से योगेंद्र राय 10 से 15 ट्रक कोयला भेज रहा है. निरसा के चुडुईनाला से रमेश गोप द्वारा 3 से 4 ट्रक कोयला निकाला जा रहा है.

**प्रतिदिन हो रहा लाखों का कारोबार :** निरसा के विभिन्न क्षेत्रों में कोकिंग एवं नॉन कोकिंग दोनों किस्म के कोयले निकाले जाते हैं. वर्तमान में कोकिंग कोल 9 हजार रुपये प्रति टन तो नॉन कोकिंग कोल 7 हजार रुपये प्रति टन की दर से बेचा जा रहा है. बता दें कि तस्कर एक ट्रक में 40 टन कोयला भेजते हैं. एक ट्रक की कीमत दो लाख अस्सी हजार से लेकर तीन लाख 60 हजार रुपये होती है. दस ट्रक के अवैध कारोबार से प्रतिदिन यह कारोबार लाखों का हो जा रहा है. इस तरह ईसीएल को प्रतिदिन लाखों का चूना लगाया जा रहा है.

### तस्कर सक्रिय

- ईसीएल अधिकारियों की भी है इसमें मिलीभगत
- कालीमाटी में रमेश गोप कर रहा है कोयले की तस्करी
- सभी तस्कर अपने क्षेत्र बांट कर कारोबार कर रहे हैं

### कोयला चोरी पर एसएसपी से करेंगे बातः लखी सोरेन



चूंकि हेमंत सरकार का सख्त निर्देश है कि किसी भी सूरत में कोयला चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. झामुमो के जिलाध्यक्ष से इस मामले पर उनका पक्ष जानने के लिए जब उनसे संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि कोयला चोरी की जानकारी नहीं है. जानकारी लेकर एसएसपी से बात करेंगे एवं इसे रोकने के लिए आवाज उठाएंगे. कहा कि राष्ट्रीय संपत्ति की चोरी झामुमो बर्दास्त नहीं करेगी. कोयला चोरों के खिलाफ कड़ी कारवाई होनी चाहिए, ताकि कोयले की अवैध कारोबार पर लगाम लग सके. इसके साथ ही उन्होंने कोयला चोरी में लिप्त राजू राय के बारे में जानकारी लेनी चाही कि वह कहां का रहने वाला है और किस जगह से कोयला चोरी करवा रहा है.

# जीएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण

संवाददाता । धनबाद



अपने दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने गुरुवार को रेलवे कालोनियों, छठ तालाब तथा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया. उन्होंने रेलवे स्टेशन पर सफाई, यात्री सुविधा तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली. खंडेलवाल ने बताया की छठ को लेकर कई स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है. सिर्फ धनबाद रेल मंडल से 18 ट्रेन गुजर रही है. इसका यात्रियों को फायदा हो रहा है.

साथ ही हमलोग भीड़ के अनुसार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी जोड़ रहे हैं. आरपीएफ, जीआरपी भी मुस्तैदी से अपना काम कर रही है. धनबाद से दिल्ली के लिए अभी सीधी ट्रेन की आवश्यकता नहीं है, जरूरत पड़ने पर हमलोग विचार करेंगे. महाप्रबंधक ने कहा धनबाद हमारा नंबर वन डिविजन है. यहां अच्छा काम हो रहा है. सफाई और कुछ अन्य कार्यों में थोड़ी बहुत त्रुटिया मिली है, सुधार के निर्देश दिए गए हैं. वहीं डीआरएम कार्यालय में एडीआरएम विनीत कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया की बुधवार को बिहार में ट्रेन में हुए विस्फोट से धनबाद रेल मंडल की ट्रेनों पर कोई असर नहीं है. लेकिन यात्रियों को खुद से जागरूक होने की जरूरत है. यात्रा के दौरान ट्रेन में बीड़ी, सिगरेट, पटाखा साथ न ले जाए. प्लेटफार्म या ट्रेन में किसी भी संदिग्ध वस्तु की सूचना मिलने पर हेल्फ लाइन नंबर पर कॉल करें. इससे पहले जीएम विशेष सैलून से पाथरडीह रेलवे स्टेशन पहुंचे निरीक्षण किये.

### परियोजना पदाधिकारी के साथ यूनियन की हुई वार्ता

**तेतुलामारी ।** बीसीसीएल ईस्ट बसुरिया कोलियरी प्रबंधक से गुरुवार को वार्ता हुई. बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के प्रतिनिधियों ने छः सूत्री मांगों को लेकर ईस्ट बसुरिया कोलियरी कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी निखिल बी त्रिवेदी के साथ वार्ता किया. बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के ईस्ट बसुरिया शाखा अध्यक्ष दुलाल चंद्र बाउरी, शाखा सचिव भोला चौहान के साथ क्षेत्रीय सचिव हरी प्रसाद पप्पू ने प्रबंधन से मजदूरों से संबंधित समस्या को रखा. जिसमें एरियर भुगतान करने, मजदूरों का मेडिकल कटौती के बावजूद प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किए जाने के साथ दो फीसदी पेंशन कटौती कर सीएमपीएफ में जमा करने के साथ बसुरिया कोलियरी में मजदूरों के लिए शेड निर्माण से लेकर सुरक्षा प्रहरियों की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग रखी.

## केटीएमपीएल ने किया सेल टासरा प्रोजेक्ट में भूमि पूजन

**सिंदरी ।** सेल टासरा प्रोजेक्ट की 28 वर्ष के लिए खनन परियोजना मेगा प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए भूमि पूजन किया गया. पावरमैक की अनुषंगिक ईकाई कल्याणेश्वरी टासरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (केटीएमपीएल) के सीएमडी किशोर बाबू और उनकी धर्मपत्नी ने टासरा प्रोजेक्ट का भूमिपूजन किया.

इस अवसर पर सेल चासनाला ईडी अरुण कुमार, महाप्रबंधक तरुण कुमार राय सहित पावरमैक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण कोटा, केटीएमपीएल निदेशक टी रमेश भी मौजूद थे. वहीं टासरा और रोहड़ाबांध के कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध भी किया. सेल चासनाला महाप्रबंधक तरुण कुमार राय ने बताया कि आगामी 28 वर्षों के लिए मेगा प्रोजेक्ट की शुरुआत की जा रही है. यह प्रोजेक्ट लगभग 96 मिलियन टन कोयला खनन करने की संभावना जता रही है. वहीं खनन से पहले जनसुनवाई की मांग कर रहे जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) के कार्यकर्ताओं ने प्रबंधन के अधिकारियों से वार्ता की. वार्ता के बाद सेल प्रबंधक पंकज मंडल ने कहा कि महापर्व छठ पूजा के बाद इस ओर संघ के साथ बैठक की जाएगी और हर पहलू पर वार्ता होगी. उन्होंने कहा कि अवैध कोयला खनन पर विराम लगा दिया जाएगा.

## छठ घाटों की साफ-सफाई में जुटे रंका अनुमंडल के लोग



संवाददाता। गढ़वा

छठ पूजा को लेकर घाटों की सफाई और रास्तों को सुगम बनाने का काम किया जा रहा है. सामाजिक संस्थाएं और ग्रामीण स्वेच्छा से श्रमदान कर घाटों को साफ और रास्तों को सुगम बनाने में जुटे हैं. इस दौरान रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित रंका थाना मोड़, गिदीयाही नदी छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी जेसीबी से छठ घाट और रास्तों को साफ किया. छठ पूजा घाट पर समुचित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भाजपा युवा अध्यक्ष रंका उत्तरी भाग के संतोष चंद्रवंशी, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार प्रसाद, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र पासवान, सचिव पिंटू कुमार, उप सचिव छोटू कुमार, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार, सदस्य संतोष प्रसाद, प्रमोद कुमार पासवान, विकास पासवान, रवि पासवान, राजन कुमार, लल्लू कुमार, प्रमोद कुमार एवं समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार सहित छठ पूजा समिति थाना मोड़ के संरक्षक श्याम सुन्दर प्रसाद, रमेश प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद व विश्वनाथ का योगदान रहा.

### ऑपरेशन जनजागरण व आहट के तहत चला जागरुकता कार्यक्रम

**बोकारो।** आरपीएफ बोकारो की देखरेख में आरपीएफ पोस्ट बोकारो के आईपीएफ बोकारो अधिकारियों और कर्मचारियों ने ज्वलनशील और विस्फोटक सामान, गैस सिलेंडर, पटाखे आदि ले जाने के खिलाफ बोकारो रेलवे स्टेशन, पीएफ और ट्रेनों में बड़े पैमाने पर सुरक्षा अभियान सह जांच की. इस दौरान ऑपरेशन जन जागरण एवं राहत के तहत जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया. इस कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को उनकी सुरक्षा और यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं न ले जाने के बारे में जागरूक किया गया. इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ पोस्ट कमांडर राजकुमार साव ने बताया कि इस दौरान लगभग चार घंटे तक चले विशेष अभियान में स्टेशन से गुजरनेवाली सभी ट्रेनों में जाकर यात्रियों को जागरूक किया गया.

# दिघी गांव में भी गहराया जल संकट

संवाददाता । चाकुलिया



चाकुलिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 स्थित आदिवासी बहुल दिघी गांव में नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही से जल संकट गहरा गया है. स्थिति यह है कि यहां के अधिकांश चापाकल खराब हैं. इनकी मरम्मत नहीं हो रही है. आंगनबाड़ी के पास निर्मित चापाकल भी खराब है. आधा घंटा हैंडल चलाने के बाद पानी निकलता है.

जानकारी हो कि चाकुलिया-माटिहाना मुख्य सड़क से सटे इस गांव में पाइप लाइन से जलापूर्ति नहीं होती है. जबकि पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है. यहां लगाए गए अधिकांश चापाकल खराब हो गए हैं. ग्रामीण कुएं के भरोसे हैं. ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बावजूद भी नगर पंचायत प्रशासन खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए पहल नहीं कर रहा है. आंगनबाड़ी केंद्र का चापाकल खराब होने के कारण बच्चों को पेयजल के लिए परेशानियां उठानी पड़ रही है. इस आंगनबाड़ी केंद्र में 25 बच्चे नामांकित हैं. सहायिका जोबा मुर्मू ने बताया कि आधा घंटा तक चापाकल का हैंडल चलाने के बाद पानी निकलता है.

चापाकल की मरम्मत नहीं की जा रही है. दिघी गांव निवासी पूर्व वार्ड पार्षद रायसेन सोरेन ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन को चापाकलों की मरम्मत के लिए कई बार सूचना दी गई. मगर मरम्मत के लिए पहल नहीं की गई है.

### सड़क पर रोज बह रहा सैकड़ों लीटर पानी



सड़क पर बहता पानी.

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के छोटा गोविंदपुर में एक पाइप लिकेज हो जाने के कारण से रोजाना सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बह रहा है. विभाग को इसकी शिकायत दो महीने से की जा रही है, लेकिन अभी तक मरम्मत नहीं करवायी गयी है. गोविंदपुर विकास समिति के अध्यक्ष रमन झा ने इस संबंध में बताया कि ट्यूब क्लब तीन तल्ला शिव मंदिर के पास एक पाइप लिकेज के कारण प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बह रहा है. विभाग के मोबाइल नंबर 9102923810 पर फोन कर कई बार शिकायत की गई, लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है. मरम्मत नहीं हुई है. उन्होंने कहा कि इससे पानी की बर्बादी तो हो ही रही है. साथ में सड़क पर बहते पानी से लोगों के पैदल आने जाने में भी परेशानी हो रही है. इससे लोग नाराज हैं.

## मांग सीजीपीसी के प्रतिनिधिमंडल ने टाटानगर स्टेशन के निदेशक को डीआरएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# जलियांवाला बाग ट्रेन रद्द करने का सिख समाज ने किया विरोध

संवाददाता। जमशेदपुर



निदेशक को ज्ञापन सौंपते सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य .

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को टाटानगर स्टेशन के निदेशक रघुवंश कुमार को डीआरएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा. इसके जरिए टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस रोजाना चलाने और कुहासा के कारण रद्द किये गए जलियांवाला बाग एक्सप्रेस का परिचालन जारी रखने की मांग की गई. मांग पत्र में कहा गया है कि टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस टाटानगर से केवल तीन दिन चलती है. इस कारण टाटा से पंजाब और पंजाब से टाटा एवं अन्य स्थानों पर आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. वहीं, टाटानगर से अमृतसर जाने वाली जलियांवाला बाग एक्सप्रेस को कुहासा का बहाना बनाकर रेलवे द्वारा 4 दिसंबर से लेकर 1 मार्च 2024 तक रद्द कर दिया गया है. इससे सिख समाज के लोगों में भारी आक्रोश है. पूर्व में भी इन दोनों ट्रेनों के नियमित परिचालन की मांग की गई थी. उस समय भी सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन मिला था. लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी अब तक इन ट्रेनों का नियमित परिचालन प्रारंभ नहीं हो सका है.

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इन मांगों पर जल्द से जल्द विचार करने की मांग की है. साथ ही कहा है कि रेल मंत्रालय द्वारा जलियांवाला बाग पर लिए गए इस निर्णय को एक सप्ताह के अंदर तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए, अन्यथा मजबूर होकर जमशेदपुर के नागरिक एवं समूह साध संगत टाटानगर रेलवे स्टेशन पर धरना-प्रदर्शन एवं रेल चक्का जाम करेंगे. इस दौरान अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी. बता दें कि जम्मूतवी एक्सप्रेस टाटानगर से सप्ताह में तीन दिन और जलियांवाला बाग एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन चलती है. इस मामले पर स्टेशन निदेशक ने कहा कि इनकी मांगों से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, जल्द ही इस पर कोई निर्णय आ जाएगा.

### करें विचार

- टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस को रोजाना चलाने की मांग की
- जलियांवाला बाग ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलती है
- टाटा-जम्मूतवी टाटानगर से तीन दिन ही चलती है

## समाधान दिवस में गायब रहे निगम कर्मी और पदाधिकारी



संवाददाता। धनबाद

चार महीने पहले तत्कालीन नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार के आदेश पर समाधान दिवस की शुरुआत हुई थी. प्रत्येक गुरुवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित नगर निगम कार्यालय में टैक्स से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है. समाधान दिवस में होल्डिंग टैक्स, वाटर टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस से जुड़े मामलों का निपटारा होना है. इस मौके पर राजस्व शाखा से संबंधित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उपस्थित रहने की अनिवार्यता है. वहीं आदेश के विपरीत समाधान दिवस में इस गुरुवार निगम के राजस्व शाखा के एक भी पदाधिकारी या कर्मी नजर नहीं आये. लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निगम तो आये पर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई भी निगम कर्मी मौजूद नहीं हैं. जिससे समाधान दिवस की आस में निगम कार्यालय आये लोगों की मायूसी हाथ लगी.

## ब्रीफ खबरें

### खूंटी : मुरहू में बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

**खूंटी ।** मुरहू थानांतर्गत जाते गांव के समीप गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान मुरहू के इंदीपीड़ी गांव निवासी रंजीत हुन्नी पूर्ति (33) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार रंजीत रांची में मजदूरी का काम करता था. दीपावली में वह अपने घर आया था.

### बाइक दुर्घटनाग्रस्त, अज्ञात युवक घायल

**घाटशिला ।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के जयरामडी के समीप एनएच 18 फोरलेन पर गुरुवार को बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इससे बाइक सवार युवक घायल हो गया. उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है. स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अनुमंडल अस्पताल लाया गया. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक मोगली मुर्मू ने नाजुक स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया. बताया जा रहा है कि बाइक पर अकेले सवार होने के कारण उनके परिजन का पता नहीं चल पा रहा है.

### प्रवासी मजदूर की चेन्नई में हुई मौत

**डूमरी (गिरिडीह) ।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जामताड़ा निवासी स्व रामेश्वर महतो के पुत्र संतोष कुमार महतो की चेन्नई में गुरुवार की सुबह मौत हो गई. इसकी सूचना मिलते ही यहां स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है. संतोष चेन्नई में कृष्णा पॉवर नामक कंपनी में पॉवर ग्रीड का काम कर रहा था. उनकी पत्नी सावित्री देवी, पुत्र प्रेम और राहुल एवं अन्य सदस्यों के बीच मातम छा गया है. सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने कहा कि सरकार मजदूर हित में कोई पहल नहीं कर रही है.

### मछली पकड़ने गए युवक की करंट से मौत

**बोकारो ।** बोकारो जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के सदमा कला गांव में तालाब में मछली पकड़ने गए युवक की बिजली तार की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. मृत युवक की पहचान सदमा कला निवासी हीरू कमार के 32 वर्षीय पुत्र रामू कमार के रूप में हुई. घटना गुरुवार दोपहर की है. जानकारी के अनुसार, रामू कुमार अपने गांव के ही तालाब में मछली पकड़ने गया था. इस बीच तालाब से खेत में पानी ले जाने के लिए अवैध रूप से खींचे गए तार के संपर्क में आ गया.

### स्टेशन से अवैध शराब के साथ युवक धराया

**बोकारो ।** आरपीएफ व सीपीडीएस ने बोकारो रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक को 27 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ बोकारो पोस्ट के कमांडर राजकुमार साव ने बताया कि यु वक ट्रॉली बैग में शराब भरकर स्टेशन परिसर में घूम रहा था. टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया. प्रियांशु कुमार उर्फ गोलू कुमार नामक यह युवक पटना जिले के राजीव नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है.

### युवक ने फंदे से झूल कर की खुदकुशी

**खूंटी ।** सदर थाना अंतर्गत सिलादोन गांव निवासी लखन महतो के पुत्र राजेश महतो (18) ने अपने घर में ही रस्सी के फंदे से झूलकर खुदकुशी कर ली. गुरुवार सुबह स्वजनों की नजर जब फंदे से झूल रहे राजेश पर पड़ी, तो आनन-फानन उसे फंदे से नीचे उतारा गया, लेकिन तब-तक उसकी मौत हो गई थी. बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया.

### सवारी बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**जमशेदपुर ।** मानगो थाना अंतर्गत मानगो चौक के पास एक सवारी बस ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया. इस घटना में बाइक सवार व्यक्ति और एक छात्र घायल हो गए. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बस को रोक दिया और हंगामा करने लगे. थोड़ी देर के लिए मौके पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई. इधर, मानगो थाना की पुलिस ने बस को जब्त किया पर थोड़ी देर बाद बस को छोड़ दिया गया. छात्र का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया.

---

झारखंड में फिर से बढ़ी संगठित आपराधिक गिरोह की सक्रियता

# तीन आपराधिक गिरोह पुलिस के लिए बने सिरदर्द

संवाददाता । रांची

झारखंड में एक बार फिर से संगठित अपराधी गिरोह की सक्रियता बढ़ गई है. पिछले दो महीने के दौरान राज्य में सक्रिय अलग-अलग संगठित अपराधी गिरोह की सक्रियता काफी कम हो गई थी. हालांकि वर्तमान में अलग-अलग अपराधी गिरोह के द्वारा रंगदारी वसूली के लिए गोलीबारी और हत्या जैसी घटनाओं का अंजाम दिया जा रहा है. लेकिन वर्तमान समय की बात की जाए तो तीन ही आपराधिक गिरोह पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं. ये आपराधिक गिरोह माओवादी और उग्रवादी संगठन की तरह घटना को अंजाम देने के बाद जिम्मेवारी भी ले रहा है.

### ये गिरोह हैं सक्रिय

अखिलेश सिंह : जमशेदपुर
अमन साहू गिरोह : रांची, लातेहार, रामगढ़ और हजारीबाग.
अमन सिंह गिरोह : धनबाद, बोकारो.
अमन श्रीवास्तव गिरोह : रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार.
प्रिंस खान : धनबाद.
विकास तिवारी गिरोह : रामगढ़ और हजारीबाग.
सुजीत सिन्हा गिरोह : लातेहार और पलामू.
डब्लू सिंह : पलामू

**आपराधिक गिरोह में अहम भूमिका निभा रहे हैं बिहार, छत्तीसगढ़ व बंगाल के अपराधी :** झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह में बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल के 28 अपराधी अहम भूमिका निभा रहे हैं. ये सभी अपराधी अखिलेश सिंह, अमन साहू, अमन सिंह, प्रिंस खान, अमन श्रीवास्तव और भोला पांडेय गिरोह से जुड़े हुए हैं. इनमें से सबसे अधिक अमन साहू और अखिलेश सिंह गिरोह में दूसरे राज्य के अपराधी जुड़े हुए हैं. इसके अलावा झारखंड में पश्चिम बंगाल के 74, ओडिशा के 10 और बिहार के 153 अपराधी वांछित हैं.

- **07 नवंबर 2023 :** अपराधियों ने शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन के निर्माण कार्य में लगी धनगड्डा-रक्सी गांव स्थित मिलेनियम कंस्ट्रक्शन कंपनी की साइट पर एक व्यक्ति को गोली मार दी.
- **08 नवंबर 2023 :** अमन साहू गिरोह के मयंक ने सिंह ने पलामू जेल सुपरिटेंडेंट को धमकी दी.
- **14 नवंबर 2023 :** धनबाद के हीरापुर पार्क मार्केट के एक व्यवसायी को गैंगस्टर प्रिंस खान ने फोन कर 30 लाख की रंगदारी मांगी है. रंगदारी नहीं देने पर खोपड़ी खोल देने की धमकी दी थी.
- **14 नवंबर 2023 :** लातेहार के बुकरु में थर्ड रेललाइन निर्माण में लगी कंपनी के हाइवा पर गोलीबारी हुई थी. जिसकी जिम्मेवारी अमन साहू गैंग के मयंक ने ली थी.
- **13 नवंबर 2023 :** रामगढ़-हजारीबाग सीमावर्ती क्षेत्र गिद्दी ए साइडिंग में कोयला ट्रांसपोर्टिंग कंपनी लगी जेआरएल कंपनी के कर्मचारी के साथ जेल में बंद अपराधी विकास तिवारी के नाम पर अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा मारपीट की गई और पिस्टल दिखाकर जान मारने की धमकी दी.

---

आओ जानें

### प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के लिए किस जिले के लिए कितनी राशि स्वीकृत की गई

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची | : 08 लाख | साहेबगंज | : 24 लाख |
| खूंटी | : 04 लाख | पाकुड | : 16 लाख |
| लोहरदगा | : 04 लाख | गोड्डा | : 08 लाख |
| गुमला | : 08 लाख | देवघर | : 08 लाख |
| सिमडेगा | : 08 लाख | हजारीबाग | : 16 लाख |
| लातेहार | : 04 लाख | रामगढ़ | : 04 लाख |
| पलामू | : 08 लाख | चतरा | : 20 लाख |
| गढ़वा | : 08 लाख | कोडरमा | : 32 लाख |
| चाईबासा | : 12 लाख | गिरिडीह | : 20 लाख |
| सराइकेला | : 20 लाख | धनबाद | : 40 लाख |
| जमशेदपुर | : 04 लाख | बोकारो | : 08 लाख |
| दुमका | : 08 लाख | कुल : 2 .96 करोड़ | |
| जामताड़ा | : 04 लाख | | |

---

खुदगड्डा ग्राम में एक तालाब की साफ-सफाई के दौरान हादसा

# जेसीबी के बकेट से युवक को सिर में लगी चोट, मौत

संवाददाता । बेरमो

गोमिया प्रखंड के हजारी पंचायत अंतर्गत खुदगड्डा ग्राम में एक तालाब की साफ-सफाई के दौरान हादसा हो गया. इस हादसे में एक युवक की मौत हो गयी. युवक की पहचान अजय कुमार प्रजापति (35 वर्षीय) के रूप में हुई है. घटना के बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया.

मौके पर मौजूद संस्था के सदस्यों ने युवक को आनन-फानन में अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया. घटना की सूचना पाकर गोमिया पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है.

**जेसीबी का बकेट अचानक घूमने से हुआ हादसा :** बताया जाता है कि बोकारो के एक संस्था द्वारा खुदगड्डा ग्राम स्थित एक तालाब की जेसीबी मशीन से साफ-सफाई की जा रही थी. इस दौरान जेसीबी का बकेट अचानक घूम गया और बगल में खड़ा युवक उसकी चपेट में आ गया. बकेट से चोट लगने के कारण वह वहीं पर गिर गया. वहां मौजूद संस्था के सदस्यों व अन्य व्यक्ति उसे कार से अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी. घटना की खबर सुनकर आसपास के सैकड़ों लोग पहुंच गये. हजारी पंचायत के मुखिया तारामणि देवी, पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान, उप मुखिया सहित अन्य लोगों ने मृतक परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की.

घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों लोग पहुंचे घटनास्थल पर



### परसुडीह में युवती से सामूहिक दुष्कर्म की एसएसपी से शिकायत

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के परसुडीह थाना अंतर्गत कीताडीह निवासी एक युवती से सामूहिक बलात्कार का मामला प्रकाश में आया है. मामले में पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई नहीं करने पर पीड़ित परिवार ने एसएसपी से मामले की लिखित शिकायत की है. पीड़ित के परिजनों ने बताया कि वे लोग कीताडीह के रहने वाले हैं. बुधवार शाम उनकी बेटी अपने प्रेमी के साथ निकली थी. इसी बीच फिरोज और अली नामक युवक ने बेटी और उसके प्रेमी के साथ मारपीट की और पास ही आलू गोदाम में ले गए जहां उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया. इसकी शिकायत जब थाना में की गई तो थाना प्रभारी ने सभी आरोपियों को थाना बुलाया और फिर छोड़ दिया. इधर, आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है.

# अनियंत्रित स्कॉर्पियो नदी में गिरी, 3 युवक घायल, भर्ती

- स्कॉर्पियो में 6 युवक सवार थे, हादसे के बाद तीन फरार हो गए

संवाददाता । आदित्यपुर



आदित्यपुर के मांझी टोला में एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर नदी में गिर गयी. जिससे स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी. वहीं इस घटना में कार में सवार 3 संदिग्ध युवक घायल हो गये. आदित्यपुर पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है. जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो चालक नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था. इसलिए यह हादसा हुआ. बताया जाता है कि स्कॉर्पियो में 6 युवक सवार थे. लेकिन घटना के बाद 3 युवक फरार हो गये. पुलिस को संदेह है कि सभी अपराधी किस्म के युवक थे. जिसकी पुलिस को तलाश है. पुलिस घायल युवकों के माध्यम से बाकी तीन युवकों का पता लगाने का कोशिश कर रही है.

**नशे की हालत में गाड़ी चला रहे थे युवक :** स्थानीय लोगों के अनुसार, मांझी टोला के नदी किनारे एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो बुधवार देर रात अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी. जिससे स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी. स्कॉर्पियो में 6 संदिग्ध युवक सवार थे. लोगों ने घटना की जानकारी आदित्यपुर पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया. बता दें कि मांझी टोला में अपराधी किस्म के युवकों का आना-जाना लगा रहता है.

### सड़क दुर्घटना में लातेहार के शिक्षक की हुई मौत

**लातेहार।** रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ 75 पर मनिका थाना क्षेत्र के देवबार मोड़ के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में लातेहार के एक शिक्षक मो सरफराज की मौत हो गयी. मो सरफराज पलामू जिला के सतबरवा के रहने वाले थे और लातेहार प्रखंड के नावागढ़ ग्राम के प्लस टू उच्च विद्यालय में पदस्थापित थे. जानकारी के अनुसार दीपावली की छुट्टियों में सरफराज अपने घर गये थे. गुरुवार को वे बाइक से लातेहार वापस लौट रहे थे. इसी दौरान देवबार मोड़ के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को धक्का मार दी. इस दुर्घटना में वे बुरी तरह घायल हो गये. मौके पर वहां से गुजर रहे सामाजिक कार्यकर्ता मो अख्तर ने उन्हें अपनी वाहन से सामुदायिक अस्पताल मनिका पहुंचाया. यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

### सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में टकराई बाइक, 1 मरा

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर में सड़क किनारे वाहनों की चपेट में आकर अक्सर कई मौतें हो चुकी है. बावजूद इसके प्रशासन की नजर इस ओर नहीं पड़ती. ताजा मामला बर्मामाइंस थाना क्षेत्र का है जहां सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना बुधवार रात 2 बजे की है. घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए तत्काल एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान प्रथम भुइयां के रुप में की गई. वह सीतारामडेरा का रहने वाला था जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक पेंटिंग का काम करता था. मिली जानकारी के अनुसार रात दो बजे दोनों एक बाइक पर सवार होकर चाय पीने के लिए टाटानगर स्टेशन जा रहे थे. बाइक प्रथम चला रहा था.

जेल में बंद अपराधी अमन साहू गिरोह का नया कारनामा

# मयंक के नाम पर पशु कारोबारी से मांगी रंगदारी

संवाददाता । रांची

जेल में बंद अपराधी अमन साहू के नाम पर पशु कारोबारी से रंगदारी की मांगी गयी है. नगड़ाटोली के रहने वाले पशु कारोबारी राणा राहुल कुमार सिंह से अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने फोन कर रंगदारी मांगी है. रंगदारी नहीं देने पर राणा राहुल कुमार सिंह और उनके परिवार के सदस्य को खत्म करने की भी धमकी दी गयी है. इस संबंध में राणा राहुल कुमार सिंह ने लालपुर थाना में रंगदारी मांगने व धमकी मिलने की प्राथमिकी दर्ज करायी है.

**फोन कर दी गयी जान से मारने की धमकी :** प्राथमिकी में बताया है कि उन्हें पहली बार धमकी वाला फोन 12 अक्टूबर को आया. उनके मोबाइल पर फोन नंबर 307—-558 से शाम के 4 बजकर 22 में कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को मयंक सिंह बताया. उसने कहा कि वह अमन साहू गिरोह से बोल रहा है.

**दोबारा फोन कर उपहार देने की धमकी दी :** मयंक सिंह ने उसी नंबर से दूसरी बार कारोबारी को 14 अक्टूबर की शाम 3.53 बजे कॉल कर धमकी दी. इस बार उसने कारोबारी को कहा कि वह उसकी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं. इसका अंजाम उन्हें भुगतना होगा. धमकी के बाद राणा राहुल सिंह ने 15 अक्टूबर को झारखंड पुलिस की वेबसाइट पर ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज करायी.

**तीन राज्यों में करते हैं सप्लाई :** राणा राहुल सिंह पशुओं का कारोबार करते हैं. वे पशुओं को पंजाब, राजस्थान, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश से खरीदने के बाद उसे मेघालय, शिलांग और दीमापुर में सप्लाई करते हैं. इधर, पुलिस को जांच-पड़ताल में जानकारी मिली कि चुटिया इलाके के दो अपराधी इस मामले में सक्रिय हैं. उसके बाद पुलिस ने नामकुम इलाके में एक ढाबे से आकाश सिंह और खली सिंह को गिरफ्तार किया.

# 71 मोबाइल के साथ 2 युवक व ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

संवाददाता । साहिबगंज

गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित पुलिस कप्तान कार्यालय में गुरुवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पुलिस कप्तान नौशाद आलम ने बताया कि तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर दर्जनों चोरी के मोबाइल के साथ दो युवक व एक ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बरहरवा की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर में कथित रूप से एक या दो लोग चोरी का मोबाइल लेकर तीनपहाड़ थाना क्षेत्र से लाया जा रहा है. इसकी सूचना मिलते ही एक राजमहल सह बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. टीम ने बाकुडी में बिना ट्रॉली वाले एक लाल रंग के ट्रैक्टर को देखा. जिस पर चालक व अन्य दो युवक बैठे हुए थे. पुलिस को देखते ही उक्त लोग भागने लगे. पुलिस ने उन्हें खदेड़ कर पकड़ लिया. पकड़े गए युवकों में तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के श्रम कल्याण बाबूपुर निवासी विजय कुमार मंडल (20), बिहार के शेखपुरा जिला अंतर्गत करन्डे थाना क्षेत्र के सियानी निवासी सुलेन्द्र नोनिया (30) एवं तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के रामपुरा निवासी ट्रैक्टर चालक सिटुन मंडल (32) शामिल थे. तलाशी के दौरान पुलिस ने विजय मंडल के पास से 36 व सुलेन्द्र के पास से 35 विभिन्न कंपनियों का एंड्रॉइड मोबाइल बरामद किया. पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि दूसरे राज्यों से मोबाइल चोरी कर लेते हैं और उन्हें पश्चिम बंगाल के मालदा व कालियाचक में बिक्री करते हैं. एसपी ने बताया कि स्वराज ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### शराब दुकान से चार लाख की चोरी, कैश लॉकर ले भागे चोर

**झरिया ।** झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ के समीप सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में मंगलवार की देर रात शटर का ताला तोड़कर कैश लॉकर उखाड़कर लगभग चार लाख नगद एवं कीमती शराब की चोरी हो गई. सूचना मिलते ही झरिया पुलिस एवं आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर कुंदन कुशल सब-इंस्पेक्टर जय हेंब्रम घटनास्थल पर पहुंच कर दुकान की जांच किए. दुकान के कर्मियों ने बताया कि बुधवार देर रात दुकान बंद कर चले गए थे. धर्मेंद्र कुमार नामक गार्ड की ड्यूटी थी. वह बिना बोले ही अपने घर स्टील गेट चला गया था. बुधवार देर रात एक शुभचिंतक ने सूचना दिया कि दुकान का शटर खुला हुआ है. सूचना मिलते ही सभी लोग पहुंचे तो देखा की दुकान का कैश काउंटर का लॉकर ही उखाड़ कर भाग गया है. जिसमें लगभग चार लाख रुपये नगद था. वहीं कीमती शराब भी चोरी हो गया है.

गोड्डा : मूर्ति विसर्जन कर लौटते समय दो गुटों में जमकर मारपीट

# जमकर चले लाठी-डंडे, 8 घायल, दारोगा का सिर फटा

- गांव में तनाव, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई अलग-अलग प्राथमिकी
- एसपी बोले-दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

संवाददाता । गोड्डा



गोड्डा नगर थाना क्षेत्र के पथरा गांव में बुधवार की देर रात मां काली की प्रतिमा विसर्जन कर घर लौटने के क्रम में दो गुटों के बीच मारपीट हो गई. दोनों ओर से जमकर तलवार व लाठी-डंडे चले. घटना में दोनों पक्षों के करीब 5 लोग घायल हो गए. वहीं, बीच-बचाव करने पहुंचे नगर थाना के दारोगा उमेश मोदी व दो चौकीदार भी घायल हो गए हैं. तनाव को देखते हुए दूसरे थानों की अतिरिक्त पुलिस बुलानी पड़ी. घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं, गंभीर रूप से घायल मनीष महतो को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया. एसपी नाथू सिंह मीणा ने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा. इस बीच दोनों पक्षों ने थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है. गांव में पुलिस कैंप कर रही है.

स्थानीय लोगों के अनुसार, पथरा गांव में स्थापित मां काली की प्रतिमा के पास तालाब में विसर्जन कर गांव के युवकों की टोली घर लौट रही थी. इस दौरान दोमुंही बाइपास रोड पर ठाकुर बस्ती रंगमंच के समीप अजय कुमार महतो, मनीष महतो और रंजन महतो बात कर थे. तभी अचानक बगल के बेलारी गांव का विरंजन यादव, उसका भाई निरंजन यादव और अन्य लोग बैट, विकेट और तलवार लेकर आए और मारपीट करना शुरू कर दिया. टोटो पर सवार होकर घर जा रहे गांव के खगेन महती को भी उनलोगों ने जबरन खींच कर उतारा और मारपीट कर बेहोश कर दिया. एक महिला भवानी देवी को भी गहरी चोट लगी है. सूचना पर पहुंची नगर थाने की पुलिस टीम पर भी बदमाशों ने पथराव कर दिया, जिसमें दारोगा उमेश मोदी का सिर फट गया, जबकि दो चौकीदार भी बुरी तरह जख्मी हो गए.

**वर्चस्व को लेकर हुई वारदात :** घटना का कारण वर्चस्व की लड़ाई बताया जा रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार, बगल के गांव का रहने वाला विरंजन यादव क्षेत्र का पुराना शातिर अपराधी है. हत्या के आरोप में वह जेल की सजा भी काट चुका है. नदी से बालू उठाव समेत अगल-बगल होने वाले अवैध कार्यों में उसकी संलिप्तता रहती है. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक अमित मंडल सदिर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना. गुरुवार की सुबह एसपी नाथू सिंह मीणा भी सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिलकर उनकी स्थिति को जाना.

**अभियान** सारंडा में सीआरपीएफ के जवानों ने वायुसेना के हेलीकॉप्टर से किया मॉक ड्रिल

# जंगल में छुपे नक्सलियों के खिलाफ चलेगा ऑपरेशन

संवाददाता । किरीबुरु



सारंडा में नक्सल गतिविधियों की खबर के बाद पुलिस-प्रशासन व सीआरपीएफ ने गतिविधियां तेज की. 16 नवंबर को भारतीय वायु सेना का एक हेलीकॉप्टर सारंडा जंगल में दर्जनों चक्कर लगाकर मेघाहातुबुरु स्थित खेल मैदान में दोपहर लगभग 2 बजे लैंड किया. हेलीकॉप्टर में कई सीआरपीएफ के जवान व पदाधिकारी मौजूद थे लेकिन लैंड करने के बाद भी हेलीकॉप्टर से कोई पदाधिकारी या जवान उतरे नहीं तथा लगभग दो मिनट बाद हेलीकॉप्टर पुनः उड़ान भर दिया. सूत्रों के अनुसार सारंडा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के कुमडीह, नुईयागड़ा, हतनाबुरु, मारंगपोंगा, बहदा आदि गांव क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों का बड़ा हथियारबंद दस्ता कोल्हान जंगल से भागकर शरण लिये हुए है. यह नक्सली सारंडा के इन्क्रोचमेंट गांव अर्थात जंगल काट बसे गांवों क्षेत्र के जंगल में हैं. इन्हें उन्हीं गांव के ग्रामीण मदद कर रहे हैं एवं जरूरी सूचना व खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं. नक्सलियों को मदद करने वाले ग्रामीणों के बारे में भी पुलिस को काफी जानकारी मिली हुई है, जिनकी हर गतिविधियों पर पुलिस नजर रखे हुए है.

सूत्रों का कहना है कि सारंडा में वायु सेना का हेलीकॉप्टर नक्सलियों के खिलाफ चलाया जाने वाला बड़ा ऑपरेशन से पूर्व मॉक ड्रील किया है. ऑपरेशन के दौरान अगर कोई जवान या ग्रामीण घायल हो जाए तो उसे कैसे तत्काल हेलीकॉप्टर से बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा सके, जवानों को अन्य मदद पहुंचाई जा सके. इसके लिये पूर्वाभ्यास किया गया. सबसे अहम बात यह रहा कि सारंडा की जिस पहाड़ी व जंगल में नक्सली शरण लिये हैं उसी पहाड़ी के उपर यह हेलीकॉप्टर लगभग 10-12 चक्कर लगाता रहा. हेलीकॉप्टर को देखने के लिये लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही.

**खास बातें**

- कई इलाकों में नक्सलियों के छिपे होने की आशंका
- हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल घायल जवानों के लिए होगा

# बिहार जा रही कार में लगी आग, कार से शराब बरामद

संवाददाता । दुमका

जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दलदली गांव के समीप बुधवार देर रात एक बलेनो कार में आग लग गई, जिससे कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई. कार बीरभूम जिले के रामपुरहाट से दुमका आ रही थी. विशेष बात यह थी कि कार में काफी मात्रा शराब की बोतलें थी, जो तेज आवाज के साथ फटने लगीं. हादसे के बाद कार सवार भाग निकले, जिससे यह पता नहीं चल पाया कि कार कहां की है और कौन इसमें बैठे थे.

शिकारीपाड़ा के थाना प्रभारी वकार हुसैन ने बताया कि पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट से यह कार दुमका के रास्ते बिहार जा रही थी. ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उसमें आग लग गई. कार पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी है. इस वजह से उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है. पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है.

हादसे के बाद कार सवार भाग निकले, कार जलकर राख





## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय अनुकूल है भाग्य वृद्धि होगा. ससुराल से सुख का सामान मिलेगा. साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है. स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा. वस्त्र का दान करें.

**वृषभ** मानसिक उलझन होगा. घर की चिंता रहेगी. विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे. कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं. सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें. मित्रों से मदद मिलेगी.

**मिथुन** समय सामान्य है. जरूरी कार्य पर खर्च होगा. कोई नया कार्य मे जोखिम न उठाएं. व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी. पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी. क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा.

**कर्क** समय बहुत ही अनुकूल है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे. अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए. किसी से भी बोलने से पहले विचार कर लें.

**सिंह** तनाव बढ़ सकता है. शिक्षा में सुधार का समय आ गया है. बस प्रयास करें. रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे. व्यापार में इच्छित लाभ होगा.

**कन्या** मन में प्रसन्नता बढ़ेगी. कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना कुछ कम रहेगी. विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी. नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा. अन्न और वस्त्र का दान करें.

**तुला** कार्य में हानि भी हो सकता है, धैर्य रखें. काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बांटना आवश्यक है. आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है. इतर का दान और प्रयोग करें.

**वृश्चिक** विद्यार्थी वर्ग शिक्षा में सफल रहेंगे. धनार्जन होगा. पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें. आत्मविश्वास बना रहेगा. कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें.

**धनु** मानसिक शांति मिलेगा. भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें. अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं. परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी. संतान की इच्छा पूरी होगी. अन्न दान करें.

**मकर** विवाद भी हो सकता है. पर किया गया व्यवसाय ठीक करेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे. सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं. आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं. काला वस्तु दान करें.

**कुंभ** विवाद न करें. उतावली में कोई काम न करें. पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है. सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी. पर मेहनत से विजय पाया जा सकता है.

**मीन** सत-कर्म में रुचि बढ़ेगा. लाभ में वृद्धि होगी. कुसंगति से बचें. परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है. संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं. आपके अच्छे कर्म से घर परिवार में खुशहाली होगा.

## हनुमान समिति ने बांटी पूजन सामग्री

**आदित्यपुर।** हनुमान पूजा समिति रोड नंबर 18 आदित्यपुर 2 समिति के द्वारा गुरुवार को छठ पूजन सामग्री बांटी गई. आस्था के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर यहां व्रतियों के बीच मिट्टी का चूल्हा, लौकी साथ मे पूजन सामग्री का वितरण किया गया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रेवेन्यू अधिकारी बिहार सरकार रीना कुमारी, बैजू यादव उपस्थित रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने में हनुमान मंदिर समिति से कृष्ण पांडेय, राकेश सिंह, विनय गिरी, अजय गिरी, अर्जुन सिंह, नीलेश कुमार, संजय यादव, विकास सिंह, बिट्टू यादव, विक्की कुमार, सनी यादव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे.

## श्री राम सेवा आज बांटेगी पूजन सामग्री

**जमशेदपुर।** श्री राम सेना के तत्वावधान में गुरुवार को 1001 श्रद्धालुओं के बीच पूजन सामग्री वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया. जानकारी देते हुए श्री राम सेना के संस्थापक नीतीश कुमार ने कहा कि इस कार्य करने का मुख्य उद्देश्य है समाज के ऐसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है, जो छठ करना चाहते हैं, पर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और छठ व्रत करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं. ऐसे व्रतधारियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि हर कोई लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को मना सके.

## छठ व्रतियों को दीं आम की लकड़ियां

**लातेहार।** लोक आस्था के महापर्व छठ 17 नवंबर को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो जाएगा. छठ से पहले गुरुवार को सरयू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने छठ व्रतियों के बीच आम की लकड़ियों का वितरण किया. जिप सदस्य ने आम लकड़ी वितरण कार्यक्रम शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के समक्ष रखा था. मौके पर उन्होंने कहा कि छठ पूजा में प्रसाद बनाने के लिए आम की लकड़ियों की जरूरत पड़ती है. मौके पर मंदिर के पुजारी राजेश्वर पाठक, राजेश प्रसाद, पारितोष ठाकुर, बजरंगी प्रसाद, कारू प्रसाद, चंदन प्रसाद, राकेश सिंह व सुनील प्रसाद आदि मौजूद रहे.

**परंपरा : आधुनिकता के दौर में घर से मिट्टी के चूल्हे और लकड़ी के जलावन गायब**

# छठ में मिट्टी के चूल्हे पर ही बनाया जाता है प्रसाद

संवाददाता। जमशेदपुर





नहाय-खाय के साथ शुक्रवार को चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत होगी. पूजा की तैयारी भी युद्धस्तर पर है. शनिवार को खरना, रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य एवं सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व का समापन होगा. छठ को लेकर जहां बाजार सज गए हैं. वहीं, फल-फूल से लेकर सूप और दउरा बाजार की रौनक बढ़ा रहे है. छठ महापर्व में मिट्टी के चूल्हे की विशेष मांग है. आधुनिकता के दौर में घर से मिट्टी के चूल्हे और लकड़ी के जलावन गायब हो गए हैं. करीब तमाम घरों में गैस सिलेंडर आ जाने से उसी पर खाना बन रहा है, लेकिन छठ के अवसर पर प्रसाद बनाने का काम मिट्टी के चूल्हे पर ही किया जाता है. मिट्टी के चूल्हे का इस पर्व में विशेष महत्व होता है, लेकिन अब यह चूल्हा विलुप्त होते जा रहा है. फिर भी छठ महापर्व में इसकी खासी अहमियत है. पहले गांव की बुजुर्ग महिलाओं को इन चूल्हों को बनाने में महारत हासिल थी, लेकिन नए युग के लोगों में बहुत ही कम लोग ऐसे होंगे, जो इस चूल्हे को बना पाते हैं. आज भी बुजुर्ग महिलाएं छठ पर्व में छठी मैया के लिए बनने वाले प्रसाद स्वरूप पकवान के लिए इन मिट्टी के चूल्हों का निर्माण करती हैं जिनको शहर में लाकर बेचा जाता है.

### शुद्धता का रखा जाता है विशेष ध्यान

यह पर्व नहीं महापर्व है, जिसमें साफ-सफाई और शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है. इसलिए छठ में मिट्टी से चूल्हे का अपना अलग ही महत्व है. क्योंकि मिट्टी के बने चूल्हे और लकड़ी से जली आग को ही पवित्र माना गया है. व्रतियों के अनुसार छठ पूजा में उपयोग होने वाले प्रसाद को चूल्हे पर ही बनाना जरूरी होता है. इसलिए व्रती कद्दू-भात, पकवान और खीर से लेकर छठ में उपयोग होने वाले सभी प्रसाद मिट्टी के चूल्हे पर ही बनाते हैं. वहीं चूल्हे के निर्माण में लगे लोग भी साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखते है.

## आओ जानें

## बीरूगढ़ का सूर्य मंदिर

**आराध्य-** भगवान सूर्य, जिनकी विशेष पूजा अर्चना छठ महापर्व के अवसर पर होती है.

**स्थान-** सिमडेगा जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर है बीरूगढ़ का ऐतिहासिक सूर्य मंदिर.

**स्थापना-** सातवीं से आठवीं सदी के बीच इस मंदिर की स्थापना हुई

**संस्थापक-** राज कतंगदेव.

**इतिहास-** प्राचीन काल में सिमडेगा को बीरू-कैसलपुर परगना के नाम से जाना जाता था, जहां राजा कतंगदेव का राज था। यह कलिंग साम्राज्य का हिस्सा भी रहा.

**स्थिति -** बीरू गांव में पुराने तालाब के पास टीले पर बड़े पत्थरों से निर्मित यह मंदिर सातवीं सदी का बना है. मंदिर में सात अश्वों के रथ पर भगवान सूर्य सवार हैं और उनके अगल-बगल में पत्नी संध्या और छाया की प्रतिमाएं हैं. बड़े पत्थरों से बने मंदिर की दीवारों पर एक विशाल पत्थर से छत बनाई गई है. इसकी निर्माण शैली में अद्भुत कलाकारी है. कालांतर में यह मंदिर खंडहर में परिणत हो चुका था. बाद में इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया और 2015 में फिर से पूजा शुरू हुई. यह मंदिर तमाड़ के दिउड़ी मंदिर से मिलता-जुलता है.



**महापर्वः घर-आंगन में गूंजने लगे छठी मइया के गीत**

# नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा छठ महापर्व



### खास बातें

- संतान की लंबी उम्र और सफलता के लिए किया जाता है छठ व्रत
- कद्दू-भात के साथ आज पूरा होगा नहाय-खाय अनुष्ठान
- शनिवार को खरना के बाद प्रारंभ हो जाएगा 36 घंटे का उपवास

संवाददाता। रांची

सूर्य उपासना का चार दिनी छठ महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो जायेगा.संतान के स्वास्थ्य, सफलता, लंबी उम्र के साथ मनोकामना पूर्ति और सुख-समृद्धि के भाव से महिला-पुरुष समान रूप से इस व्रत को धारण करेंगे. इसकी तैयारी जोरों पर है.घर-आंगन में छठी मइया के गीत गूंज रहे हैं.खरीदारी के साथ अर्घ्य अर्पण के लिए घाटों की साफ-सफाई आदि की व्यवस्था की जा रही है.नेम-निष्ठा के इस पर्व के पहले दिन व्रतधारी सुबह उठ कर नित्य कृया से निवृत हो आम की दतुअन से मुंह धो कर स्नान करेंगे.फिर सूर्य देव को नमन कर व्रत का संकल्प लेंगे.नवनिर्मित मिट्टी के चूल्हे पर कद्दू की सब्जी और भात पका कर परिवार और इष्ट मित्रों संग ग्रहण करेंगे।शनिवार को खरना है.इस दिन से व्रर्तियों का 36 घंटे का उपवास शुरू हो जायेगा.खरना पर संध्या बेला व्रर्ती पूरी शुद्धता के साथ खीर-पूरी का प्रसाद पकायेंगे.बाद में उसे परिवार-आस पड़ौस और घर पर आये आगंतुकों के बीच बांटा जायेगा.19 नवंबर को अस्त होते भूवन भाष्कर को और सोमवार को उदीयमान सूर्य देव को अर्घ्य अर्पण के साथ चार दिनी महापर्व संपन्न हो जायेगा.

### छठ के कार्यक्रम

- नहाय-खाय : 17 नवंबर दिन शुक्रवार
- अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य -19 नवंबर रविवार
- खरना : 18 नवंबर दिन- शनिवार
- उदीयमान भुवन भास्कर को अर्घ्य - 20 नवंबर सोमवार



## साइकिल यात्रा पर निकले लतीफ अंसारी पहुंचे लातेहार

**लातेहार।** कहते हैं कि अगर मन में कुछ करने की तमन्ना हो तो कोई भी बाधा उसके आड़े नहीं आती है. ऐसा ही कुछ जज्बा ले कर लतीफ अंसारी साइकिल यात्रा पर निकले हैं. उनके इस साइकिल यात्रा का मकसद समाज को नशामुक्ति का संदेश देना है. समाज सुधार संघ के सचिव लतीफ अंसारी ने पिछले 12 नवंबर को गोड्डा के गांधी मैदान से अपनी यह यात्रा प्रारंभ की है. प्रतिदिन एक सौ किलोमीटर साइकिल चलाते हैं. साल 2012 से प्रतिवर्ष एक सप्ताह के नशा मुक्ति जागरण अभियान के दौरान साइकिल यात्रा पर निकलते हैं. कहते हैं कि नशा समाज और राष्ट्र के लिए घातक है. आदमी का घर व परिवार तो बर्बाद होता ही है, नशा करने वाले का अंत भी बुरा होता है. कैंसर व टीवी जैसी घातक बीमारी उसे होती है. नशा के दुष्प्रभाव को बताने के लिए वे साइकिल यात्रा पर निकले हैं. उन्होंने कहा कि खास कर युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए.

## श्राद्धकर्म के लिए मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया पंचायत अवस्थित धानघोरी गांव निवासी पिन्टू सिंह के माताजी लक्ष्मी सिंह (56) का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया था. परिवार अत्यंत गरीब होने के कारण गुरुवार को दोपहर उनके पैतृक आवास पहुंचकर मुखिया राम मुर्मू श्राद्धकर्म के लिए आर्थिक सहायता की. इस मौके पर विश्वजीत राना , लीपू गिरि, सोमनाथ राना, राहुल चांद, पिंटु मंडल, रवि सिंह, राजू पैड़ा आदि ग्रामीण उपस्थित थे.

## लोक गायिका निशा और ममता 19 नवंबर को देंगी अपनी प्रस्तुति



प्रेस वार्ता में जानकारी देते मंदिर समिति के पदाधिकारी.

संवाददाता। जमशेदपुर

सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में चार दिवसीय छठ महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है. इस संबंध में गुरुवार को मंदिर परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर समिति ने जानकारी दी. मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि छठ महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है.सूर्य मंदिर तालाब समेत पूरे मंदिर परिसर में पेंटिंग एवं सफाई का कार्य जोर-शोर से चल रहा है.

स्वयंसेवक छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा में लगातार सक्रिय रहेंगे. पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी 18 नवंबर को ग्यारह सौ जरूरतमंद व्रतधारियों के बीच निःशुल्क पूजन सामग्री का वितरण किया जाएगा. इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक संध्या के आयोजन के लिए सूर्य मंदिर समिति पूर्ण रूप से तैयार है. इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोकगायिका निशा पांडेय, सुर संग्राम की विजेता ममता राउत एवं स्थानीय कलाकार द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी. 19 नवंबर संध्या 7 बजे से उक्त कार्यक्रम होगा. प्रेस वार्ता में समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संयोजक कमलेश सिंह, मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा मौजूद थे.

## 1000 छठव्रतियों को मिली चुनरी, साड़ी



संवाददाता। आदित्यपुर

पिछले कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी रोड नंबर- 15, आदित्यपुर-2 स्थित मैदान में आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति द्वारा आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में जन सहयोग से 1000 छठव्रती माता- बहनों के बीच गुरुवार को चुनरी साड़ी, लौकी एवं आम की लकड़ी का वितरण कूपन के माध्यम से किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम सरायकेला सुबोध कुमार, एसडीएम सरायकेला पारुल सिंह, विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी गम्हरिया गिरेंद्र टूटी, थाना प्रभारी आदित्यपुर राजन सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश कुमार, थाना प्रभारी आइआइटी सागर महथा, युवा समाजसेवी आदित्य सिंह, टीडब्ल्यूयु के असिस्टेंट सेक्रेटरी नितेश राज मौजूद रहे.

कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के कमेटी मेंबर प्रमोद कुमार सिंह वीरेंद्र यादव, युवा राजद जिला अध्यक्ष उदित यादव, कुमार विपिन बिहारी प्रसाद, देव प्रकाश, प्रमोद गुप्ता, अधिवक्ता संजय कुमार उपस्थित थे.

## सहारा गार्डन सिटी में हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा

**आदित्यपुर।** सहारा गार्डन सिटी, आदित्यपुर ने क्लब हाउस में पहली बार चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया. पूजा प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुई. इसके बाद पुष्पांजलि और प्रसाद वितरण किया गया. पूजा में सहारा के चित्रांश परिवार के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. सहारा के बड़े और बुजुर्ग चित्रांश का साथ और आशीर्वाद सभी को मिला. रात में महिलाओं ने अंताक्षरी का आयोजन किया. आपस में परिचय संवाद के बाद सभी ने एक साथ भोजन किया. आयोजन को सफल बनाने में अनूप कुमार, प्रशांत कांत तथा प्रभाकर कुमार का काफी योगदान रहा. आलोक वर्मा मुख्य यजमान के रूप में पूजा प्रार्थना संपन्न की. चित्रांश परिवार के अलावा कुछ सहारा के ही अन्य भक्तगणों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी.

## सोहराई जतरा में हुई पारंपरिक पूजा

संवाददाता। रांची



प्रखंड के मलगो गांव में 22 पड़हा सोहराई जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विभिन्न खोड़हा दल पारंपरिक नृत्य करते हुए जतरा में शामिल हुए. मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए.

सन्नी टोप्पो ने कहा कि जतरा या ऐसे धार्मिक और पारम्परिक आयोजन को जिंदा रखने की आवश्यकता है. जिससे आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करना है. ऐसे आयोजन करने से समाज में एकता का संचार होता है. आदिवासी समाज शिक्षा में काफी पिछड़े हैं. अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा करना होगा. मौके पर अध्यक्ष अशोक साहू, ग्राम प्रधान पूना मुंडा, कोषाध्यक्ष धनेश्वर साहू, मुखिया सुगी उराइन, पंसस गीता देवी, प्रेम साहू,बंधु साहु शामिल हुए.

दूसरी ओर कांके पिठौरिया में सोहराई जतरा समिति राड़हा पिपरा जारा के बैनर तले गुरुवार को जतरा मैदान में मे फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता, आयोजित किया गया. जिसमें विभिन्न फुटबॉल टीम ने भाग लिया, विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया. जतरा स्थल में गांव के खोड़हा एवं नागपुरी कलाकार पारंपरिक रीति रिवाज से रंगारंग कार्यक्रम हुआ. इस मौके पर विशिष्ट अतिथि आजसू के प्रखंड उपाध्यक्ष जोगिंदर उरांव शामिल हुए. कार्यक्रम की भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर पुष्पअर्पित कर शुरुआत की गयी. जोगिंदर उरांव ने लोगों की सुख,शांति,समृद्धि एवं लंबी उम्र की कामना की. आपसी भाई चारे का संदेश दिया. इस तरह आयोजन मे सभी लोगों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए. मौके पर जतरा अध्यक्ष बबलू उरांव,उपाध्यक्ष सीमा देवी,कोषाध्यक्ष किशोर मुंडा,सचिव प्रेम उरांव,उप सचिव रामनाथ गंझू शामिल हुए.

**तैयारी** राजधनवार के राजघाट में आज से चार दिवसीय छठ महापर्व पर लगेगा मेला

# चंद्रयान व आकाशीय नजारे करेंगे लोगों को रोमांचित

उमेश कुमार सिन्हा। गिरिडीह





राजधनवार छठ घाट की छठ पूजा और इस अवसर पर घाट सहित नगर के पांच छह किलोमीटर की परिधि में होने वाली साज सज्जा आकर्षक होती है. इस अलौकिक सज्जा की हर बार पिछला रिकॉर्ड टूटा नजर आता है. विद्युत साज से मेला के दौरान तीन दिनों तक रात दिन का फैसला मिट जाता है. सजावट के बीच छठ की छटा देखने के लिए अन्य प्रखंडों, जिलों व पड़ोसी प्रदेशों से यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पड़ता है. लेकिन सारे सूर्य देव की निगहवानी में होते हैं. श्रद्धालु अनुशासित रहते हैं. गलती करने पर छठ मैया के दंड का भय भी बना रहता है. हालांकि छठ पूजा महासमिति के सदस्य, प्रशासन व समस्त नगर वासी भी विधि व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहते हैं. दुर्गा पूजा संपन्न होते ही अन्य परदेस से आए सज्जा विशेषज्ञ अपना काम शुरू कर देते हैं. तीन दिवसीय मेले में विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक बैठक शुरू हो जाती है, न सिर्फ सारे नगर वासी बल्कि सभी सरकारी महकमा भी इस आयोजन में अपने-अपने दायित्व के साथ सक्रिय हो जाते हैं. इस बार भी बंगाल से आए सज्जा कलाकारों की टीम एक माह से राजघाट पर महासमिति के संरक्षक अनूप संथालिया के निर्देशन व जयप्रकाश गुप्ता, बालेश्वर मोदी, रोबिन कुमार, पंकज कुमार आदि की निगरानी में काम कर रही हैं.

### इस बार के मुख्य आकर्षण

इस बार भी छठ मेला में श्रद्धालुओं को कई अनुपम दृश्य देखने को मिलेंगे. खरना की शाम नगर में प्रवेश करते ही सुंदर तोरण द्वार, नैसर्गिक सजावट और इंद्रधनुषी विद्युत सज्जा दिखेगी. ज्यों ज्यों कदम राजघाट की ओर बढ़ेंगे, मुग्धता बढ़ती जाएगी. राज कचहरी परिसर में विद्युत गेट और चंद्रयान एक, चंद्रयान दो और चंद्रयान तीन सहित कई आकाशीय दृश्य रोमांचित करेंगे. बगल में तरह-तरह के झूले खेल तमाशे बच्चों को रिझाएंगे. वहां से राजघाट की ओर बढ़ेंगे तो सतरंगी रोशनी में नहाते कई सुंदर दृश्य दर्शकों को आकर्षित करेगा. राजघाट पहुंचने पर दोनों तट को जोड़ने के लिए बनाया जा रहा विशाल हंसनुमा सुंदर पुल तथा आंध्र प्रदेश के एक प्राचीन मंदिर के तर्ज पर बनाया जा रहा विशाल सूर्य मंदिर मुख्य आकर्षण होगा. सूर्य मंदिर के बगल में भी एक से बढ़कर एक काफी दूर तक दर्जनों कलात्मक दृश्य दिखाई देंगे.

## आत्म साक्षात्कार तथा ध्यान योग का आयोजन

**लातेहार।** सहज योग, रांची के तत्वावधान में शहर के जुबली चौक के द होटल कार्निवाल में कुंडलिनी जागरण के द्वारा आत्म साक्षात्कार व ध्यान योग का आयोजन किया गया. मौके पर संस्थान के कृष्णा प्रसाद ने सहजयोग की जानकारी उपस्थित लोगों को दी. उन्होंने कहा कि परम पूज्य माता निर्मला देवी ने सहजयोग को जन-जन तक पहुंचाया है. बताया कि मनुष्य के रीढ़ के अंत में त्रिकोणाकार मज्जा है. इसमें विद्यमान कुंडलिनी शक्ति के जागृत होकर परमात्मा के प्रेम की सर्वव्यापक शक्ति मिलने को ही सहजयोग कहते हैं. सहजयोग की इस घटना का अनुभव शरीर में महसूस होता है. कार्यक्रम में शंभू शरण प्रसाद ने कहा कि सहजयोग एक अति सरल एवं स्वघटित होने वाली दैवीय प्रक्रिया है. जिसे घर-गृहस्थी में रहते हुए प्रत्येक मनुष्य कर सकता है.

## प्रेस दिवस पर लातेहार में संगोष्ठी



संवाददाता। लातेहार

जिला सूचना भवन में गुरुवार को प्रेस दिवस के मौके पर 'कृत्रिम मेधा के युग में मीडिया' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना ने की. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के इस आधुनिक व डिजिटल के दौर में मीडिया का काम आसान हुआ है तो इसमें कई चुनौतियां भी है. कार्यक्रम में वरीय पत्रकार सह अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि आज पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण हो गया है. पत्रकारों की सुरक्षा का मामला बार-बार उठाया जाता है. आज भी पत्रकारों को भीड़ का हिस्सा माना जाता है और उन पर कार्रवाई की जाती है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है. वरीय पत्रकार आशीष टैगोर ने कहा कि सकारात्मक खबरों का चयन महत्वपूर्ण है. ऐसा नहीं है कि समाज में सब कुछ नकारात्मक हो रहा है. समाज में कुछ अच्छी बातें भी हो रही है. पंकज प्रसाद ने कहा कि पत्रकार विषम परिस्थितियों में खबरें समाज तक पहुंचाते हैं.

सामाजिक संगठन, जिला प्रशासन सहित महिला समितियां तैयारी में जुटीं

## छठ महापर्व को लेकर राज्य के विभिन्न जिलों में घाटों की सफाई का काम जोरों पर



## सब्जी बाजारों में भी रौनक कद्दू की मांग बढ़ी



## सज गए हैं छठ के बाजार खूब हो रही है खरीदारी



झारखंड में छठ महापर्व की तैयारी जोरों पर है. शुक्रवार से नहाय खाय के साथ पूजा की शुरूआत हो जाएगी. भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए नदी-तालाब स्थित घाटों की साफ-सफाई का काम चल रहा है. उधर छठ पूजा के बाजार भी सज कर तैयार हैं. श्रद्धालु खरीदारी के लिए बाजार पहुंचने लगे हैं. सूप, दौरा, वस्त्र और पूजा की सामग्री की खरीदारी हो रही है. कई स्थानों पर छठ के मौके पर मेले का भी आयोजन किया जा रहा है. सामाजिक संगठनों के लोग इसकी तैयारी में जुट गए हैं. पूजा के दौरान व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए घाटों पर पूजा संचालन समितियां गठित की जा रही है. हर जिले में प्रशासन की ओर से भी छठ पूजा के सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं. घाटों, रास्तों की साफ-सफाई के साथ बिजली के प्रबंध भी किए जा रहे हैं. ताकि आने जाने में किसी को असुविधा न हो. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में छठ पर्व को लेकर घाटों की सफाई सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया है. **पेश है रिपोर्ट.**

# मइया को अर्घ्य की तैयारी



## चाकुलिया : बड़शोल में कूपन नदी छठ घाट की सफाई शुरू

- चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र में कोई छठ घाट नहीं है.
- यहां के श्रद्धालु 8 किलोमीटर दूर बड़शोल स्थित कूपन नदी छठ घाट पर जाते हैं.
- इस छठ घाट पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं नहीं हैं.
- छठव्रती सेवा मंच छठ घाट की सफाई करवाता है और सफाई का काम शुरू है.
- इसमें नगर पंचायत प्रशासन और स्थानीय प्रशासन भी सहयोग करता है.
- छठ घाट पर छठव्रती सेवा मंच श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, चाय और दूध की व्यवस्था करता है.
- छठ घाट पर जनरेटर लगाकर बिजली की व्यवस्था भी की जाती है.
- छठव्रती सेवा मंच के परमानंद सिंह ने कहा कि मंच छठ घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखेगा.
- गुरुवार को विधायक समीर कुमार मोहंती, थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव, उप प्रमुख कविता साव समेत मंच के पदाधिकारियों ने छठ घाट की सफाई का जायजा लिया.



## झरिया : तैयारी जोरों पर, चलाया जा रहा है घाटों पर सफाई अभियान

महापर्व छठ पूजा को लेकर पूरे कोयलांचल समेत झरिया में भी इसकी तैयारियां जोरों पर है. इसी को लेकर गुरुवार को सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में झरिया के ऐतिहासिक छठ घाट राजा तालाब में पुलिस विभाग की टीम के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया. इस दौरान धनबाद एसडीओ, सिंदरी डीएसपी, सहायक नगर आयुक्त, झरिया थाना प्रभारी, झरिया सीओ, बोर्रागढ़ ओपी प्रभारी, लोदना ओपी प्रभारी, भौंरा ओपी प्रभारी, घनुडीह ओपी प्रभारी समेत कई पुलिस कर्मी व अधिकारी मौजूद थे. सभी लोग पूरी आस्था के साथ राजा तालाब की सफाई में जुट गए.

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार ने सभी छठवर्ती और श्रद्धालुओं से अपील की है कि आराम से आए और अर्ध्य दें. सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. सभी श्रद्धालु बारी-बारी से अर्ध्य दें. किसी तरह की जल्दबाजी न करें.



## आदित्यपुर : तैयारी में नगर निगम और सामाजिक संगठन

आदित्यपुर और गम्हरिया में लोक आस्था का पर्व छठ पूजा पर व्रतियों के द्वारा नदियों और तालाबों में सूर्य को अर्घ देने के लिए छठ घाठों की तैयारी शुरू कर दी है. यहां नगर निगम सक्रिय हो गया है. वहीं सामाजिक राजनीतिक संगठन के लोग भी जोर शोर से जुटे हैं. लोगों ने दावा किया है कि इस महान त्योहार को स्वच्छ वातावरण और माहौल में सम्पन्न कराएंगे.

**राम मड़ैया छठ घाट :** आदित्यपुर का राम मड़ैया छठ घाट को सजाने संवारने में पूर्व पार्षद रंजन सिंह और समाजसेवी नगीना प्रसाद सिंह जुट गए हैं. उनलोगों ने बताया कि वे लोग छठ घाट को तैयार करने में दीपावली के दूसरे दिन से लगे हुए हैं. हाल के दिनों में नदी में आई बाढ़ की वजह से घाट के रास्ते खराब हो गए थे, जिसे दुरुस्त करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ी है. उन्होंने बताया कि यहां करीब 10 हजार श्रद्धालु व छठ व्रती अर्घ्य देने आते हैं.

## गिरिडीह : अरगाघाट में जुटती है अपार भीड़



गिरिडीह शहर के उसरी नदी स्थित अरगाघाट में छठ पूजा पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जमा होती है. शहर के अधिकांश मोहल्ले के छठवर्ती और श्रद्धालु इसी घाट पर हस्तक्सलगामी और उदयमान भगवान भास्कर को अर्थ देते हैं. उसरी नदी के दोनों और काफी लंबी दूरी तक छठ वर्दी और श्रद्धालु जमा होते हैं. यहां की भीड़ देखते ही बनती है. इस घाट साज सज्जा को लेकर नगर निगम और जिला प्रशासन पिछले कई दिनों से लगा हुआ है.

**जमुना के जलीय सूरज मंदिर में छठ व्रतियों की उमड़ती है भीड़ :** जिले के जमुआ प्रखंड के मिर्जागंज स्थित जलीय सूर्य मंदिर में छठ व्रतियों की काफी भीड़ उमड़ती है. इस छठ कमेटी में कुल 25 सदस्य हैं. छठ पूजा समिति में सदानंद साव अध्यक्ष, उमेश प्रसाद साव सचिव,विजय वर्मा कोषाध्यक्ष,नवीन साव उप सचिव और उमेश राम,विजय राम,नागेश्वर सिंह, रामलखन वर्मा,चूरामन साव,बसंत राम,विनोद शंकर प्रसाद,विनय अम्बष्ट शामिल हैं.

**छठ के लिए सज_धज कर तैयार है धनवार का राजघाट, कई राज्यों से आते हैं श्रद्धालु :** जिले के धनवार में छठ पूजा की व्यापक तैयारी चल रही है. धनवार का राजघाट पूरी तरह से सज_धज कर तैयार है. चंद्रयान और आकाशीय नजारे श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा. इस स्थान पर आंध्र प्रदेश के प्राचीन मंदिर की तर्ज पर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है. धनवार के राजघाट का छठ पूजा काफी प्रसिद्ध है. यहां पर झारखंड_बिहार के अलावा पश्चिम बंगाल से श्रद्धालु आते हैं. छठ पूजा समिति के संरक्षक ध्रुप संथालिया ने बताया कि तैयारी अंतिम चरण में है. राजघाट पूरी तरह से तैयार है.

**गावां की छठ पूजा काफी मशहूर है, लगती है भीड़ :** गावां प्रखंड का छठ पूजा काफी मशहूर है यहां अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए छठ वर्ती और श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है.

## जमशेदपुर



बागबेड़ा बडौदा घाट



जेम्को छठ घाट

### जेम्को छठ घाट की शुरू हुई सफाई, चहारदीवारी की मांग

जेम्को स्थित छठ घाट की सफाई जेएनएसी द्वारा नहीं कराए जाने से लोगों में आक्रोश है. जेम्को छठ घाट समिति ने विधायक से बात कर गुरुवार को इसकी सफाई शुरू करवाई. टाटा स्टील यूआईएसएल के मजदूरों ने घाट में जमा कचरे को हटाया और वहां एकत्रित गंदे पानी को मोटर से निकाला गया. जेम्को छठ घाट समिति के महासचिव अनिल प्रकाश ने बताया कि घाट खुले में होने के कारण यहां भारी वाहनों की पार्किंग कर दी जाती है. इस कारण हर बार घाट क्षतिग्रस्त हो जाता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है. उन्होंने छठ घाट की चहारदीवारी करने की मांग सरकार से की है ताकि लोगों को राहत मिल सके.



मनीफीट छठ घाट



रानीडीह छठ घाट

### मनीफीट छठ घाट में भी तैयारी शुरू

मनीफीट छठ घाट की सफाई भी जोर शोर से चल रही है. पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास द्वारा वर्ष 2010 में इस घाट का निर्माण कराया था. इसकी देखरेख मनीफीट रजक समाज करता है. टाटा स्टील यूआईएसएल और जेएनएसी की ओर से इस घाट की साफ-सफाई कराई जाती है. वहीं टाटा मोटर्स की ओर से प्रकाश की व्यवस्था रहती है. रजक समाज के प्रतिनिधि ने बताया कि पिछले वर्ष यहां स्थानीय समाजसेवी द्वारा डीप बोरिंग कराई गई है, जिससे पानी की भी यहां कोई दिक्कत नहीं है. यहां दूरदराज से लोग छठ करने के लिए आते हैं. छठ के अवसर पर इस घाट के आसपास उत्साह का माहौल रहता है. बच्चों के लिए झूलों के अलावे श्रद्धालुओं के लिए शिविर की भी व्यवस्था की जाती है.

## रांची



### राजधानी में तैयारी जोरों पर

राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में छठ पूजा की तैयारी जोरों से चल रही है. इसके लिए नदी, तालाब में घाटों की साफ सफाई का काम शुरू हो गया है. बड़ा तालाब, कांके और धूर्वा स्थित डैम के साथ ही हटनिया तालाब. जेल तालाब,चडरी तालाब , डुमसाटोली नायक तालाब, बनस तालाब भी सफाई का काम किया जा रहा है. प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारी की जा रही है, ताकि यह महापर्व सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न किया जा सके. घाटों में बिजली की भी व्यवस्था की जा रही है. दूसरी ओर छठ पूजा को लेकर बाजार लग गए हैं. जिसमें खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है.



## पाकुड़



### आज से शुरु होगी घाटों की सफाई

पाकुड़ में भी छठ पूजा की तैयारी चल रही है. हालांकि काली भसान तालाब में अभी तक साफ सफाई का काम शुरू नहीं हो सका है. काली भषाण छठ पूजा सेवा समिति के सचिव ने कहा कि नगर परिषद एवं छठ पूजा सेवा समिति की ओर से यह साफ-सफाई की जाती है. वही टीन बांग्ला घाट की भी सफाई नगर परिषद की ओर से की जाती है. अभी तक सफाई शुरू नहीं की गई है. शुक्रवार से से सफाई का काम शुरू हो जाएगा. वहीं ठाकुरबाड़ी तालाब में भी नगर परिषद एवं ठाकुरबारी छठ पूजा समिति के द्वारा तालाब के साफ-सफाई की जाती हैं.

### मातृशक्ति ने की बैठक

छठ पूजा की तैयारी के लिए सार्वजनिक छठ पूजा महिला जागृति समिति,बागतीपाड़ा,पाकुड़ की बैठक मनसा मंदिर प्रांगण बागतीपाड़ा में सीता देवी की अध्यक्षता में की गई. बैठक में मातृशक्तियों द्वारा मनसा मंदिर तालाब में छठ पूजा करने के लिए विचार- विमर्श किया गया. बैठक में सर्वप्रथम मनसा मंदिर तालाब के सौन्दर्यीकरण करने के लिए निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा एवं नगर परिषद पाकुड़ परिवार को करतल ध्वनि से धन्यवाद ज्ञापित किया गया कि वर्षों के प्रयास के उपरांत जन भावना का सम्मान करते हुए नगर परिषद पाकुड़ द्वारा मनसा मंदिर तालाब में छठ घाट का निर्माण करवाया गया. इसके लिए सार्वजनिक छठ पूजा महिला जागृति समिति,बागतीपाड़ा ने आभार व्यक्त किया है.

## किरीबुरू



### घाट की हो रही सफाई

किरीबुरु स्थित लोकेश्वर मंदिर तालाब छठ घाट जहां किरीबुरु, मेघाहातुबुरु एवं ओडिशा के हिल्टौप के लोग छठ पर्व करने आते हैं. इस तालाब की साफ-सफाई व रंग-रोगण का कार्य सेल की किरीबुरु प्रबंधन द्वारा किया जाता है. इस वर्ष भी कार्य युद्ध स्तर पर प्रारम्भ है. इसके अलावे लोकेश्वर मंदिर कमेटी के पदाधिकारी अरविंद चौहान के अनुसार करीब 150 सदस्य इस वर्ष भी तालाब घाट के गड्ढों को मिट्टी से भरने का कार्य कर रहे हैं. यह सभी कार्य छठ का पहला अर्घ्य देने से पूर्व कर लिया जायेगा.

## घाटशिला



### साप्ताहिक हाट में खरीदारी

महापर्व छठ व्रत नहाए खाय के साथ शुक्रवार से शुरू हो रहा है. इसको लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है. गुरुवार को मऊभंडार स्थित साप्ताहिक हाट बाजार में बांस की सूप, दौरा, टोकरी, मिट्टी का दीया, कलश, कोसी सहित अन्य छठ सामग्री की बाजार सज गई है. बस की सूप 70 से लेकर 120 रुपए के दर पर बिक रही है. जबकि बांस का दौउरा 160 से लेकर 400 रुपया के दर पर बाजार में उपलब्ध है. जबकि मिट्टी के दिए डेढ़ सौ रुपया सैकड़ा एवं चौ मुख हाथी वाली कोसी 600 से लेकर 800 रुपया की दर से लोग खरीदारी कर रहे हैं.

## गिरिडीह-धनवार : राजघाट में छठ और प्रसिद्ध मेले की तैयारी जोरों पर



चंद्रयान व आकाशीय नजारे करेंगे लोगों को रोमांचित

राजधनवार छठ घाट की छठ पूजा और इस अवसर पर घाट सहित नगर के पांच छह किलोमीटर की परिधि में होने वाली साज सज्जा आकर्षक होती है. इस अलौकिक सज्जा की हर बार पिछला रिकॉर्ड टूटा नजर आता है. विद्युत साज से मेले के दौरान तीन दिनों तक रात दिन का फांसला मिट जाता है. सजावट के बीच छठ की छटा देखने के लिए अन्य प्रखंडों, जिलों व पड़ोसी प्रदेशों से यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है. श्रद्धालु अनुशासित रहते हैं. गलती करने पर छठ मैया के दंड का भय भी बना रहता है.

हालांकि छठ पूजा महासमिति के सदस्य, प्रशासन व समस्त नगर वासी भी विधि व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहते हैं. दुर्गा पूजा संपन्न होते ही अन्य प्रदेश से आए सज्जा विशेषज्ञ अपना काम शुरू कर देते हैं. तीन दिवसीय मेले में विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक बैठक शुरू हो जाती है, न सिर्फ सारे नगरवासी बल्कि सरकारी महकमा भी इस आयोजन में सक्रिय हो जाता है. आयोजन में राज परिवार का भी पूरा सहयोग व समर्थन रहता है. इस बार भी बंगाल से आए सज्जा कलाकारों की टीम एक माह से राजघाट पर महासमिति के संरक्षक अनूप संथालीयां के निर्देशन व जयप्रकाश गुप्ता, बालेश्वर मोदी, रोबिन कुमार, पंकज कुमार, मुन्ना साहब, दिनेश संथालीयां, गोपाल साहू आदि की निगरानी में काम कर रहे हैं.

**इस बार का मुख्य आकर्षण :** इस बार भी छठ मेले में श्रद्धालुओं को कई अनुपम दृश्य देखने को मिलेंगे. खरना की शाम नगर में प्रवेश करते ही सुंदर तोरण द्वार, नैसर्गिक सजावट और इंद्रधनुषी विद्युत सज्जा दिखेगी.

## बेरमो-बोकारो : सफाई में जुटीं पूजा समितियां, प्रशासन भी तैयार

बोकारो जिले शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में छठ महापर्व की तैयारी शुरू हो चुकी है. बोकारो शहर के टू टैंक तालाब, सूर्य सरोवर, चास स्थित गरगा नदी छठ घाट, दामोदर नदी छठ घाट, बालीडीह स्थित गरगा डैम छठ घाट समेत बेरमो अनुमंडल के तेनू डैम व अन्य जलाशयों में साफ सफाई की तैयारी चल रही है.

**बोकारो : गरगा नदी छठ घाट**

महापर्व छठ महापर्व को लेकर बोकारो जिले के चास स्थित गरगा नदी में जिला प्रशासन एवं नगर निगम चास की देखरेख में पिछले एक सप्ताह से जेसीबी के साथ लगभग एक दर्जन मजदूरों को नदी की सफाई कार्य में लगाया गया है. इसके अलावा लगभग एक दर्जन स्थानीय समितियां व संगठन अपने स्तर पर साफ सफाई के कार्य में जुटी है. पिछले दो दिन से लगातार जिला प्रशासन की टीम जिनमें डीसी, एसपी, एसडीओ समेत अन्य अधिकारी ने साफ सफाई व घाट की अन्य व्यवस्था का जायजा लिया.



**बोकारो : दामोदर नदी छठ घाट**

बोकारो जिले के पुपुनकी स्थित में दामोदर नदी के किनारे छठ घाट की सफाई पिछले दो दिनों से चल रही है. झारखंड आंदोलनकारी नेता सह कुड़मी छात्रावास चास के अध्यक्ष पार्वती चरण महतो, झामुमो नेता अख्तर अंसारी, कुमोद महतो, सुबल महतो, शिवलाल केवट, बंधु दास,कृष्ण चंद्र तुरी समेत अन्य लोग इस सफाई कार्य में जोर शोर से जुटे हैं. इन नेताओं ने बताया कि इस अवसर पर शिविर लगाकर छठव्रतियों की सेवा करने का निर्णय लिया गया है.

**बेरमो : बोकारो थर्मल छठ घाट**

महापर्व छठ पूजा को लेकर बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के कथारा पुल स्थित छठ घाट, कोनार नदी लोहा पुल छठ घाट आदि घाटों का निरीक्षण स्थानीय थाना प्रभारी रूपेंद्र कुमार राणा ने किया. वर्तमान में घाटों में फैली गंदगी को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए. इस दौरान उनके साथ सब इंस्पेक्टर रमाकांत गुप्ता, समाजसेवी बाबूलाल गिरी, खिरोधर महतो, रामजी साव, किसून गोस्वामी सहित कई लोग शामिल थे. इसके पूर्व डीवीसी के सीजीएम आनंद मोहन प्रसाद सहित कई अधिकारियों ने छठ घाट का निरीक्षण किया.

## महुआडांड



### जेसीबी से हो रही सफाई

हिन्दू महासभा, महुआडांड के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में छठ व्रतियों को कई प्रकार की सहूलियतें दी जा रही है. रामपुर नदी छठ घाट एवं जाने वाले रास्ते की सफाई जेसीबी मशीन के द्वारा कराई जा रही है. छठ व्रतियों के लिए प्रकाश व ध्वनि की व्यवस्था की जा रही है. कई जगहों पर तोरणद्वार बनाये जा रहे हैं. आयोजन को सफल बनाने में महुआडांड हिन्दू महासभा के उपाध्यक्ष शंभु प्रसाद, महामंत्री भानु प्रसाद, संदीप कुमार, अजय प्रसाद, आनंद नाथ शाह, प्रशांत सिंह, राकेश कुमार, संदीप प्रसाद आदि समेत हिन्दू महासभा के सदस्य सक्रिय हैं.

## चक्रधरपुर



### पुरानी बस्ती छठ नदी घाट

चक्रधरपुर में प्रत्येक वर्ष श्रद्धापूर्वक हर्षोल्लास के साथ छठ महापर्व मनाया जाता है.यहां सबसे ज्यादा भीड़ पुरानी बस्ती स्थित सीढ़ी नदी छठ घाट पर होती है.इसके अलावे थाना नदी मुक्तिनाथ महादेवघाट, बलिया घाट, बोड़दा पुल स्थित नदी में छठ व्रति व श्रद्धालु अर्घ्य देने व पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं. छठ पर्व को लेकर चक्रधरपुर में छठ घाटों की साफ-सफाई शुरु हो गया है. पुरानी बस्ती सीढ़ी नदी छठ घाट के आसपास झाड़ियों को काटे जाने के साथ-साथ सीढ़ियों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई का काम तेजी से चल रहा है.

## लातेहार



### गंगा आरती होगी आकर्षण का केंद्र

सूर्यनारायण पूजा समिति के द्वारा आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर छठ व्रतियों को हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही है. रेलवे स्टेशन रोड से ले कर औरंगा नदी छठ घाट तक पहुंच पथ को दुरूस्त कराया गया है. मोरम आदि गिरा कर सड़क को समतल किया जा रहा है. गणेश भुइयां ने छठ घाट में अपने घर के सामने की छह फुट जमीन निःशुल्क समिति को दान दे दी है, ताकि छठ व्रतियों को आने जाने में परेशानी नहीं हो. समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि औरंगा नदी स्थित मुख्य छठ घाट पर गंगा आरती की जायेगी. गंगा आरती में वाराणसी के पुरोहित भाग लेंगे. गंगा आरती के लिए मंच का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है. बालू भरी बोरियों से मंच का निर्माण कराया जा रहा है. सूर्यनारायण पूजा समिति के सदस्य इस कार्य में तनमयता से लगे हैं. उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी बाइपास चौक से राजहार मोड़ और छठ घाट तक आकर्षक विद्युत सज्जा करायी जा रही है, कई जगहों पर तोरणद्वार भी बनाये जा रहे हैं.



खोखन तालाब, धनबाद



बेकार बांध तालाब



पम्पू तालाब, धनबाद

## छठ व्रतियों के लिए तैयार है सैकड़ों वर्ष पुराना बेकार बांध तालाब

छठ व्रतियों के लिए तैयार है धनबाद का सबसे प्रसिद्ध सैकड़ों वर्ष पुराना बेकार बांध तालाब .यहां लगभग 15 से 20 हजार श्रद्धालु पहुंचते हैं . यह तालाब 13 एकड़ में फैला हुआ है . इसे पिछले कुछ वर्षों से राजेन्द्र सरोवर के नाम से जाना जाता है .इस तालाब की देखरेख पूरी तरह धनबाद नगर निगम के अधीन है. जिसके कारण तालाब शालो भर साफ रहता है .बेकारबांध तालाब का सौन्दर्यकर्ण धनबाद के पूर्व मेयर चन्द्रशेखर अग्रवाल द्वारा किया गया था .

धनबाद का जेसी मल्लिक खोखन तालाब भी छठ व्रतियों के लिए पूरी तरह तैयार है .यहां पुलिस लाइन , पार्क मार्केट , जगजीवन नगर , तेली पाड़ा आदि क्षेत्रो के लगभग 5 से 7 हजार श्रद्धालु आते है .यह तालाब मजूमदार परिवार द्वारा सार्वजनिक रूप से स्तेमाल के लिए दान दिया गया है . वही उक्त तालाब का सौन्दर्यकर्ण ,खुदाई व घाट निर्माण के लिए वार्ड 25 के पार्षद प्रिय रंजन प्रयासरत है

धनबाद के डीएस कॉलोनी स्थित पम्पू तालाब जहां दास कॉलोनी , चिरागोड , हीरापुर विनोद नगर , भिस्तीपाड़ा, रेलवे कॉलोनी आदि क्षेत्रों के लगभग 25 हजार श्रद्धालु आस्था के महापर्व छठ में अर्घ के लिए आते है .यह घाट भी व्रतियों के लिए निगम द्वारा पूरी तरह तैयार कर दिया गया है . यहां लोग घाट लूटना भी शुरू कर दिए है.

धनबाद का मनईटांड़ छठ तालाब यह भी पूरी तरह छठ व्रतियों के लिए तैयार है .यहां भी आस पास के लगभग 5 हजार श्रद्धालु पहुंचते हैं.

वही आस्था का महापर्व छठ को लेकर धनबाद के बेकार बांध स्थित श्री श्री सूर्य मंदिर बेकार बांध समिति द्वारा

लगभग 5 लाख की लागत से वर्ष 2000 में सूर्य मंदिर का निर्माण किया गया . इसके बाद 2009 में पुष्पा ठक्कर द्वारा भगवान सूर्य की मूर्ति की स्थापना की गई .जहां सालों भर भगवान सूर्य की पूजा की जाती है. फिलहाल श्री श्री सूर्य मंदिर बेकार बांध का देखरेख समिति के सदस्य शिव कुमार खेमका , आंनद चौरसिया और मनोज यादव करते है .

### जमशेदपुर: खुद ही व्यवस्था में लगे लोग

जिला परिषद सदस्य पुर्णिमा मलिक ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया. इस दौरान वे मध्य घाघीडीह पंचायत अंतर्गत रानीडीह छठ घाट, टीआरएफ छठ घाट एवं परसुडीह के विभिन्न छठ घाट पहुंची और जरूरी दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने बताया कि लोगों को किसी तरह का कठिनाइयों का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं. रानीडीह छठ घाट के पास लोगों ने उनसे जेसीबी देने की मांग की ताकि व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके. बता दें कि इस स्थान पर पक्का छठ घाट नहीं है. लोग अपने स्तर से साफ-सफाई कर घाट बनाते हैं.

### ग्रामीण क्षेत्र में चल रहा सफाई का काम

छठ पर्व मद्देनजर बागबेड़ा बडौदा घाट स्थित खरकई नदी एवं कुसुम घाट की साफ-सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है. जिला प्रशासन व विभिन्न संस्था द्वारा घाटों को दुरुस्त करने का कार्य चल रहा है. जमशेदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो खुद स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में घाटों की सफाई करवा रहे हैं. जहां-जहां जरूरत हो रही है वहां जेसीबी के माध्यम से भी सफाई का कार्य कराया जा रहा है. अन्यथा ज्यादातर जगहों पर मजदूर इस कार्य में लगे हुए हैं.

### बुंडू की तर्ज पर बना सिदगोड़ा सूर्य मंदिर

जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर की स्थापना साल 2003 में की गई थी. इसकी स्थापना झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने करवाई थी. सूर्य मंदिर समिति इस मंदिर की देखरेख करती है. समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह है जबकि अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह है. भूपेंद्र सिंह बताते है कि पूर्व में यहां एक हनुमान जी का मंदिर हुआ करता था. 2003 में रघुवर दास को किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुलाया गया था. तब लोगों ने मंदिर का विस्तार कराने का आग्रह किया. रघुवर दास ने बुंडू सूर्य मंदिर की तर्ज पर इसका निर्माण करवाया था.



सूर्य मंदिर, बुंडू

## हजारीबाग



### घाटों पर साफ सफाई का काम जारी

छठ पूजा को लेकर हजारीबाग के विभिन्न छठ घाटों को तैयार किया जा रहा है. यहां एक दर्जन से अधिक तालाब और पोखर हैं, जहां छठव्रती अर्घ्य देते हैं. इनमें छठ तालाब ,झील, खजांची तालाब, मीठा तालाब, गांधी स्मारक तलाब, कोरां तालाब, धोबिया तालाब, प्रमुख हैं. इन जल स्रोतों भक्तों का सैलाब उतर आता है .ऐसे में प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारी की जाती है. खासकर झील में व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं. उम्मीद लगाई जा रही है कि वहां हजारों की संख्या में सूर्य उपासक पहुंचेंगे. ऐसे में जलकुंभी हटाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है. जेसीबी मशीन से जलकुंभी हटाए जा रहे हैं. विड हार्वेस्टर से झील भी साफ कराई जा रही है .हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने झील और तमाम छठ घाट का निरीक्षण करते हुए व्यापक इंतजाम करने का निर्देश दिया है. बाडम बाजार, रामनगर से सैकड़ों लोग अर्घ्य देने के लिए खजांची तालाब और छठ तलाब पहुंचते हैं. इन दोनों तालाबों में भी साफ सफाई और बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का आदेश दिया गया है .नगर निगम चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी तालाब और उसके आसपास के इलाकों में कर रहा है.

▼ ब्रीफ खबरें

### प्रशासन ने छठ घाटों का लिया जायजा

**जयनगर(कोडरमा)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर जयनगर बीडीओ गौतम कुमार व थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कोसमाडीह, घंघरी, बारा डीह करियावां, सरमाटांड़, पेठियाबागी, पिपचो, दुमदुमा छठ घाटों आदि का निरीक्षण किया . वही विवादित हीरोडीह के कोसमाडीह छठ घाट में कुछ आपसी विवाद रहने के कारण लोग परेशान थे.

### प्रज्ञा संचालकों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**जयनगर(कोडरमा)।** जयनगर प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीडीओ गौतम कुमार ने जयनगर क्षेत्र के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की. इस दौरान बीडीओ गौतम कुमार ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. साथ ही साथ सभी संचालकों को यह भी निर्देश दिया गया कि झारखंड फसल राहत योजना एवं पीएम किसान योजना के लाभ को इ केवाईसी मिशन मोड में करना सुनिश्चित करें. उसके अलावा पंचायत भवन में दिन प्रतिदिन जो आमजनों की शिकायतें आवेदन पत्र आती हैं.

### अनियंत्रित स्कॉर्पियो खटाल से टकरायी

**हजारीबाग।** पीटीसी चौक पर नव निर्मित खटाल की दीवार से गुरुवार की शाम अनियंत्रित स्कॉर्पियो टकरा गई. घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. लेकिन खटाल की दीवार और कार क्षतिग्रस्त हो गई. कार पीटीसी रोड के रहने वाले उत्सव कुमार की है. स्थानीय राकेश कुमार के अनुसार उत्सव कुमार अपने दोस्तो के साथ सब्जी खरीदने के लिए पीटीसी चौक पर आए थे. उसी समय उनके मित्र के द्वारा कार चलाने की मांग की गई.

### एसडीओ ने छठ घाटों का निरीक्षण किया

**चौपारण ।** चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ में साफ सफाई एवं शुद्धता का विशेष महत्व है. इसको लेकर सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएं पूरी तन्मयता के साथ छठ घाट की सफाई से लेकर घाट जाने वाले सभी मार्गों का विशेष ख्याल रखा जा रहा है. इसी क्रम में आज बरही एसडीओ पूनम कुजूर एवं एसडीपीओ नाजिर अख्तर चौपारण के ताजपुर स्थित प्रसिद्ध छठ घाट पहुंच कर बारीकी से निरीक्षण किए. इस दौरान अधिकारियों ने छठ पूजा समिति के सदस्यों से बातचीत कर सफाई का जायजा लिया.

### मुखिया ने लिया छठ घाट का जायजा

**टंडवा ।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर कबरा पंचायत मुखिया नीलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिन्हा ने पंचायत क्षेत्र के कबरा, वृन्दा, किशुनपुर, मधवापुर, सिसई, खैल्हा, कटाही मिश्रोल, उरदा स्थित छठ घाटों का जायजा लिया. इस दौरान छठ घाट स्थल के साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था व छठ व्रतियों की सुविधाओं की जानकारी ली. साथ ही छठ घाटों पर गहरे पानी से बचने के लिए बांस से बैरेकेटिंग करने के निर्देश दिए. वहीं मुखिया नीलेश ज्ञासेन ने बताया कि आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व पर व्रतियों को छठ घाटों पर किसी तरह की परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. जर्जर घाटों का जल्द नवनिर्माण या मरम्मति कराया जाएगा एवं समय से पूर्व तालाब और उसके आसपास की सफाई करा लिया जाएगा.

छठ महापर्व में नहाय खाय से एक दिन पहले बाजार में कद्दू सस्ती दर पर 25 से 30 रुपए किलो बिकी

# लोकल आवक बढ़ने से बाजार में घटी सब्जियों की कीमत

संवाददाता । धनबाद

धनबाद में छठ महापर्व पर लोकल आवक अधिक होने से सब्जियां सस्ती बिक रही हैं. खुदरा बाजार में सब्जियों की कीमत 20 रुपए से 40 रुपए प्रति किलो तक बिक रही हैं. भाव कम होने से खरीदारी भी खूब हो रही है. सीजन की नई सब्जियों के भाव में भी कमी आई है. जिले के किसान और कारोबारियों की मानें, तो कीमतों में और कमी आने की संभावना है. नेम-निष्ठा के छठ महापर्व में नहाय खाय से एक दिन पहले गुरुवार को बाजार में कद्दू काफी सस्ते दर पर 25 से 30 रुपए किलो बिका. नहाय-खाय (कद्दू-



भात) शुक्रवार को है. इस दिन व्रती स्नान-ध्यान के बाद अरवा चावल का भात, चना की दाल और कद्दू की सब्जी खाकर व्रत प्रारंभ करते हैं. लिहाजा, कद्दू की मांग बढ़ जाती है. लेकिन इस बार थोक मंडी में कद्दू 16 से 18 रुपए किलो बिक रहा है. बताया जाता है कि धनबाद में सबसे अधिक बंगाल से सब्जियों की आवक हो रही है. वहीं, रांची के ठाकुरगांव से भी फूलगोभी, बंदगोभी, कद्दू सहित अन्य सब्जियां आ रही हैं. जबकि हजारीबाग से टमाटर आ रहा है. धनबाद के खेतों से भी भरपूर सब्जियां बाजार में उतारी गई हैं. भिंडी, धनिया पत्ता, बंदगोभी, फूलगोभी, पालक और मूली बाजार में सस्ते भाव में उतारे गए हैं.

**कीमत घटी**

- सीजन की नई सब्जियों के भाव में आई कमी
- छठ महापर्व पर सब्जियों की बढ़ गई बिक्री

**ये है सब्जी के भाव**

- कद्दू- 25 से 30 रुपये
- बैगन- 20 रुपये
- बंदगोभी- 25 रुपये
- फूलगोभी- 25 से 40 रुपये
- शिमला मिर्च- 40 से 50 रुपये
- बरबट्टी- 30 से 35 रुपये
- धनिया पत्ता- 140 से 160 रुपये किलो
- पालक- 20 से 30 रुपये

(नोट : सब्जियों के भाव प्रति किलो में)

## श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



संवाददाता। चतरा

राज्य के श्रम मंत्री व स्थानीय विधायक सत्यानंद भोक्ता चार दिवसीय दौरे पर गुरुवार को चतरा पहुंचे. वे यहां लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी का जायजा लिया. मंत्री नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत हेरूवा नदी छठ घाट, छठ तलाब, कठौतिया छठ घाट, बाबा छठ घाट व अन्य छठ घाटों का निरीक्षण किया एवं विधि व्यवस्था की जानकारी ली. मौके पर उन्होंने छठ घाट की साफ सफाई एवं मरमती करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का सबसे बडा महापर्व है. इस महापर्व में वृत्तियों को किसी प्रकार से कोई परेशानी नहीं हो इसका विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए.

बहुचर्चित माहेश्वरी परिवार मौत मामले की जांच फिर से हुई शुरू

# एसआईटी जांच शुरू, जल्द अब सामने आएगी सच्चाई

संवाददाता। हजारीबाग

झारखंड के बहुचर्चित माहेश्वरी परिवार के छह लोगों की संदिग्ध मौत की जांच एक बार फिर शुरू कर दी गई है. पिछले दिनों सीआईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की थी. जिस रिपोर्ट पर परिवार वालों ने आपत्ति जाहिर की थी. फिर से झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर माहेश्वरी परिवार के 6 लोगों की मौत मामले की जांच शुरू हो गई है.

**डेढ़ घंटे तक की गयी जांच पड़ताल :** प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 सदस्यीय एसआईटी की टीम ने उस बंद फ्लैट को खोला और जांच की, जहां माहेश्वरी परिवार के छह लोगों की संदिग्ध अवस्था में लाश बरामद हुई थी. डेढ़ घंटे तक वहां जांच की गई. माहेश्वरी परिवार के ही एक सदस्य ने इसकी जानकारी साझा की है.

बुधवार को 1:45 बजे थाने से गये एक कर्मी ने माहेश्वरी परिवार को जानकारी दी थी कि 2:00 बजे फिर से एसआईटी की टीम फ्लैट पर आने वाली है. 2:00 बजे ठीक टीम वहां पहुंची. फ्लैट का ताला खोला गया और जांच शुरू की गई. 3 बजकर 50 मिनट तक पदाधिकारी फ्लैट के अंदर ही रहे. यह भी जानकारी मिली है कि जनवरी महीने तक पूरी जांच रिपोर्ट हाई कोर्ट में प्रस्तुत करनी है.

**डीआईजी को मिला था एसआईटी गठित कर जांच का निर्देश :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआईजी को एसआईटी गठित कर जांच का निर्देश दिया था. जिसके बाद टीम गठित कर जांच भी शुरू कर दी गई है. हाई कोर्ट के निर्देश पर डीजीपी ने कार्यालय ज्ञापांक 4388, विधि, दिनांक सात नवंबर 23 को पत्र जारी कर डीआईजी, उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र हजारीबाग को मामले के अनुसंधान के लिए एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया था. जिसके आलोक में एसआईटी में पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया है. इसमें नौशाद आलम, एसडीपीओ, बगोदर सरिया, गिरिडीह, महेश प्रजापति, एसडीपीओ, सदर, हजारीबाग थाना प्रभारी, सदर थाना, हजारीबाग, पुलिस अवर निरीक्षक नीतीश कुमार, थाना प्रभारी बगोदर, गिरिडीह, वर्षा रानी, थाना प्रभारी, महिला थाना, हजारीबाग, तकनीकी शाखा, हजारीबाग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी को शामिल किया गया है.



**जांच शुरू**

- डीआईजी ने मौत मामले के अनुसंधान का दिया निर्देश
- 14 सदस्यीय एसआईटी की टीम ने शुरू की है जांच

**सदर पुलिस की जांच पर उठा था सवाल**

परिजनों ने भी सदर पुलिस की जांच पर सवाल उठाया है .हजारीबाग के माहेश्वरी परिवार के छह सदस्यों की मौत की जांच का आदेश सीबीआई को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने दिया है . इससे याचिकाकर्ता और माहेश्वरी परिवार के भतीजे राजेश माहेश्वरी ने राहत की सांस ली थी . वह पिछले पांच साल से इसके लिए प्रयासरत थे . उन्होंने इसके लिए मानवाधिकार आयोग, पीएमओ, विधायक सरयू राय, माहेश्वरी समाज और हाई कोर्ट तक का दरवाजा खटखटाया था . 15 जुलाई 2018 को महावीर माहेश्वरी के भाई सांवरमल माहेश्वरी के बयान पर सदर थाने में हत्या का मामला दर्ज हुआ था . बाद में पुलिसिया जांच के बाद इस मामले को आत्महत्या मानकर केस क्लोज कर दिया था . इसके बाद जन दवाब में इस मामले को झारखंड सीआइडी की टीम ने टेक अप किया . सीआइडी की टीम ने सीन रिक्रिएट किया . लेकिन बाद में हजारीबाग पुलिस की जांच को ही टू कर दिया . इस पर राजेश महेश्वरी ने सीआइडी जांच पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच सीबीआई से कराने के लिए याचिका दायर की थी .

**माहेश्वरी परिवार के 6 सदस्यों के शव मिला था**

शहर के खजांची तालाब के निकट स्थित सीडीएम अपार्टमेंट में 15 जुलाई 2018 को फ्लैट नंबर 303 में माहेश्वरी परिवार के छह सदस्यों के शव बरामद हुए थे . इनमें मुख्य सदस्य महावीर माहेश्वरी, पत्नी किरण माहेश्वरी, उनका बेटा नरेश माहेश्वरी, बहू प्रीति माहेश्वरी, पोता अमन माहेश्वरी (10), पोती अन्वी उर्फ परी माहेश्वरी(06)) शामिल थी . इनमें महावीर माहेश्वरी का शव बेडरूम के पंखे से लटका मिला था . वहीं नरेश माहेश्वरी का शरद अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर पर पड़ा था . किरण माहेश्वरी का शव बिस्तर पर पड़ा था . बहू प्रीति पंखे से झूल रही थी . वहीं पोता अमन उसकी गर्दन आगे की ओर लटकी हुई थी . जिसका शव सोफे पर पड़ा हुआ था .

धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को नहीं मिल रही है प्रशासनिक मंजूरी

## अनुमति दे प्रशासन : ढुल्लू महतो

संवाददाता । धनबाद

बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने से नाराज़ बाघमारा विधायक ने ढुल्लू महतो ने प्रेस का सहारा लेकर प्रशासन व सरकार के समक्ष गुहार लगाई है. 16 नवंबर को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि बीते 15 दिनों से वे और उनकी टीम उपायुक्त, लॉ एंड आर्डर एसडीओ, ग्रामीण एसपी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क साध रहे हैं. लेकिन उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है. उन्होंने नाराज़गी को आग्रह में बदल कर जल्द-से-जल्द अनुमति देने की मांग की. ढुल्लू ने कहा कि यह पूरी तरह धार्मिक कार्यक्रम है, इसका राजनीति से कोई लेना देना नहीं है. बावजूद इसके कार्यक्रम को लेकर अनुमति नहीं मिलने के पीछे का कारण समझ नहीं आ रहा है.



### नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बेरमो ।** बेरमो अनुमंडल के चतरोचट्टी थाना की एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ बहला-फुसलाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है. इस संबंध में थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि गोमिया थाना क्षेत्र के तुलबुल ग्राम निवासी बंधु प्रजापति के पुत्र विक्की प्रजापति के द्वारा चतरोचट्टी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाने का मामला दर्ज किया गया है. लिखित शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. इस संबंध में बताया गया कि इंस्टाग्राम पर विक्की प्रजापति का चतरोचट्टी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की से दोस्ती हुआ. इसके बाद विक्की ने उस लड़की के साथ बहला फुसलाकर का शारीरिक संबंध बनाया.

पेज 1 का शेष...

### क्या से क्या हो गया

लोकसभा चुनाव में तो एनडीए ने 39 सीटें जीत लीं. नीतीश बाबू के 16 प्रत्याशी जीत गये. लेकिन विधानसभा चुनाव में जद (यू) तीसरे नंबर पर आ गया. राजद पहले नंबर पर रहा. उससे दो-तीन सीटें कम भाजपा को मिलीं. नीतीश ने इस पराजय का ठीकरा चिराग पासवान पर फोड़ दिया, जिन्हें गंठबंधन में सीटें नहीं मिलीं, तो उन्होंने अलग चुनाव लड़ा.

**भाजपा से 30 सीटें कम फिर भी भाजपा ने सीएम बनाया :** भाजपा से 30 सीटें कम पाने के बावजूद भाजपा ने नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया. नीतीश यह मानकर चल रहे थे कि भाजपा पहले की ही तरह भावतो तोहि कहा रसखानि सो तेरे कहे सब स्वांग रचौंगी की ही मुद्रा में रहेगी. लेकिन उसने सुशील मोदी की जगह दो अन्य पिछड़ों को उप मुख्यमंत्री और विजय सिन्हा जैसे बेधड़क, बेमुरव्वत नेता को स्पीकर बनाकर यह साफ कर दिया कि या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी. फिर केंद्रीय मंत्रिपरिषद में सीटों को लेकर पेंच फंसा. भाजपा ने कहा कि केवल एक सीट मिलेगी. नीतीश दो चाहते थे, ताकि ललन सिंह और आरसीपी सिंह दोनों को तुष्ट किया जा सके. आखिर मंत्री बने आरसीपी सिंह और ललन सिंह उसी समय से अपनी खुटचाल में लग गये. नीतीश भी समझ गये थे कि भाजपा अब उनकी मनमानी नहीं सहेगी. फिर क्या था. सरकार गिर गयी और नीतीश बाबू फिर लालू शरणम गच्छामि हो गये. इसे कहते हैं- खसम करना, उसे छोड़ देना और फिर हम बने, तुम बने एक दूजे के लिए गाते हुए सफर पर निकल जाना.

**भाजपा ने साफ कह दिया- अब लौं नसानी, अब ना नसैहों :** अभी इस बेमेल सफर का साल भर भी नहीं बीता था कि नीतीश कुमार की अन्तरात्मा जागृत हो गयी. उन्हें फिर महसूस होने लगा कि राजद से अच्छी तो भाजपा की दोस्ती थी. संकेत दिये जाने लगे. एजेंट सक्रिय हुए. लेकिन बात बनी नहीं. फिर उन्होंने मोदी हटाओ के अश्वमेध की योजना बनायी. क्षत्रपों को फोन किया. उनसे मिले. एक माहौल बनाया. यह उम्मीद भी पाली कि उन्हें विपक्षी गंठबंधन का संयोजक या प्रधानमंत्री का चेहरा बना दिया जाएगा. लेकिन पटना, बेंगलुरू और मुंबई की बैठकों में इस बाबत कोई चर्चा ही नहीं हुई. इन बैठकों का सारा फोकस कांग्रेस ले उड़ी. लालू प्रसाद खुद राहुल गांधी को मटन बनाना सिखाने लगे. फिर नीतीश को अटल बिहारी वाजपेयी, दीनदयाल उपाध्याय याद आने लगे. उनके प्रति श्रद्धा उमड़ने लगी. राष्ट्रपति के कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से कह दिया कि माजना से दोस्ती मरते दम तक रहेगी. इसके बाद कुछ मध्यस्थ फिर सक्रिय हुए. भाजपा का ही मुख्यमंत्री और नीतीश को केंद्र या कहीं और जगह एडजस्ट करने की अफवाहें उड़ीं. लेकिन भाजपा ने साफ कह दिया कि अब लौं नसानी, अब ना नसैहों. अब ऊहापोह में फंसे नीतीश का मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है. उनका दिमाग कोई दवा खिलाने से खराब हुआ है या उनके खाने में कुछ मिलाने से या हालात के मकड़जाल में फंसने से. लेकिन इतना तय है कि अब नीतीश कुमार वह नहीं हैं, जो थे और वह जिस सौम्यता, भद्रता तथा शिष्टाचार के लिए जाने जाते थे.

**राजनीतिक रूप से अंतिम सांसें गिन रहे हैं नीतीश :** हाल की घटनाओं पर गौर करें तो स्पष्ट हो जाएगा कि अब नीतीश कुमार राजनीतिक रूप से अंतिम सांसें गिन रहे हैं. कानून-व्यवस्था पर बैठक हो रही हो और वह गृह मंत्री को तलाशने लगें, जबकि गृह विभाग उन्हीं के पास है, तो क्या कहा जाए. अपने मंत्री के पिता को श्रद्धांजलि देने जाएं और मंत्री पर पुष्प चढ़ा दें, तो इस मनःस्थिति को किस श्रेणी में रखा जाए. ऐसी घटनाएं-परिघटनाएं आये दिन हो रही हैं. लेकिन जनसंख्या नियंत्रण पर उन्होंने जिस लहजे में और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को तू-तड़ाक करते हुए जो कुछ कहा, वह निंदनीय तो है ही, शोचनीय भी है और नीतीश कुमार के मानसिक दिवालियापन को रेखांकित करता है. जनसंख्या नियंत्रण पर उन्होंने विधानसभा में जब बोलना शुरू किया, तो लगा जैसे वात्स्यायन के कामसूत्र को अपने ढंग से परोस रहे हैं. स्पीकर ने भी उन्हें रोका-टोका नहीं. वह मजे लेकर बोलते रहे. लेकिन इसी विषय पर विधानपरिषद में बोलते हुए उन्होंने अपनी भाव-भंगिमा की चित्रात्मक अभिव्यक्ति से प्यारेलाल आवारा और मस्तराम को भी पीछे छोड़ दिया. इस पर राष्ट्रव्यापी निंदात्मक प्रतिक्रिया हुई, तो दूसरे दिन उन्होंने अपने ही बयान की निंदा की और माफी मांगी. ऐसा लगा कि वह भविष्य में मर्यादा नहीं लांघेंगे. लेकिन अगले ही दिन अपने से उम्र में बड़े और सीनियर विधायक, महादलित और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी को उन्होंने जिस ढंग से लताड़ा और उन्हें मुख्यमंत्री बनाने को अपनी मूर्खता बताया, उससे साफ हो गया कि वह पतनोन्मुख हो गये हैं. वह अब नहीं सुधरेंगे. उनके राजनीतिक भविष्य पर पूर्ण विराम का समय आ गया है. एक संभावनाशील प्रखर समाजवादी का इस तरह अवसादग्रस्त होकर अवसान की ओर अग्रसर होना पीड़ादायी तो है, लेकिन इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार हैं. हालांकि यह देश, बिहार और समाजवादी राजनीति पर बहुत बड़ा आघात है. अच्छा होता कि वह अपनी अन्य मूर्खताएं गिनाते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देते और सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लेते.

### ₹400 करोड़ का नुकसान

**संथाल में 1140 लीज लैप्सः** आंकड़े के अनुसार संथालपरगना प्रमंडल में 1140 लीज लैप्स हो गए हैं. देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज में कुल 1432 खदानों का लीज दिया गया था. इनमें अब सिर्फ 219 खदानों का लीज ही बाकी है. 73 लीजधारकों को अस्थायी रूप से डिस्कनेक्ट कर दिया गया है. **हजारीबाग रीजन में 507 लीज लैप्सः** खनन विभाग के मुताबिक हजारीबाग रीजन में चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और रामगढ़ में कुल 633 लीजधारकों को लीज मिला था, जिनमें से 507 की लीज लैप्स हो गयी. इस रीजन में अब सिर्फ 86 लीजधारक कार्यरत हैं. 40 लीजधारकों को अस्थायी रूप से डिस्कनेक्ट कर दिया गया है. **कोल्हान में 465 लीज लैप्सः** कोल्हान के चाईबासा, जमशेदपुर और सरायकेला-खरसांवा में कुल 560 लीजधारकों को लीज मिला था, जिनमें से 468 लीजधारकों के लीज लैप्स हो गए. इस रीजन में 74 लीजधारक ही कार्यरत हैं. 17 लीजधारकों को डिस्कनेक्ट कर दिया गया है. **पलामू में 173 लीज लैप्सः** पलामू के गढ़वा, लातेहार और पलामू में कुल 263 लीजधारकों को लीज मिला था, जिसमें 173 के लीज लैप्स हो गए. फिलहाल 66 लीजधारक ही कार्यरत हैं. 24 लीजधारकों को डिस्कनेक्ट कर दिया गया है.

## टीएसी की बैठक में पेसा नियमावली का विरोध

प्रमुख संवाददाता । रांची

झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) की बैठक में पेसा पर भी चर्चा हुई. बैठक में मौजूद कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और झामुमो विधायक दीपक बिरुआ ने पेसा को लेकर विभाग द्वारा तैयार नियमावली पर विरोध जताया. शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग ने जो नियमावली तैयार की है, वह पंचायती राज अधिनियम 2001 के तहत तैयार की गई है. इसके लागू होने से अनुसूचित और गैर अनुसूचित क्षेत्रों में कोई अंतर नहीं रह जाएगा.

उन्होंने सुझाव दिया कि पेसा को संसदीय प्रावधान के तहत हुबहू लागू किया जाए. इस पर काउंसिल की ओर से विधायकों से लिखित आपत्ति मांगी गई। द प्रोविंसेस ऑफ म्यूनिसिपैलिटी बिल 2001 पर भी बैठक में चर्चा हुई. झारखंड सरकार 15 से 29 दिसंबर तक आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चला रही है. बैठक में सभी सदस्यों, जन-प्रतिनिधियों एवं प्रभारी मंत्री को इस कार्यक्रम में अपनी भूमिका का निवर्हन करने का निर्देश दिया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में बिरसा आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना सहित सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ लाभुकों को सुनिश्चित कराने के मुद्दे पर गहन चर्चा हुई.




ट्रक ड्राइवर से लूटकांड का 12 घंटे के अंदर पुलिस ने किया खुलासा

## ट्रक लूटकांड में दो गिरफ्तार

संवाददाता। गढ़वा

ट्रक ड्राइवर से लूट की घटना का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर खुलासा कर लिया. पुलिस ने मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, गोली,पल्सर बाइक, 5300 लूटी गई राशि भी बरामद कर ली है. गढ़वा जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 15 नवंबर को रंका थाना क्षेत्र के हुरदाग गांव से एक ट्रक ड्राइवर से 7500 रूपये की लूट हुई थी. लूटी हुई राशि में से 5300 रुपये बरामद कर ली गई है.

वहीं, दो लुटेरों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. दोनों लुटेरों की पहचान विकास कुमार रवि, पिता आदित्य राम हुरदाग रंका तथा सुमित कुमार उर्फ बिट्टू कुमार पिता विजय राम ग्राम कंचनपुर रंका के रूप में हुई है.



बताते चलें कि 15 नवंबर को बिहार राज्य के गया जिला के डुमरिया थाना क्षेत्र के जमुनियाटांड़ निवासी अरविंद कुमार यादव से दोनों लुटेरों ने बंदूक की नोंक पर ड्राइवर से 7500 रुपये लूट लिये थे. जिसके बाद ड्राइवर ने रंका थाना में प्राथमिक दर्ज कराई थी. इसके बाद रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने अपने सहयोगी सब-इंस्पेक्टर पिंकू कुमार, कृष्णा रजवार, डोमन मोची, सोमनाथ सिंह और हरे कृष्ण कुमार के साथ गढ़वा एसपी दीपक कुमार के निर्देश पर एक टीम का गठन किया. टीम ने तत्परता दिखाते हुए 12 घंटे के अंदर ट्रक ड्राइवर से लूटकांड का खुलासा कर लिया. साथ ही लूटी गई राशि सहित हथियार, एक मोबाइल और पल्सर गाड़ी को जब्त किया है. पूछताछ में दोनों से कई इनपुट मिले हैं. मिले इनपुट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

**बर्बादी** सौंदर्यीकरण से पूर्व मुहल्लेवासी हरमू नदी में मनाते थे छठ, सौंदर्यीकरण के बाद हरमू नदी प्रदूषित

# गंदगी और काला कचरा हरमू की नदी की बन गई है पहचान

रेहान अहमद । रांची

राजधानी की हरमू नदी में आज से 15 साल पूर्व बड़ी संख्या में लोग आस्था का महापर्व छठ मनाते थे. 2012 से 14 तक हरमू नदी स्थित विद्यानगर पुल के पास लोग आपसी सहयोग से नदी की सफाई कर दोनों ओर मेढ़ बना कर छठव्रतियों की सुविधा के लिए घाट तैयार करते थे. लोगों की सुविधा के लिए नगर विकास विभाग की ओर से हरमू नदी के सौंदर्यीकरण की तैयारी की गई. हरमू नदी के सौंदर्यीकरण का डीपीआर जुडको ने बना कर दिया. सरकारी पहल पर नदी को विकसित और सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी ईगल इंफ्रा नामक एजेंसी को दी गई. एजेंसी ने वर्ष 2015 से नदी के



सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया. जिसमें अबतक 85.43 करोड़ रुपये खर्च हुए. सौंदर्यीकरण के बाद नदी का प्राकृतिक बहाव नष्ट हो गया. नदी के दोनों ओर किनारे बड़े पत्थर बिछाए गए. उसकी मजबूती के लिए उसमें तार से घेराव किया गया. शौचालय, घास और पौधरोपण भी किया गया. नदी के बीच से पार होने के लिये कई जगह छोटे-छोटे पुल भी बनाये गये. लेकिन इन सबके बावजूद नदी नाले में तबदील हो गई. छलक कर बहने वाली नदी की काले कचरे व गंदगी पहचान बन गई. इस तरह लोग हरमू नदी में छठ करना पूरी तरह से बंद कर दिये.

**नदी प्रदूषित**

- हरमू नदी के जीर्णोद्धार में खर्च हुए थे 85 करोड़
- सौंदर्यीकरण का डीपीआर जुडको ने बनाया था

**गंदगी गिरती है सीधे नदी में**

हरमू नदी की स्वच्छता के लिए एजेंसी ने कडरु तक 27 ड्रेनेज पिट बनाये थे . इसे मुहल्लों के गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर नदी में पानी गिराना था . जो सफल नहीं हुआ . अब कॉलोनी, मुहल्लों के जगह-जगह से गंदा पानी सीधे नदी में गिरते हैं .

**15 साल पहले हरमू नदी में करते थे छठ : रति देवी**

हरमू निवासी रति देवी ने कहा कि 15 वर्ष पहले हम इसी हरमू नदी में महापर्व छठ मनाने जाते थे . घर से पास नदी था, अच्छी सुविधा मिलती थी . लेकिन नदी अब पूरी तरह से नाले में बदल गई है . पानी पूरी तरह से प्रदूषित हो गया है . इस लिए अब हम लोग धुर्वा डैम महापर्व मनाने के लिए जाते हैं .

**पहले लोग नदी में कूद कर नहाते थे : रामजी**

रामजी यादव ने कहा कि 20 से 25 साल पहले भी नदी ठीक थी . बरसात के समय में तेज बारिश में नदी भर जाती थी . आस पास के लोग इसमें कूद कर नहाते थे . हम लोग महापर्व के समय छठ इसी नदी में करते थे . पर अब यहां छठ नहीं करते हैं .

**सौंदर्यीकरण के बाद नदी हुई चौपट : रतन**

रतन जयसवाल ने कहा कि पहले तो नदी कुछ ठीक भी थी, पर जब से सौंदर्यीकरण हुआ तब से नदी पूरी तरह से चौपट हो गई . करोड़ों खर्च करने के बाद भी राजधानी की हरमू नदी का स्तितित्व मिटता दिख रहा है .

## ब्रीफ खबरें

### जमीन विवाद में दबंगों ने की फायरिंग

**पटना ।** राजधानी पटना से सटे मनेर थाना क्षेत्र के नगवा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झड़प और मारपीट की घटना हुई है, जिसका वीडियो भी अब वायरल हो रहा है. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है. हालांकि इस गोलीबारी की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना अब तक नहीं मिली है. घटना उस वक्त हुई जब एक पक्ष खेत में काम कर रहा था और खेत की जुताई चल रही थी. इसी दौरान हथियारबंद अपराधी आते हैं और अचानक फायरिंग करने लगते हैं.

### बाइक सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में बदमाशों का तांडव थम नहीं रहा है. गुरुवार को भी बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया. आनन फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया, जहां सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है. घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के भीखनचक गांव के समीप की है. घायल युवक मरांची निवासी नारायण राय का पुत्र रंजीत राय बताया जा रहा है. परिजनों ने बताया कि रंजीत के पिता को आरोपी गाली गलौज दे रहा था. जिसका विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी.

### अधेड़ के पैर में मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

**बेतिया ।** बेतिया में जमीन विवाद में एक अधेड़ को गोली मार दी गई है. घटना मझौलिया थाना अंतर्गत गढ़वा गांव की है. अली अख्तर अपने खेत पर गया था, तभी एक पक्ष ने लोगों ने उसके पैर में गोली मार दी. घायल को स्थानीय लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है. वहीं मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. घटना बेतिया जिला के मझौलिया थाना क्षेत्र गढ़वा गांव की हैं. जहां शौच करने गए एक वृद्ध अली अख्तर को गांव के ही एक व्यक्ति ने गोली मार दी है. बताया जा रहा है कि अली अख्तर और शकील अहमद के बीच जमीन विवाद चल रहा था.

## चार दिवसीय लोक आस्था के छठ महापर्व की शुरुआत आज से

**पटना ।** चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ अनुष्ठान की शुरुआत आज से शुरू हो जाएगा. चार दिवसीय सूर्य उपासना के पर्व के पहले दिन 17 नवंबर को नहाए खाए, शनिवार को छठ वर्ती खरना करेंगे. उसके बाद रविवार को डूबते हुए सूर्य की उपासना की जाएगी और सोमवार को उदयमान सूर्य की पूजा होगी. ऐसे में छठ पूजा को लेकर पूजन सामग्री से पूरा बाजार सजने लगा है. पटना के आर ब्लॉक चौराहा, कदमकुआं, कुर्जी कंकड़बाग, राजेंद्र नगर, नेहरू पार्क समेत छोटे बड़े सभी इलाकों में सूप, दौरा, मिट्टी के चूल्हे, आम की लकड़ी और नारियल समेत छठ के पूजन सामग्रियों की दुकान लगाई गई है. लोगों ने खरीदारी भी शुरू कर दी है.



**महापर्व को लेकर स्नान व गंगा जल लेने के लिए उमड़ी भीड़** | बेगूसराय : सूर्योपासना के महापर्व छठ को लेकर गंगा तटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है. बेगूसराय के पावन गंगा तट सिमरिया एवं झमटिया में जहां बिहार के विभिन्न हिस्सों से लोगों की भीड़ उमड़ रही है.

## आओ जानें

### बिहार कई ऐतिहासिक क्षेत्रों से मिलकर बना

- वर्तमान बिहार विभिन्न एतिहासिक क्षेत्रों से मिलकर बना है. बिहार के क्षेत्र जैसे–मगध, मिथिला और अंग–धार्मिक ग्रंथों और प्राचीन भारत के महाकाव्यों में वर्णित हैं.
- यह सबसे दु:ख की बात है की भारत के सभी राज्यो में बिहार की अर्थव्यवस्था सबसे बुरी है, 2014 के रिपोर्ट के मुताबिक बिहार अर्थव्यवस्था में सबसे पीछे था और भारत का सबसे गरीब राज्य भी कहा जाता है.
- सिक्खों के दसवें गुरु गोबिन्द सिंह जी का जन्म बिहार की राजधानी पटना में हुई थी. गुरु गोविंद सिंह के जन्म स्थान होने के कारण पटना में उनकी जयन्ती काफी श्रद्धा पूर्ण तरीके से मनाया जाता है.
- बिहार ने हिंदी को अपनी राज्य भाषा का दर्जा दिया है. इसके साथ ही साथ उर्दू को भी बिहार की द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्राप्त है.
- सन 1936 में बिहार से उड़ीसा राज्य को विभाजित करके एक स्वतंत्र राज्य का दर्जा दिया गया. फिर 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य को भी विभाजित करके एक स्वतंत्र राज्य का दर्जा दिया गया.

### मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का किया गया आयोजन, बोले सीएम-

# विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए शुरू होगा आंदोलन

**संवाददाता । पटना**





मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना में उद्योग विभाग के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में केंद्र सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र से तो हम इतना ही ना मांग करते हैं भाई, अरे इतना सब कुछ काम हम कर दिए तो एक काम आप भी कर दीजिए. कितना-कितना आज जरूरत है लोगों को मदद करने का. हम तो कह रहे हैं. यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे दीजिएगा तो काम तेजी से होगा.

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत पहली किस्त वितरण समारोह का आयोजन किया गया था. इसी समारोह में सीएम नीतीश कुमार भी शिरकत करने पहुंचे थे. उस दौरान एक बार फिर उन्होंने कहा कि केंद्र से तो हम हमेशा से ही एक ही चीज मांगे हैं और यदि वे दे देते तो कितना काम हो जाता है. इतना काम हम किए हैं और काम हो जाता है. साथ ही नीतीश कुमार ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार विशेष राज्य का दर्जा देने में और अधिक देरी कड़े की तो हम एक मूवमेंट शुरू करने जा रहे हैं. बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिले इसको लेकर एक मूवमेंट शुरू कर देंगे. ये लोग कोई काम करते हैं. कोई योजना बनाते हैं. खाली बेकार में परेशान करते रहते हैं.

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हम कह रहे हैं यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाएगा तो जो विकास पांच साल में होना है वह दो ही साल में हो जाएगा. सीएम ने कहा कि आज जिसको आप बिहार कहते हैं. यही वह जगह है यही से लोकतंत्र की शुरुआत हुई थी. आज यही राज्य पीछे है तो यही न हम कहते हैं कि अरे आप जल्दी विशेष राज्य का दर्जा दे दीजिए ताकि फिर ये बहुत आगे बढ़ जाएं.

### तेजस्वी बोले

### यादवों को राजद से अलग करने की साजिश हो रही है

**पटना ।** भाजपा की नजर यादवों के वोट बैंक पर है. शायद यही वजह है कि भाजपा की ओर से पटना के बापू सभागार में गोवर्धन पूजा पर यदुवंशी समाज मिलन समारोह का आयोजन कराया गया. भाजपा दावा कर रही है कि यादव समाज के 21 हजार लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली है. इसको लेकर राजनीति जारी है. इस बीच गुरुवार को उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि यादवों को अलग करने की कोशिश हो रही है? छोड़ दीजिए, करने दीजिए, क्या दिक्कत है? किसी को मनाही है? लोकतंत्र है, जिसको जो मर्जी है वो करे. खूब प्रयास करें. हमारी शुभकामना है. बताया जाता है कि गुरुवार सुबह को तेजस्वी और लालू ममता बनर्जी के भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए रवाना हुए. पटना से कोलकाता जाने के दौरान तेजस्वी ने भाजपा को तंज कसते हुए शुभकामना दी.

### राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी बोले-

# लालू और बालू का है पुराना रिश्ता

**संवाददाता । पटना**

जमुई में बालू माफिया के लोगों ने ट्रैक्टर से कुचलकर एसआई प्रभात रंजन की हत्या कर दी. इस घटना के बाद राजनीतिक सियासत गरमा गयी है. विपक्षी पार्टियां सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोल रहे हैं. राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने भी नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला है. इतना ही नहीं उन्होंने नीतीश को इस घटना का जिम्मेदार ठहराया है. वहीं, मोदी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव पर भी गंभीर आरोप भी लगाए हैं. उन्होंने कहा है कि नीतीश ने बालू माफिया को संरक्षण देने वाले राजद के आगे घुटने टेक दिये हैं, इसलिए पुलिस और खनन विभाग के अधिकारियों पर लगातार जानलेवा हमले हो रहे हैं.

**मोदी ने दारोगा के आश्रितों को विशेष अनुग्रह राशि देने की मांग की :** मोदी ने नीतीश सरकार पर बालू माफिया को पॉलिटिकल कवर देने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि राजद की पॉलिटिकल फंडिग कर बालू माफिया पुलिस के साथ-साथ नीतीश सरकार पर दबाव बना रहे हैं. इसलिए तो सशस्त्र खनन पुलिस बल के गठन और ड्रोन कैमरे से निगरानी की डपोरशंखी घोषणाएं लागू नहीं हो पायीं. डिप्टी सीएम तेजस्वी पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि बालू माफिया ट्रैक्टर से कुचल कर दारोगा की हत्या कर देते हैं और उनको घटना की जानकारी तक नहीं थी. उनकी पार्टी के मंत्री चंद्रशेखर इस घटना को रुटीन क्राइम बताकर हत्यारों और बालू माफिया का बचाव कर रहे हैं. मोदी ने कहा कि लालू और बालू का पुराना रिश्ता है. नीतीश के पलटी मारने और राजद के सत्ता में आने से खनन क्षेत्र में अपराध बढ़ा है. उन्होंने कहा कि सत्ता-संरक्षित बालू माफिया के कारण इस सरकार के 14 महीनों में गैंगवार, पुलिस और खनन विभाग के अधिकारियों पर हमले की 50 से अधिक घटनाओं में 24 से अधिक लोगों की हत्या हुई है. गैंगवार में हजारों राउंड गोलियां चलीं और दो दर्जन पोकलेन मशीनें फूंकी गयी.

## गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से 6 लोग झुलसे, स्थिति नाजुक

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के खैरवी गांव में सिलेंडर ब्लास्ट होने से 6 लोग झुलस गये. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. आस-पास के लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सभी को सीतामढ़ी सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. घायलों में मणि कुमार, सरस्वती देवी, सरिता देवी, गजेंद्र पटेल, अमन कुमार और संगीता देवी शामिल हैं. बताया जाता है कि खैरवी गांव निवासी संगीता देवी अपने घर पर गैस सिलेंडर में चाय बना रही थी.

### भारत-नेपाल की सीमा पर पाकिस्तानी महिला और बच्चे गिरफ्तार हुए

**किशनगंज ।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी सुरक्षाकर्मियों ने दैनिक जांच के दौरान नेपाल की ओर से भारत में प्रवेश कर रहे एक महिला एवं एक बच्चे दोनों पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार किए गए दोनों पाकिस्तानी नागरिकों ने अपना नाम शाइस्ता हनीफ एवं आर्यन, कराची, पाकिस्तान निवासी के रूप में बताया.

## कारोबार

### यूको बैंक ने 79 प्रतिशत राशि की वसूली की

**नयी दिल्ली ।** यूको बैंक ने तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) के जरिए बैंक के कुछ खातों में गलती से जमा की गई 649 करोड़ रुपये या 79 प्रतिशत राशि को वापस हासिल कर लिया है. यूको बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि विभिन्न सक्रिय कदम उठाकर बैंक ने प्राप्तकर्ताओं के खातों पर रोक लगा दी और 820 करोड़ रुपये में से 649 करोड़ रुपये वापस हासिल करने सक्षम रहा. यह कुल राशि का करीब 79 प्रतिशत है. बैंक ने 171 करोड़ रुपये की शेष राशि की वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है.

### पीटीसी इंडिया कर्ज मुक्त हो जाएगी : सीएमडी

**नयी दिल्ली ।** पावर ट्रेडिंग समाधान प्रदाता पीटीसी इंडिया अपनी इकाई पीटीसी एनर्जी को 2,021 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ओएनजीसी को बेचने के बाद जल्द ही कर्ज मुक्त हो जाएगी. एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी. पीटीसी इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) राजिब के. मिश्रा ने कहा, पीटीसी एनर्जी की परिसंपत्तियों के हस्तांतरण के साथ कंपनी वस्तुतः ऋण-मुक्त हो जाएगी. मिश्रा ने कहा कि पीटीसी एनर्जी के उद्यम मूल्य में ओएनजीसी की 925 करोड़ की बोली के साथ-साथ 1,100 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण घटक भी शामिल है.

### वेदांता ने सऊदी अरब में नई इकाई स्थापित की

**नयी दिल्ली ।** वेदांता की इकाई माल्को एनर्जी लिमिटेड ने 1,00,000 सऊदी रियाल (22.19 लाख रुपये) के निवेश से तांबे के कारोबार के लिए सऊदी अरब में एक नई इकाई स्थापित की है. वेदांता ने बीएसई को दी जानकारी में कहा, कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी माल्को एनर्जी लिमिटेड ने वेदांता कॉपर इंटरनेशनल वीसीआई कंपनी लिमिटेड के नाम से एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली अनुंषगी कंपनी निगतिम की है. कंपनी के अनुसार, वेदांता कॉपर इंटरनेशनल वीसीआई कंपनी लिमिटेड को नए भौगोलिक क्षेत्रों में वृद्धि के अवसर तलाशने के लिए स्थापित किया गया है.

### पिछले महीने सोने का आयात सितंबर के मुकाबले बढ़ कर लगभग दुगुना हो गया

# सोने के आयात से बढ़ा व्यापार घाटा

### इस महीने 7.2 अरब डॉलर का सोना खरीदा गया



**भाषा । नई दिल्ली**

सोना हमेशा से ही भारतीयों के लिए पसंद की धातु रही है. इसलिए इसकी मांग बाजार में हमेशा बनी रहती है. चाहे कोई भी दौर हो सोना धीरे ही सही, लेकिन कीमत बढ़ती रहती है. वैसे जब शादी-ब्याह या छठी-जन्मोत्सव हो हर शुभ अवसर पर सोने का उपहार दिया ही जाता है. यही इस बार दिवाली और धनतेरस पर भी देखने को मिला. इन अवसरों पर इस बार खूब सोना खरीदा गया. लेकिन भारतीयों का यह सोने का प्यार इकॉनामी का दम निकाल रहा है. पिछले महीने सोने का आयात बीते सितंबर महीने के मुकाबले बढ़ कर लगभग दूना हो गया. इस चक्कर में अक्टूबर 2023 के दौरान अपना व्यापार घाटा बढ़ कर 31 अरब डॉलर से भी ऊपर चला गया. बीते अक्टूबर महीने में सोने का आयात बढ़ कर करीब-करीब दूना हो गया. इस महीने देश में 7.2 अरब डॉलर का सोना विदेशों से खरीदा गया जबकि इससे एक महीने पहले मतलब कि सितंबर 2023 के दौरान 4.1 अरब डॉलर का सोना आयात किया गया था. यह 95.4 फीसदी की बढ़ोतरी है.

दिल्ली बुलियन एंड ज्वैलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल गोयल का कहना है कि यह आयात त्योहारी तैयारी के लिए हुआ था. नवंबर में धनतेरस और दिवाली का त्योहार था. इसलिए अक्टूबर में खूब सोना मंगाया गया. गोयल का कहना है कि इसी महीने 23 तारीख से शादी-ब्याह का मौसम शुरु हो रहा है. इस अवसर पर सोने की खूब खरीदारी की जाती है. अब नवंबर में जेवरातों की खरीदारी होगी तो उसे बनाने में भी समय लगेगा. इसलिए लगन की खरीदारी के लिए भी बाहर से सोना अक्टूबर में ही मंगवा लिया गया. बीते अक्टूबर में भारत का वस्तु व्यापार घाटा अक्टूबर में 31.5 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया. त्योहारी मांग के कारण न सिर्फ सोना बल्कि चांदी के आयात में भी जबरदस्त वृद्धि हुई. इसी से व्यापार घाटा भी खूब बढ़ा. एक साल पहले इसी महीने में देश का व्यापार घाटा 26.31 अरब डॉलर रहा था. हालांकि, बीते अक्टूबर में वस्तु निर्यात पिछले 11 महीनों में सबसे तेज गति (6.2 फीसदी) से बढ़कर 33.6 अरब डॉलर हो गया. इसी महीने आयात भी पिछले 13 महीनों में सबसे अधिक रफ्तार (12.3 फीसदी) से बढ़कर 65.03 अरब डॉलर हो गया. महीने के दौरान सोने का आयात 95.4 फीसदी बढ़कर 7.2 अरब डॉलर हो गया जबकि चांदी का आयात 124.6 फीसदी उछाल के साथ 1.3 अरब डॉलर हो गया.

वहीं इस पर वाणिज्य सचिव सुनील बड़थ्वाल का कहना है कि अब भारत से निर्यात बढ़ने लगा है. अक्टूबर के आंकड़ों से पता चलता है कि उम्मीद के संकेत अब दिखने लगे हैं. उन्होंने कहा कि अगस्त के आंकड़ों के दौरान हमने जिन उम्मीद की किरणों की बात की थी वे अब स्थिर होने लगी हैं. उम्मीद है कि हम पिछले साल के आंकड़े को पार कर लेंगे. यह ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक स्तर पर जिंस की कीमतों में नरमी दिख रही है. इसके अलावा उच्च ब्याज दर और विनिमय दर में तेजी के कारण चुनौतियां बरकरार हैं.

**हुआ घाटा**

- अक्टूबर में व्यापार घाटा 31 अरब डॉलर पार कर गया
- सितंबर में 4.1 अरब डॉलर का सोना आयात हुआ था

### जापान का निर्यात अक्टूबर में 1.6% बढ़ा

**तोक्यो ।** जापान के निर्यात में अक्टूबर में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई. वाहन और जहाज का निर्यात बढ़ने से यह वृद्धि हुई है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, शेष एशियाई देशों में निर्यात में गिरावट आई है, जबकि अमेरिका तथा यूरोप में निर्यात में वृद्धि हुई है. वहीं जापान का आयात अक्टूबर में 12.5 प्रतिशत गिरावट के साथ 9800 अरब येन (64 अरब डॉलर) हो गया. इसकी मुख्य वजह तेल, गैस और कोयले की कम लागत रही. कंप्यूटर के हिस्सों तथा अनाज का आयात भी कम रहा, जबकि स्टील के आयात में वृद्धि हुई. अक्टूबर में 9150 अरब येन (60.5 अरब डॉलर) के निर्यात के साथ व्यापार घाटा सालाना आधार पर 70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 662.5 अरब येन (4.4 अरब डॉलर) हो गया. मूडीज एनालिटिक्स के अर्थशास्त्री स्टीफन एंग्रीक ने कहा, निर्यात ने इस साल की पहली छमाही में मजबूत वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद की, लेकिन अब जब निर्यात में सुधार की गति तेज हो गई है तो वृद्धि को नए सिरे से बढ़ावा मिलने की संभावना बहुत कम दिखाई दे रही है. खपत और निवेश कमजोर होने के कारण जुलाई-सितंबर में जापान की अर्थव्यवस्था 2.1 प्रतिशत की वार्षिक गति पर पहुंच गई थी.



## महिंद्रा ने ऊर्जा क्षेत्र को 5 गुना करने का रखा है लक्ष्य

**एजेंसी । मुंबई**

महिंद्रा एक समय उच्च पूंजी आवश्यकताओं के कारण नवीकरणीय ऊर्जा से बाहर निकलने की कगार पर था लेकिन अब उसने अगले पांच वर्षों में कारोबार को पांच गुना करने की योजना बनाई है. एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही.

महिंद्रा एंड महिंद्रा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अनीश शाह ने कहा कि एक महत्वपूर्ण बदलाव जिसने योजनाओं में बदलाव को प्रेरित किया और वास्तव में उसे बढ़ाने का विकल्प चुना. वह बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट्स) की शुरुआत था. फिक्की के एक कार्यक्रम में शाह ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय के लिए कंपनी ने एक वैश्विक निवेशक के साथ साझेदारी की है. यह अगले पांच वर्षों में बढ़कर पांच गुना हो जाएगा. उन्होंने कहा कि नवीकरणीय व्यवसाय में संसाधनों की खपत और कर्ज के ढेर के कारण पूंजी की समस्या थी. शाह ने कहा कि कंपनी के पास अब कारोबार के लिए एक स्पष्ट योजना है और आगे भी इसे बढ़ाने का लक्ष्य रखा जाएगा. समूह की वेबसाइट के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय की क्षमता 1.55 गीगावॉट है. कनाडा के ओंटारियो टीचर्स पेंशन प्लान बोर्ड ने पिछले साल 2,371 करोड़ रुपये के इक्विटी मूल्य पर महिंद्रा सस्टेन प्राइवेट लिमिटेड में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की थी. उसी लेनदेन के तहत 'इनविट' स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा गया. शाह ने कहा कि भारत ने विश्व मंच पर अपने नेतृत्व को अच्छी तरह समझा है. मजबूत शासन और जीवंत पूंजी बाजार प्रत्येक राष्ट्र के लिए एक बड़ी आवश्यकता है.

### मामला | सहारा प्रमुख के निधन पर सेबी चीफ माधवी पुरी बुच ने दी प्रतिक्रिया, बोलीं-

# सहारा में जिनके पास निवेश के सबूत थे, उन्हें पैसा मिल गया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच ने गुरुवार को कहा कि सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय के निधन के बाद भी सहारा का मामला पूंजी बाजार नियामक के समक्ष जारी रहेगा. उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम से इतर बुच ने संवाददाताओं से कहा कि सेबी के लिए यह मामला एक इकाई के आचरण से जुड़ा है और यह जारी रहेगा, भले ही कोई व्यक्ति जीवित हो या नहीं. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच से जब सहारा समूह के अवितरित धन को निवेशकों को लौटाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय के तहत एक समिति है और हम सभी कार्रवाई उसी समिति के तहत करते हैं. विज्ञापनों के कई दौर के बाद जिसके पास (सहारा में) निवेश के सबूत थे, उन्हें अपना पैसा मिल गया.

**सेबी के पास पड़ी है 25 हजार करोड़ की धनराशि :** दूसरी ओर, सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय के निधन के बाद पूंजी बाजार नियामक सेबी के खाते में पड़ी 25,000 करोड़ रुपये से अधिक की गैरवितरित धनराशि भी एक बार फिर से चर्चा में है. रॉय समूह की कंपनियों के संबंध में कई विनियामक तथा कानूनी लड़ाइयों का सामना कर रहे थे. उन पर योजनाओं में नियमों को दरकिनार करने का भी आरोप था. हालांकि सहारा समूह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को हमेशा खारिज किया.

पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 2011 में सहारा समूह की दो कंपनियों सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसआईआरईएल) और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएचआईसीएल) को वैकल्पिक रूप से पूर्ण परिवर्तनीय बांड (ओएफसीडी) के रूप में पहचाने जाने वाले कुछ बांडों के जरिए करीब तीन करोड़ निवेशकों से जुटाए गए धन को वापस करने का आदेश दिया था.

**नियमों और विनियमों का उल्लंघन करके धन जुटाया था :** नियामक ने आदेश में कहा था कि दोनों कंपनियों ने उसके नियमों और विनियमों का उल्लंघन करके धन जुटाया था. लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उच्चतम न्यायालय ने 31 अगस्त 2012 को सेबी के निर्देशों को बरकरार रखा और दोनों कंपनियों को निवेशकों से एकत्र धन 15 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने को कहा था. इसके बाद सहारा को निवेशकों को धन लौटाने के लिए सेबी के पास अनुमानित 24,000 करोड़ रुपये जमा करने को कहा गया. हालांकि समूह लगातार यह कहता रहा कि उसने पहले ही 95 प्रतिशत से अधिक निवेशकों को प्रत्यक्ष रूप से भुगतान कर दिया है.

**बांडधारकों ने इसको लेकर कोई दावा नहीं किया :** पूंजी बाजार नियामक की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सहारा समूह की दो कंपनियों के निवेशकों को 11 वर्षों में 138.07 करोड़ रुपये वापस किए. इस बीच पुनर्भुगतान के लिए विशेष रूप से खोले गए बैंक खातों में जमा राशि बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है. सहारा की दो कंपनियों के अधिकतर बांडधारकों ने इसको लेकर कोई दावा नहीं किया और कुल राशि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में करीब सात लाख रुपये बढ़ गई.

## कच्चे तेल, डीजल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती

**भाषा । नयी दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में नरमी के बाद सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल तथा डीजल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर में बृहस्पतिवार को कटौती की. आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क या एसएईडी के रूप में लगाया जाने वाला कर 9,800 रुपये प्रति टन से घटाकर 6,300 रुपये प्रति टन कर दिया गया है.

डीजल के निर्यात पर एसएईडी को दो रुपये प्रति लीटर से घटाकर एक रुपये प्रति लीटर कर दिया गया. विमान ईंधन या एटीएफ और पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क शून्य ही रहेगा. नई कर दरें बृहस्पतिवार से लागू हो गईं. इससे पहले एक नवंबर को दरों में संशोधन करते हुए सरकार ने कच्चे तेल पर कर 9,050 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 9,800 रुपये प्रति टन कर दिया था. इसके साथ ही डीजल के निर्यात पर शुल्क को आधा कर दो रुपये कर दिया गया था.

विमान ईंधन पर शुल्क एक रुपये प्रति लीटर से शून्य कर दिया गया था. पिछले संशोधन के बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतें नरम हुई हैं, जिससे कटौती आवश्यक हो गई. भारत द्वारा आयात किए जाने वाले कच्चे तेल का औसत मूल्य इस महीने अभी तक 84.78 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहा. अक्टूबर में यह औसत 90.08 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल और सितंबर में 93.54 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था.

## आंकड़ों से मिलती चेतावनी

देश को 2047 तक दुनिया के तीन उन्नत-विकसित राष्ट्रो में एक बना देने की गारंटियां इन दिनों जोरशोर से दी जा रही हैं. पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था की बातें पहले से ही की जाती रही हैं. भारत एक उन्नत और विकसित देश बने, यह तो हर एक नागरिक का सपना है. इसके बावजूद कुछ ठोस वास्तविकताएं जो हर समय दस्तक देती हैं, उन्हें हल किए बगैर लक्ष्यों की ओर कूच करना संभव नहीं होगा. प्रधानमंत्री अस्सी करोड़ लोगों को 2028 तक मुफ्त राशन देने का एलान कर चुके हैं. जाहिर है कम से कम इतने लोगों की आजीविका और रोजगार बड़ी समस्या बन कर उभर कर आ गयी है. एनएसएसओ के ताजा आंकड़े बताते हैं कि देश में पहली बार विनिर्माण क्षेत्र में लगे ज्यादातर मजूदर या तो गांव लौट गए हैं या फिर गिग वर्कर्स बनने के लिए मजबूर कर दिए गए हैं. हालत तो यह बन गयी है कि ये लोग किसी तरह पेट की भूख मिटा पा रहे हैं. यानी असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के साथ ही लघु और मध्यम क्षेत्र के उद्योगों में कार्यरत मजदूरों के समक्ष रोजगार का संकट गहराता जा रहा है. एक और तथ्य बारबार दस्तक दे रहा है कि भारत में आर्थिक वृद्धि दर के लाभ आम जन तक नहीं पहुंच रहे हैं. इस बारे में तो पहले से पर्याप्त आंकड़े मौजूद रहे हैं, लेकिन अब व्यापार जगत का कारोबार भी मद्धम हो चला है. यह रोज-ब-रोज जाहिर हो रहा है. वैसे देखा जाए तो इन दोनों परिघटनाओं में सीधा संबंध है.

> एनएसएसओ के ताजा आंकड़े बताते हैं कि देश में पहली बार विनिर्माण क्षेत्र में लगे ज्यादातर मजूदर या तो गांव लौट गए हैं या फिर गिग वर्कर्स बनने के लिए मजबूर कर दिए गए हैं. हालत तो यह बन गयी है कि ये लोग किसी तरह पेट की भूख मिटा पा रहे हैं.

अगर आम जन की वास्तविक आय नहीं बढ़ती है तो उनका उपभोग घटता है, जिसका असर बाजार में मांग पर पड़ता है और अंततः यह स्थिति कारोबार जगत को प्रभावित करती है. अब ऐसा होने के साफ संकेत मिल रहे हैं. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट- अहमदाबाद की ताजा बिजनेस इन्फ्लेशन एक्सपेक्टेशन सर्वे (बीआईईएस) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय कंपनियों की बिक्री और मुनाफे की स्थिति मद्धम बनी हुई है. सर्वे में शामिल 56 फीसदी कंपनियों ने बताया कि बीते सितंबर में उनकी बिक्री सामान्य से काफी कम अथवा कुछ कम रही. अगस्त में ऐसा कहने वाली कंपनियों की संख्या 52 प्रतिशत थी. इसी तरह आगे बिक्री सामान्य या सामान्य से अधिक होने की आशा रखने वाली कंपनियों की संख्या में अगस्त की तुलना में तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गई. यह स्थिति तब है, जब कंपनियों पर लागत में वृद्धि का दबाव नहीं बढ़ रहा है. जाहिर है, कंपनियों की बिक्री इसलिए नहीं बढ़ रही है, क्योंकि उपभोक्ताओं की क्रय-शक्ति घटती चली गई है. एक बिजनेस अखबार में बताया गया है कि पिछली दो तिमाहियों में कॉरपोरेट सेक्टर के मुनाफे में भारी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन बिक्री से होने वाली उन कंपनियों की आय घट गई है. स्पष्टतः यह मुनाफा शेयर बाजार से हुआ है.

### सुभाषित

**यदि सन्ति गुणाः पुंसां विकसन्त्येव ते।**
**स्वयं न हि कस्तुरिकामोदः शपथेन विभाव्यते।।**

मनुष्य के गुण अपने आप फैलते हैं, बताने नहीं पडते, जिसतरह कस्तूरी का गंध सिद्ध नहीं करना पड़ता. अभिप्राय यह कि किसी भी मनुष्य का शील-स्वभाव और गुण छिपाये नहीं छिपते. सहज ढंग से ही आसपास के लोगों पर छा ही जाते हैं.

# अब तो बदल दो इस तालाब का पानी

**भारत से विश्व तक लोकतंत्र की अपेक्षाओं से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन ज्वलंत मुद्दों से कतराने एवं सार्थक संवाद से उत्पन्न लोकहित की संभावना का बाधित होना चुनौती तो है. संसदीय व्यवस्था में मताधिकार द्वारा लोक से प्रतिनिधि निर्वाचित होते हैं . उन्हें जो भी शक्तियां, विशेषाधिकार प्राप्त हैं, वे मतदाताओं के हैं. मूलतः विशेषाधिकार ही नहीं, लोकतांत्रिक सर्वाधिकार उन्हीं के हाथों में है. पर हो रहा है इसके विपरीत.**



'अब तो इस तालाब के पानी बदल दो' दुष्यंत की यह पंक्ति बार बस आज के संसदीय विधाई मर्यादा के तेजी से ह्रास के प्रसंग में याद आ जाती है और प्रश्न खड़ा करती हैं. संवैधानिक व्यवस्था के तहत विधानसभाएं और संसद हमारे भाग्य विधाता हैं. इन्हीं में लोकतंत्र की लोक शक्ति समाहित, प्रतिबिंबित और प्रतिभाषित हैं. लोकतंत्र की आत्मा हैं ये प्रतिनिधि सभाएं. देश के 90 करोड़ से अधिक मतदाताओं सहित 140 करोड़ की जनास्था इनमें निहित है. इनको लोक ने इतनी शक्ति प्रदान की है कि ये समस्त जीवन क्रम में नियामक हैं, विधायक हैं. भारतीय संविधान जिसे जन-जन की आत्म स्वीकृति प्राप्त है, के माध्यम से इन्हें विशेषाधिकार प्राप्त हैं. सदन में संवाद, चर्चा, विमर्श, विनियमन में ये विशेषाधिकार प्रदर्शित होते हैं. भारत की करोड़ों आंखें इन्हें बड़े गौर से ललचाई नजरों से निहारती हैं और पल-पल अपने हित की उम्मीद लगाए रहती हैं. उन्हें विश्वास है कि इसी मार्ग से सार्वदेशिक हित की गाड़ी आगे बढ़ती है. लोकतंत्र के प्रति अटूट जनास्था सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की उम्मीद लिए प्रतिनिधिक व्यवस्था में विश्वास और सहभागिता रखती है. पर आज इस अटूट जनास्था के समक्ष एक भयावह प्रश्न चिह्न खड़ा होने का प्रयास कर रहा है. क्या लोकतंत्र के ये मूर्धन्य स्तंभ जनादेश का सम्मान कर रहे हैं, उसके अनुरूप संव्यवहार हो रहे हैं? लोक से प्रदत्त शक्ति का सदुपयोग हो रहा है? लोग मर्यादाएं क्या अक्षुण्ण हैं? और सबसे बढ़कर क्या ये संस्थाएं 'योग क्षेम वहाम्यहम 'की दिशा में अग्रसर हैं? भारी भरकम कर संचित निधि के विनियोजन से उभर चुनाव परिणाम लोक और उसके तंत्र को क्या मुंह नहीं चिढ़ा रहे? आदि अनेक प्रश्न उठते हैं और समय सापेक्ष प्रत्युत्तर की अपेक्षा करते हैं. इसी के बीच कहीं न कहीं उसके प्रति लोक की निराशा और हताशा की स्पष्ट रेखाएं भी दिखाई देती हैं. महत् प्रश्न है, क्या यह भारतीय लोकतंत्र के लिए समीचीन है? भारत लोकतंत्र की जननी है. जब विश्व सभ्यताओं की दौड़ में कहीं पीछे खड़ा था, हमने इस आदर्श व्यवस्था को अंगीकृत किया था. हम सर्वानुमति के लोकतंत्र के समीप थे. ₹जो पांचहि मत लागहिं नीकार के पीछे का यही भाव था. हमारे गांव टोला मोहल्ले न्याय की सर्वोच्च पीठ थे, पंच परमेश्वर. शासन व्यवस्था संपर्क, संवाद, चर्चा, विमर्श, सहमति, स्वीकृति आधारित थी. इसी से तो निकला लोकतंत्र 'लोगों का ,लोगों के द्वारा और लोगों के लिए. हमारे बारे प्राचीन गणतंत्र इसके आधार पृष्ठ थे, जहां से लोक के सामवेत स्वर मुखरित होते थे. लंबे संवाद विमर्श के उपरांत सूत्रित भारतीय संविधान उन सारे लोक हित के अपबंधों से आच्छादित हैं, जिनमें प्रत्येक नागरिक के समग्र विकास, सह अस्तित्व और सहभागी लोक संस्कृति की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के सूत्र रेखांकित हैं. पर आज संविधान हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था से अनेक प्रश्न पूछ रहा है . क्या है रोड मैप समग्र विकास का? खाई रोज क्यों बढ़ रही है? समाज के घटक कब तक स्वावलंबी बन पायेंगे? कबतक खिलाओगे करार्जित लोक निधि से आधी से अधिक आबादी को? हर हाथ को काम और काम का पूरा दाम का संकल्प कौन पूरा करेगा? लूट, अपहरण, हत्या, बलात्कार, भ्रष्टाचार और सबसे बढ़कर सत्ता लोलुपता ने लोक जीवन को किस चौराहे पर खड़ा कर दिया है? अहम प्रश्न इतने विकराल हो चुके हैं कि समाधान के सफल प्रयास अत्यल्प सिद्ध हो रहे हैं. एक आम पहलू है लोक निधि का विचलन. कल्याणकारी योजनाओं से कमीशन खोरी की लत जा नहीं रही है. भ्रष्टाचार निवारण के प्रयास और आंशिक सफलता से किंचित मिल रहे संतोष को इसकी व्याप्ति झुठला रही है. बात-बात पर संविधान की दुहाई देने वाले ही संवैधानिक मूल्यों, मानकों की अवहेलना में अग्रणी हैं. ऐसा लगता है, राजनीति में लोकतंत्र को शिकस्त में डाल दिया है. 'जिन पर तकिया था, वही पत्ते हवा देने लगे'. राजनीतिक -प्रशासनिक भ्रष्टाचार से आमजन का दम निकल रहा है. सेवा से पेशा और पेशा से व्यवसाय बनी राजनीति का जाल ऊपर से नीचे तक फैल गया है. मर्यादाएं, संव्यवहार तो कहीं राह भूल गए हैं. संसद और विधानमंडल राजनीतिक दुश्मनी (प्रतिद्वंदिता नहीं ) के अखाड़े स्वरूप दिखाई पड़ रहे हैं. संस्थानों पर प्रश्न चिह्न उठाना आम बात हो गयी है. उंगली तो संसद तक में प्रश्न पूछने पर उठाई जा रही है. अब तो उपकृत होकर प्रश्न पूछना, वरिष्ठ सदस्यों ही नहीं, मुख्यमंत्री तक के संवाद एवं व्यवहार अमर्यादित बताये जा रहे हैं तो शेष के बारे में क्या कहा जाए. कभी-कभी तो संसदीय मानकों मूल्यों को शर्मसार करने वाली घटनाएं भी देखी जाती हैं. पीठासीन पदाधिकारी से लोकतंत्र जो अपेक्षा करता है, उस पर भी शंका की दृष्टि उठ रही है. बार-बार न्यायपालिका का हस्तक्षेप विधायी संप्रभुता को मुंह चिढ़ा रहा है. इतना ही नहीं, सिकुड़ती कार्य अवधि एवं सुविधा के हिसाब से संसदीय व्यवस्था का संचालन भी लोकतंत्र के लिए सुखद संकेत नहीं देते. कहीं न कहीं आम मतदाता सकते में है. जाए तो जाए कहां?

भारत से विश्व तक लोकतंत्र की अपेक्षाओं से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन ज्वलंत मुद्दों से कतराने एवं सार्थक संवाद से उत्पन्न लोकहित की संभावना का बाधित होना चुनौती तो है. संसदीय व्यवस्था में मताधिकार द्वारा लोक से प्रतिनिधि निर्वाचित होते हैं . उन्हें जो भी शक्तियां, विशेषाधिकार प्राप्त हैं, वे मतदाताओं के हैं. मूलतः विशेषाधिकार ही नहीं, लोकतांत्रिक सर्वाधिकार उन्हीं के हाथों में है. पर हो रहा है इसके विपरीत. अपेक्षा है, भारतीय लोकतांत्रिक मानकों मूल्यों के संरक्षण हेतु संस्थागत संव्यवहार में परिवर्तन आएगा और हमारा लोकतंत्र एवं हमारी संसदीय व्यवस्था सर्वथा आदर्श साबित होती रहेगी. लोकतंत्र भारत की आत्मा में बसा है. विश्व बंधुत्व और सर्वेसन्तु निरामया से अभिषिक्त हमारा लोकतंत्र सभी परिस्थितियों, दशाओं में सर्व स्वीकार्य एवं स्तुत्य रहेगा.

**• देश-काल**



अयोध्या नाथ मिश्र

**• बोधि-वृक्ष** | डॉ. सत्यकेतु संजय



## मेरे तो गिरिधर गोपाल

भक्त शिरोमणि मीराबाई पर उसकी माता विवाह के लिए दबाव डालने लगी, लेकिन जब मीरा ने कह दिया कि उसका विवाह तो गिरिधर गोपाल से हो चुका है तो माता जी ने चौंक कर पूछा- कब हुआ तेरा विवाह? हमने तो न देखा, न सुना. कब हल्दी चढ़ी, कब बारात आई, कब विवाह-विदाई हुई? न ही किसी ने कन्यादान किया ? यह तुझे बाबो शा ने ही सिर पर चढ़ाया है. मीरा ने माता जी को चिढ़ाया- यदि आपको लगता है कि विवाह नहीं हुआ तो अभी कर दीजिए. न तो वर को कहीं से आना है न कन्या को. दोनों आपके सम्मुख ही हैं. दूसरी तैयारी ये लोग कर देंगी. दो जनी जाकर पुरोहित जी और कुंवर शा (पिता जी) को बुला लाएंगे. माता जी ने अपने सिर पर हाथ रख कर कहा- हे भगवान ! अब मैं क्या करूँ ? रनिवास में सब मुझे ही दोषी ठहराते हैं कि बेटी को समझाती नहीं और यहां यह हाल है कि ....इस लड़की के मस्तिष्क में मेरी एक बात भी नहीं घुसती. फिर थोड़ा शांत हो कर प्यार से वीरकुवंरी जी मनाते हुए कहने लगी- बेटा, नारी का सच्चा गुरु पति होता है. मीरा ने उनकी बात काट दी- पर भाबू ! आप मुझे गिरधर से विमुख क्यों करती हैं ? ये तो आपके सुझाये हुए मेरे पति हैं न ? अहा ! जिस विधाता ने इतना सुन्दर रूप दिया, उसे इतनी भी बुद्धि नहीं दी कि यह सजीव मनुष्य में और पीतल की मूरत में अन्तर ही नहीं समझती. वह तो उस समय तू ज़िद कर रही थी, इसलिए....तुझे बहलाने के लिए कह दिया था. मीरा ने मुस्कराते हुए कहा- आपही तो कहती हैं कि....कच्ची हांडी पर खींची रेखा मिटती नहीं और पकी हांडी पर गारा ठहरता नहीं. उस समय मेरे कच्ची बुद्धि में बिठा दिया कि गिरधर तेरे पति हैं और अब दस वर्ष की होने पर कहती हैं कि ... वह बात तो बहलाने के लिए बोलती थी. भाबू ! पर सब संत यही कहते हैं कि मनुष्य शरीर भगवत्प्राप्ति के लिए मिला है. इसे व्यर्थ कार्यों में नहीं लगाना चाहिए. वीरकुवंरी जी उठकर चल दी. सोचती जाती थी, ये शास्त्र ही आज बैरी हो गये. मेरी सुकुमार बेटी को यह बाबाओं वाला पथ कैसे पकड़ा दिया. उनकी आंखों में चिन्ता से आंसू आ गये. मीरा मां की बातें सोचते हुए कुछ देर एकटक गिरधर की ओर निहारती रही.

## ‘टू प्लस टू’ वार्ता के तहत कई अहम समझौते

**• विमर्श**

अरविंद जयतिलक

भारत और अमेरिका के बीच संपन्न ‘टू प्लस टू’ वार्ता ने दोनों देशों के प्रगाढ़ होते रिश्ते को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है. दोनों देशों ने ‘टू प्लस टू’ वार्ता के तहत कई अहम समझौते को आयाम दिए हैं, जो दोनों देशों की सामरिक रणनीति को धार देने वाली है. दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों ने डिफेंस प्रोडक्शन, इस्राइल-हमास जंग और हिंद प्रशांत महासागर में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप को लेकर रणनीति बुनी है. दोनों देशों ने बख्तरबंद गाडियों का मिलकर प्रोडक्शन करने पर सहमति जताई है जिसका नाम स्ट्राइकर होगा. भारत को अमेरिका से 31 प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी मिलने पर भी बात आगे बढ़ी है. प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी के जरिए हिंद महासागर में निगरानी तंत्र को मजबूत किया जा सकेगा. चूंकि हिंद महासागर क्षेत्र से भारत को ऊर्जा जरूरतों और व्यावसायिक सामानों का आयात-निर्यात होता है. ऐसे में निगरानी के लिए प्रिडेटर ड्रोन कवच का काम करेगा. गौर करें तो इस इलाके में तकरीबन 12 हजार जहाजों की मौजूदगी लगातार बनी रहती है. चीन का 80 फीसदी व्यापार इसी रूट के जरिए मलक्का स्टेट से होकर गुजरता है. चूंकि भारत को अमेरिका से मिलने जा रहा प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी मिसाइल से लैस होगा ऐसे में इस इलाके में चीन की बढ़ती हिमाकत का जवाब दिया जा सकेगा. ‘टू प्लस टू’ वार्ता के दौरान भारत ने अमेरिका से कनाडा में अलगाववादी समर्थक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर भी चिंता जतायी है. इसके अलावा दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने की हामी के साथ पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है कि मुंबई हमले के दोषियों को न्याय के दायरे में लाया जाए. दोनों देशों ने अफगानिस्तान में शासन कर रहे तालिबान से मानवाधिकार का सम्मान करने की भी अपील की है. उल्लेखनीय है कि ‘टू प्लस टू’ डायलाग भारत अमेरिका जैसे देशों के बीच उच्च स्तरीय बातचीत का एक मंच है, जिसमें एक दूसरे देशों की रक्षा और विदेशमंत्री अथवा सचिव शामिल होते हैं. पहली ‘टू प्लस टू’ वार्ता 2018 में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के दौरान हुई. तब दोनों देशों ने कम्युनिकेशंस काम्पैटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट (कॉमकासा) पर अपनी सहमति जतायी. इस समझौते ने भारत के लिए भी अमेरिका की तरफ से उसके सहयोगी देशों को रक्षा तकनीक देने और आपातकालीन स्थिति में उन्हें मदद देने का रास्ता खोल दिया है. अब भारत पहला गैर नाटो देश होगा, जो अमेरिकी मदद से संवेदनशील सुरक्षा तकनीक से लैस होगा. गौर करें तो विगत एक दशक में भारत और अमेरिका के बीच सामरिक साझेदारी को नया पंख लगा है. अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समय दोनों देशों के बीच रक्षा-सुरक्षा संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिए तीन अरब डॉलर रक्षा सौदे का एलान हुआ. इसके तहत भारत अमेरिका से एडवांस मिलिट्री इक्विपमेंट सिस्टम के साथ 6 एएच 64ई अपाचे और 23 एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर खरीदेगा. इससे भारतीय वायुबेड़ा को बेहद मजबूती मिलेगी. अमेरिका दुनिया के सबसे अत्याधुनिक और उच्चकोटि के हथियारों, जिसमें एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल और रॉकेट और नौसैनिक जहाज शामिल हैं, को भी भारत को देने को तैयार है. ये दोनों हेलीकॉप्टर हर तरह के मौसम में दिन के किसी भी समय हमला करने में निपुण हैं. चौथी पीढ़ी वाला यह हेलीकॉप्टर छिपी हुई पनडुब्बियों को आसानी से निशाना बना सकता है. इस हेलीकॉप्टर के जरिए भारत को अब अपने समुद्री इलाके को शत्रु मुक्त करने में मदद मिलेगी. उल्लेखनीय है कि अमेरिकी नेवी के बेड़े में शामिल एमएच-60 रोमियो सी-हॉक हेलीकॉप्टर की गणना दुनिया के सबसे अत्याधुनिक हथियारों में होती है. अमेरिका भारत को 13 एमके-45 नौसैनिक तोप बेचने का भी एलान कर चुका है. अमेरिका भारत को इसका अपग्रेडेड वर्जन सौंपेगा. यह तोप युद्धपोतों से सतह और हवाई हमले करने में सक्षम है. अमेरिका भारतीय सैनिकों को इन तोपों को चलाने का प्रशिक्षण भी देगा. इन तोपों के मिलने से भारतीय नौसेना की समुद्री ऑपरेशनों की क्षमता बढ़ेगी. अभी गत माह पहले ही अमेरिका की कंपनी जीईएयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच फाइटर प्लेन के एफ-414 इंजन बनाने का समझौता हुआ. इस समझौते के तहत दोनों देशों की कंपनियां भारत में फाइटर प्लेन का इंजन बनाएंगी. भारत ने अभी तक एरो-इंजन बनाने में सफलता हासिल नहीं की है.

> चौथी पीढ़ी वाला यह हेलीकॉप्टर छिपी हुई पनडुब्बियों को आसानी से निशाना बना सकता है. इस हेलीकॉप्टर के जरिए भारत को अब अपने समुद्री इलाके को शत्रु मुक्त करने में मदद मिलेगी. उल्लेखनीय है कि अमेरिकी नेवी के बेड़े में शामिल एमएच-60 रोमियो सी-हॉक हेलीकॉप्टर की गणना दुनिया के सबसे अत्याधुनिक हथियारों में होती है.

## निर्यात बढ़ाने के लिए चाहिए मजबूत संरचना

**• सामयिकी**

मधुरेन्द्र

भारत की अर्थव्यवस्था के चर्चे चारों ओर हैं. आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक और कई रेटिंग एजेंसियां इसके तेजी से बढ़ने की बातें कर रही हैं. अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एस एंड पी के मुताबिक भारत की अर्थव्यवस्था वर्तमान के 3.4 खरब डॉलर से बढ़कर 2030 में 7.3 खरब डॉलर हो जायेगी. भारत की अर्थव्यवस्था अभी ही इंग्लैंड और फ्रांस से आगे निकल गई है. अब बारी है जर्मनी की और उसके करीब पहुंचने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था गतिशील है. अभी तक अर्थव्यवस्था के सभी संकेतक सही दिशा में हैं और सबसे बड़ी बात है कि कृषि की स्थिति मजबूत है, अनाजों की पैदावार घटी नहीं है, बल्कि बढ़ी ही है, जिस कारण से देश में महंगाई अन्य देशों से काफी कम है. पड़ोसी देश पाकिस्तान का उदाहरण हमारे सामने है, जहां 32 फीसदी से भी ज्यादा महंगाई की दर है, जिससे जनता की कमर टूट गई है. इस मामले में हम भाग्यशाली हैं कि हमारे यहां पैदावार बढ़ती जा रही है और देश सूखे या अतिवृष्टि से बचा हुआ है. यह हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और हमें शक्ति प्रदान कर रही है. भारत की जीडीपी में कृषि के अलावा सर्विस सेक्टर, रियल एस्टेट वगैरह का तो बड़ा हाथ है ही, निर्यात का भी हाथ है लेकिन यह अभी हमारा मजबूत पक्ष नहीं है. आंकड़े बता रहे हैं कि भारत का कुल निर्यात इस साल की पहली छमाही में 800 अरब डॉलर का रहा है और इसमें बढ़ोतरी होने की उम्मीद है. लेकिन अगर हम चीन का निर्यात देखें तो धक्का-सा लगता है. चीन का जुलाई महीने का निर्यात ही 281.76 अरब डॉलर का रहा है और यह भी तब जब वहां मंदी की आहट सुनाई पड़ रही है. इससे दो बातें साबित होती हैं. एक तो यह कि हम अगर विश्व अर्थव्यवस्था में एक मुकाम पाना चाहते हैं तो हमें निर्यात में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी करनी होगी. चीन ने बहुत चालाकी से अपना निर्यात बढ़ाया था और डुप्लीकेट सामान सस्ते दामों में उत्पादित करके सारी दुनिया में बेचा. लेकिन साथ-साथ अपनी टेक्नॉलॉजी में बहुत सुधार किया, जिससे उसके बनाये सामान सारी दुनिया में बिकते रहे. इससे उसे निर्यात से बहुत फायदा हुआ और उस धन का बड़ा हिस्सा फिर निर्यात बढ़ाने में लगाया. निर्यात बढ़ाने के लिए उसने कमजोर देशों की बांहें मरोड़ने का भी काम किया, जो भारत कभी नहीं करेगा. इस समय भारत के दुनिया के प्रमुख देशों से अच्छे संबंध हैं खासकर अमेरिका से जो उसका सबसे बड़ा व्यापारिक पार्टनर है. एक और बात जो भारत के पक्ष में जाती है- हमारा कृषि का निर्यात बढ़कर 52 अरब डॉलर हो गया है. आज यह स्थिति है कि भारत में फसल के अच्छे होने या खराब होने का दुनिया के कई देशों पर असर पड़ता है, क्योंकि भारत का वहां बड़े पैमाने पर निर्यात है. कृषि निर्यात को बढ़ाकर दुगना किया जा सकता है, लेकिन इसके रास्ते में चुनौतियां बहुत हैं. सबसे बड़ी बात यह है कि हमारी कृषि व्यवस्था उतनी नियोजित नहीं है और उसमें कई खामियां हैं. भारत सरकार ने बासमती चावल, दालों, गेहूं, चीनी वगैरह के निर्यात पर अभी कई तरह के प्रतिबंध लगाये हैं. अभी इसी जुलाई में लॉन्ग ग्रेन व्हाइट राइस के निर्यात पर भी रोक लगा दी है. यह सब देश में इनकी कीमतें बढ़ने न देने के लिए किया जा रहा है. इसी तरह प्याज की कई किस्मों पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है. इससे हमारा निर्यात प्रभावित होता है और हम इस क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं. हमारी जगह आयातक अब वियतनाम, थाईलैंड पाकिस्तान आदि से चावल खरीद रहे हैं. अब सरकार नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के जरिये 11 देशों को चावल 12 लाख टन लॉन्ग ग्रेन राइस का निर्यात करेगी. इससे छोटी राइस मिलों और निर्यातकों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा. निर्यात बढ़ाने के लिए जो विशालकाय और चुस्त बुनियादी ढांचा चाहिए, वह भारत में अभी पूरी तरह से उपलब्ध नहीं है. भारत के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के पास बहुत ज्यादा बुनियादी ढांचा नहीं है. यहां उनके लिए बड़े पैमाने पर उत्पादन केन्द्र होने चाहिए. हमारे बंदरगाह भी काफी व्यस्त रहते हैं और वहां उतनी जगह भी अभी नहीं है. जरूरत है बंदरगाहों के विस्तार की और नये बंदरगाहों के निर्माण की. इसके अलावा यहां लॉजिस्टिक्स क्षेत्र अभी शैशव काल में है, इसे परिपक्व होने में वक्त लगेगा. इसे सरकार का सहारा चाहिए. कई सारे एक्सप्रेस हाईवे अभी बन रहे हैं. सबसे बड़ी समस्या यह है कि यहां ट्रांसपोर्ट लागत बहुत है.

> आंकड़े बता रहे हैं कि भारत का कुल निर्यात इस साल की पहली छमाही में 800 अरब डॉलर का रहा है और इसमें बढ़ोतरी होने की उम्मीद है. लेकिन अगर हम चीन का निर्यात देखें तो धक्का-सा लगता है. चीन का जुलाई महीने का निर्यात ही 281.76 अरब डॉलर का रहा है और यह भी तब जब वहां मंदी की आहट सुनाई पड़ रही है.

### मीडिया में अन्यत्र

## खाद्यान्न की कीमतों का दबाव

अक्टूबर महीने में, भारत की उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति घटकर जहां चार महीने के निचले स्तर 4.87 फीसदी पर आ गई, वहीं थोक कीमतों में साल-दर-साल के आधार पर लगातार सातवें महीने मामूली 0.5 फीसदी की गिरावट आई. हालांकि सितंबर महीने की पांच फीसदी की खुदरा मुद्रास्फीति की तुलना में सिर्फ मामूली कम होकर, अक्टूबर महीने की महंगाई की रफ्तार, जो कि जून महीने जैसी ही है, निश्चित रूप से जुलाई की 15 महीने की 7.4 फीसदी से ज्यादा की तेज रफ्तार से लगातार तीसरे महीने के लिए कुछ राहत का सूचक है. फिर भी, ग्रामीण इलाकों के उपभोक्ताओं को अभी भी 5.1 फीसदी की उच्च मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ रहा है. कोर मुद्रास्फीति, जिसमें ऊर्जा और खाद्य पदार्थों की लागत शामिल नहीं होती है, में और कमी आई है तथा घरेलू सेवाओं की मुद्रास्फीति कई महीनों के बाद चार फीसदी से नीचे आई है. सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी, जो जुलाई महीने में 37 फीसदी से ज्यादा बढ़ी थी, अक्टूबर महीने में कम होकर 2.7 फीसदी हो गई. हालांकि, आम परिवारों की भोजन की लागत में कुल वृद्धि 6.6 फीसदी पर स्थिर रही, जोकि सितंबर से लगभग अपरिवर्तित रही, क्योंकि अन्य आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई या वे ऊंचे स्तर पर बनी रहीं. इनमें से कुछ - जैसे दालें (18.8 फीसदी ऊपर) और अनाज (10.7 फीसदी) – की बढ़ोतरी के लिए खरीफ के उत्पादन और रबी की अनिश्चित संभावनाओं के साथ-साथ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में बढ़ोतरी से जुडी चिंताओं को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है. थोक स्तर पर दालों की कीमतें 19.4 फीसदी बढ़ीं, जिससे यह संकेत मिलता है कि खुदरा कीमतों में ज्यादा बोझ आने की संभावना है. भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति, जो अपनी अगली समीक्षा के लिए दिसंबर की शुरुआत में बैठक करेगी, अक्टूबर महीने के हालातों से बहुत ज्यादा विचलित नहीं होगी. इस तिमाही के लिए इसके 5.6 फीसदी के औसत मुद्रास्फीति अनुमान, जोकि पिछली तिमाही के 6.4 फीसदी के अनुमान से कम है, के हिसाब से नवंबर और दिसंबर महीने में 5.95 फीसदी की औसत मुद्रास्फीति देखने को मिल सकती है, जोकि केंद्रीय बैंक की ऊपरी सहनशीलता सीमा से आंशिक रूप से कम है.



(द हिंदू)

### शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## नसीब/नसीम

खिजां के फूल से आती कभी बहार नहीं, मेरे नसीब में ऐ दोस्त तेरा प्यार नहीं. यह 1969 ईस्वी में आयी हिंदी फीचर फिल्म ‘दो रास्ते’ के एक गाने का मुखड़ा है, जिसे किशोर कुमार ने दर्दीली आवाज से मुखरित किया है. गीतकार आनंद बक्शी की इस बात से मैं पूरी तरह से सहमत हूं कि जबतक नसीब में न हो, किसी का प्यार नहीं मिल सकता. यह भी कहा जाता है कि किसी को नसीब से अधिक और समय से पहले कुछ भी नहीं नसीब नहीं होता. हालांकि नसीब को लेकर चिंतकों-विचारकों के बीच ‘मुंडे मुंडे मतिर्भिन्ना’ की हालत है. भाव के दृष्टिकोण से नसीब को समझने पर संभव है कि हम भी अपने आप को उन विचारकों में शामिल कर सकें. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश के अनुसार नसीब अरबी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब भाग्य, किस्मत, अंश, भाग, हिस्सा, भाग्य की अच्छाई, सौभाग्य, खुशकिस्मती, दुर्भाग्य और भाग्य की बुराई है. आपने लोगों को यह कहते सुना होगा- मुझे आजतक वह नसीब नहीं हो सका. कुछ मयस्सर होना भी नसीब ही कहलाता है. उक्त गीत के मुखड़े में नसीब शब्द का प्रयोग कुछ इसी आशय से किया गया है. नसीब शब्द का प्रयोग देखना हो तो अख्तर सईद खान के इस शेर को देखना अच्छा रहेगा- किसी के तुम हो किसी का ख़ुदा है दुनिया में, मिरे नसीब में तुम भी नहीं ख़ुदा भी नहीं. जो अच्छे नसीब वाला है, खुशकिस्मत है, उसे अरबी और फारसी दोनों भाषाओं में नसीबवर कहा जाता है. नसीब से मिलता जुलता शब्द नसीम है, जिसका प्रयोग अधिकतर मुस्लिम समाज में लड़कियों के नाम के रूप में किया जाता है. यह भी अरबी मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इस शब्द का भाव ऐसा है कि सुनने मात्र से ही शीतलता की अनुभूति होती है. इसका मतलब है ठंडी, धीमी और बढ़िया हवा, धीमी चाल वाली. नसीब को संस्कृत में मलय कहते हैं.

## सोशल मीडिया पर लहालोट

**• तीर-तुक्का**

रेखा शाह आरबी

भगवान जाने सोशल मीडिया प्लेटफार्म बनाने वालों ने क्या सोचकर सोशल मीडिया बनाया था. जरूर जीवन से उकताये हुए प्राणी होंगे. जिनकी दुनिया बेरंग, बेनुर और स्वाद में कड़वे करेले की तरह होगी. क्योंकि साधारण मनुष्यों के वश की बात नहीं है कि इतनी तिकड़म वाली चीज बना सकें. ऐसी चीज बनाने वाले व्यक्ति बड़े ही जटिल बुद्धि वाले प्राणी होते हैं. साधारण लोगों का क्या है, वे बेचारे तो दाल-रोटी से ऊपर कुछ सोच ही नहीं पाते हैं. जरूर सोशल मीडिया बनाने वाले ने अपनी दुनिया में तड़का लगाने के लिए इसे बनाया होगा. और बनाया तो बनाया, इसमें ऐसी-ऐसी सुविधा दे दी कि देशभर के अधिकांश ठरकदासों को अपनी तरफ चुंबक की तरह खींचकर एक जगह इकट्ठा भी कर दिया. सोशल मीडिया के महान निर्माता ने अपने जीवन का एक बड़ा ही नेक काम कर डाला ठरकदासों के हित में..इनकी बेरंग, बेनूर दुनिया को रंगीन बना दिया. सच मान लीजिए आज यह अगर सोशल मीडिया नहीं होता तो यह दो-चार बच्चों के पिता भी अपने प्यार को तरसती आत्मा की तृप्ति के लिए कहां पर घूमते और भटकते.. और इनको कहां मोक्ष प्राप्त होता. कहां अपनी व्यथा-गाथा सुनाते. सोशल मीडिया के अलावा ऐसा तो कोई प्लेनेट भी नहीं है और उनकी अतृप्त आत्माएं ऐसे ही तड़पती और भटकती रह जातीं. रियल दुनिया में तो अपनी हरकतों की वजह से ये ठरकदास दो-चार बार लात-जूते खा चुके होते हैं. पर अभी तक सोशल मीडिया वालों ने अपने प्लेटफार्म पर ऐसी कोई सुविधा नहीं दी है कि ऐसे कर्मकांड करने पर उन्हें लात-जूते से सम्मानित किया जाए. जबकि उन्हें देना चाहिए था. सबसे ज्यादा इस प्लेटफार्म पर ही ऐसे ऑप्शन की जरूरत थी. हकीकत में सोशल मीडिया के निर्माता को एक सर्वे करना चाहिए और उनको महिलाओं से पूछना चाहिए.. कि यह लात जूते देने वाला ऑप्शन जरूरी है कि नहीं है? यकीन मानिए 100 में से 100 महिलाएं इसको जरूरी मानेंगी. जूते तो इंसान को कहीं भी खाना चाहिए.. बस उसमें जूते खाने वाले गुण होने चाहिए. तो बस यहां भी खाते. इन लहालोटों की सबसे बड़ी खूबी होती है यह अपने आप को सबसे बड़े वाले देशभक्त भी बताते हैं. उनके अकाउंट के पोस्ट ऐसा ही कहते हैं. उनके अकाउंट को खंगाल लीजिए तो पता चलेगा देश तो बस इनसे ही सुरक्षित है. बस इनको बॉर्डर पर खड़ा कर दीजिए और उनके हाथ में बंदूक दे दीजिए. देश के दुश्मनों का तो सत्यानाश कर देंगे ऐसे जोश खरोश वाले पोस्ट ये प्रतिदिन बिना नागा किए डालते हैं.



मोहन मंगलम

संपूर्ण चराचर जगत को अपने आलोक से प्रकाशित करने वाले भगवान भास्कर की आराधना-उपासना अनादि काल से होती रही है. ऋग्वेद में देवता के रूप में सूर्य की पूजा का उल्लेख है. कई पुराणों में भी भगवान सूर्य की उपासना की चर्चा की गई है. अग्नि के बाद सूर्य ही ऐसे देवता हैं, जिन्हें मूर्त रूप में देखा जा सकता है. भारतीय सनातन परंपरा में कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से सप्तमी तक मनाए जाने वाले सूर्य षष्ठी यानी 'छठ महापर्व' का महत्वपूर्ण स्थान है. इस पर्व में भगवान सूर्य को अर्घ्य दी जाने वाली सामग्री कच्चे बांस की टोकरी (डाला) में रखकर ले जाई जाती है, इसलिए इसे 'डाला छठ' भी कहते हैं.

# छठी मइया सुनिअऊ अरज हमार



## उषा-प्रत्युषा की अराधना

सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत उनकी पत्नी उषा और प्रत्यूषा हैं. छठ पर्व के दौरान सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) तथा प्रातः काल में सूर्य की पहली किरण (उषा) को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर के साथ-साथ इन दोनों शक्तियों की संयुक्त आराधना की जाती है. कमर भर पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य का ध्यान करते समय व्रतियों के मन में प्रार्थना का यह भाव रहता है कि हे सूर्यदेव ! हमारे तन-मन-जीवन का खारापन मिटाकर इसे निर्मल-मधुर कर दो, जिससे बादलों से बरसने वाले पवित्र जल की तरह हम स्वयं के साथ ही जन-गण-मन के लिए मंगलकारी हो सकें.

## सादगी और समता का संदेश

छठ पर्व का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष इसकी सादगी, पवित्रता तथा दिखावा से रहित होना है. इस पर्व में न तो मंदिर की जरूरत होती है, न प्रतिमा की, न वैदिक ऋचाओं और न देवभाषा संस्कृत में रचे गए मंत्रों की, न पंडित-पुरोहितों की. एक ऐसा पर्व, जिसमें जाति बंधन टूट जाते हैं, अमीर-गरीब का भेद मिट जाता है, जो समाज को जागृत, एकजुट और गौरवान्वित करता है. जिस तरह सूर्य बिना किसी भेदभाव के संपूर्ण जगत पर अपनी कृपा-किरणें बरसाते हैं, वैसे ही जाति-धर्म-संप्रदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर यह पर्व सर्वसमाज द्वारा मनाया जाता है. इसी का प्रमाण है कि बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के कई मुस्लिम परिवारों में दशकों से छठ पूजा की परंपरा चली आ रही है. छठ व्रत प्रायः महिलाओं द्वारा अपनी संतान की रक्षा और उनकी लंबी उम्र के लिए किया जाता है, किंतु विशेष मनौती पूरी होने पर पुरुष भी यह कठिन व्रत रखते हैं. व्रत के दौरान उन्हें फर्श पर कंबल या चादर के सहारे सोना पड़ता है. ऐसी मान्यता है कि शुरू करने के बाद छठ पर्व को सालोंसाल तब तक करना होता है, जब तक अगली पीढ़ी की कोई विवाहित महिला इसके लिए तैयार न हो जाए.



## षष्ठी पर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य

तीसरे दिन षष्ठी को शाम चार बजे से ही नैवेद्य सामग्री सूप में सजाकर बांस के बड़े-बड़े टोकरों में माथे पर अथवा बहंगी (कांवड़) के रूप में लेकर लोग नदी-तालाब की ओर चल देते हैं. विशेष मनौती पूरी होने पर कुछ 'व्रती' घर से दंडवत करते हुए छठ पूजा के लिए घाट पर पहुंचते हैं. सूर्यास्त के थोड़ी देर पूर्व ही व्रती डुबकी लगाने के बाद कमर तक जल में हाथ जोड़कर खड़े हो जाते हैं और सूर्यास्त के समय एक-एक कर प्रत्येक सूप को जल में छुआकर अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करते हैं. जो व्रती नदी-तालाब तक नहीं पहुंच पाते, वे पास के मंदिर परिसर या घर के आंगन में ही चौकोर गड्ढा खोदकर उसमें पानी भरकर या फिर छतों पर परात में पानी रख भीगे वस्त्रों में उसमें खड़े होकर अर्घ्य निवेदित करते हैं. इसके बाद सारी पूजन-प्रसाद सामग्री समेट कर घर लौट आते हैं, जहां रातभर छठ महिमा के गीत गाए जाते हैं. कुछ परिवारों में हाथी बिठाने और कोसी भरने का विधान भी संपन्न होता है. यह विधान विशेष रूप से उन परिवारों में तब होता है, जब उस वर्ष घर में संतान का जन्म, यज्ञोपवीत, विवाह आदि शुभ कार्य हुए हों.



## छठ शुभ मुहूर्त

आचार्य अजय कुमार मिश्रा

तीन 3 दिन तक चलने वाला सूर्य षष्ठी व्रत का अनुष्ठान 17 नवंबर को प्रातः 8:40 बजे से दिन 3:27 बजे तक होगा.

18 नवंबर को खरना रात्रि 8:00 बजे तक होगा.
19 नवंबर रविवार आस्ता चलगामी सूर्य पूजा सूर्य को अर्घ्य देने का संध्या 5:3 बजे समय होगा.
20 नवंबर को सूर्योदय प्रातः 20 नवंबर को रांची 6:5 बजे होगा.

मंत्र : अर्घ्य देने के समय इन मंत्रों का जाप करने से शुभ होगा.

ॐ एहि सूर्य सहस्त्रांशो तेजो राशि जगत्पते।
अनुकम्पय मां भक्त्या गृहणार्घ्य दिवाकरः।।
ॐ सूर्याय नमः, ॐ आदित्याय नमः
ॐ भास्कराय नमः।
अर्घ्य समर्पयामि।।

## व्रत के पारण से 'परना' हुआ खास

सप्तमी को तड़के ही पुनः नैवेद्य सामग्री लेकर लोगों का रेला नदी तटों की ओर रवाना हो जाता है. एक बार फिर सूपों में नैवेद्य सामग्री सजाकर रखी जाती है और इन पर दीपक जलाकर रखे जाते हैं. भोर के धुंधलके में जगमगाते दीपक और जल में उनका प्रतिबिम्ब अद्भुत दीपमालिका का दृश्य उपस्थित करते हैं. व्रती कमर तक जल में उतरकर करबद्ध प्रार्थना की मुद्रा में पूर्वाभिमुख खड़े होकर सूर्योदय की प्रतीक्षा करते हैं. शरद ऋतु और भोर की ठंडी हवा भी उनकी आस्था को डिगा नहीं पाती. किनारे बैठी महिलाएं 'जल बीच खड़ा बानीं कांपे ला बदनवां दर्शन दीहिं हे दीनानाथ', 'जल्दी-जल्दी उगऽ हो सुरुजदेव' जैसे गीतों से भगवान भास्कर से शीघ्र दर्शन देने की प्रार्थना करती हैं. जैसे ही पूर्वी क्षितिज पर लालिमा दिखाई देती है, भगवान भास्कर को 'दूसरा अर्घ्य' अर्पित करने का सिलसिला शुरू हो जाता है. परिवार के सदस्य बारी-बारी से व्रती को अर्घ्य का सूप पकड़ाते हैं और सूप पर दूध की धार डालते हैं.

अर्घ्य देने के बाद व्रती महिलाएं सुहागिनों की मांग भरकर, आंचल में प्रसाद देकर सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद देती हैं. परिचित-अपरिचित निःसंकोच भाव से प्रसाद मांगते हैं और व्रती उन्मुक्त भाव से प्रसाद वितरित करते हैं. इसके साथ ही व्रत की पूर्णाहुति होती है और लोग पूजन सामग्री लेकर घर लौट आते हैं. घर पहुंचने पर परिवार के छोटे सदस्य परात में पानी लेकर व्रती के चरण धोते हैं और आशीर्वाद लेते हैं. इसके बाद व्रती छठ माता का प्रसाद खाकर करीब छत्तीस घंटे के निर्जल उपवास का पारण करते हैं. सप्तमी का यह दिन यात्रा समेत हर कार्य के लिए शुभ माना जाता है.

## आंचलिक पर्व की छटा सात समंदर पार

बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई में मनाए जाने वाले छठ पर्व की रश्मियां साल-दर-साल विस्तार पाती हुई संपूर्ण भारतवर्ष को अपनी ज्योति से आलोकित करती जा रही हैं. विदेश में भी जहां-जहां इन इलाकों के लोग गए, वे अपने साथ सांस्कृतिक-धार्मिक विरासत के रूप में छठ पर्व को ले गए. मॉरीशस, त्रिनिदाद, सुमात्रा, जावा के अलावा अमेरिका, लंदन, ऑस्ट्रेलिया समेत सात समंदर पार के कई देशों में रहने वाले भारतीय अपनी आंचलिक परंपरा के अनुसार डाला छठ का पर्व मनाते हैं.



## 'नहाय-खाय' से होती है शुरुआत

चार दिवसीय छठ पर्व का पहला दिन कार्तिक मास शुक्ल पक्ष चतुर्थी को 'नहाय खाय' के रूप में जाना जाता है. इस दिन व्रत रखने वाले 'व्रती' नदी या तालाब में स्नान करने के बाद अरवा चावल, चने की दाल और लौकी की सब्जी खाते हैं. इस दिन लौकी की सब्जी खाने का विशेष महत्व होता है. छठ पर्व में पवित्रता और साफ-सफाई का अत्यधिक ध्यान रखा जाता है. थोड़ी भी अपवित्रता होने पर अनिष्ट की आशंका रहती है.

## 'खरना' से शुरू हो जाता है निर्जल उपवास

दूसरे दिन पंचमी को दिनभर उपवास करने के बाद शाम को (यथासंभव) मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी की आंच पर चावल की खीर बनाई जाती है. घर में ही भगवान सूर्य को भोग लगाने के बाद 'व्रती' प्रसाद ग्रहण करते हैं. इसे 'खरना' कहा जाता है. इसके बाद व्रतियों का निर्जल-निराहार उपवास शुरू हो जाता है. परिवार के अलावा दोस्तों और रिश्तेदारों को भी प्रसादस्वरूप खीर खिलाई जाती है. इसी दिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए देशी घी में 'ठेकुआ' आदि मीठे पकवान बनाए जाते हैं. खीर तथा 'ठेकुए' में चीनी के बजाय गुड़ काम में लिया जाता है.



## ठेकुआ प्रसाद होता है खास

छठ की पूजन सामग्री में मौसमी फल, गागर नींबू, संतरे, अनार, केले, अमरूद, पान, सुपारी, नारियल, मेवे, कच्ची हल्दी-अदरक की गांठें, मूली, गन्ने के टुकड़े, केराव (मटर प्रजाति का एक विशेष अनाज), अक्षत आदि की प्रधानता होती है, मगर छठ का प्रसाद ठेकुआ के बिना अधूरा है. ठेकुआ तैयार करने के लिए गेहूं को धोकर घर में ही आटा तैयार करने की परंपरा है. इस दौरान इस बात का खास ध्यान रखा जाता है कि पूजा से संबंधित किसी भी सामग्री को कोई भी फिर चाहे वह मासूम बच्चा हो, चिड़िया हो या फिर कोई जानवर जूठा न करे. मान्यता है कि ऐसा हो जाने पर सूर्य भगवान कुपित हो जाते हैं.

## पौराणिक मान्यताएं

प्रथम मनु स्वायम्भुव के पुत्र महाराजा प्रियव्रत की कोई संतान न थी. महर्षि कश्यप ने पुत्रेष्टि यज्ञ का परामर्श दिया. यज्ञ के फलस्वरूप महारानी को पुत्र जन्म हुआ, किन्तु वह शिशु मृत था. पूरे नगर में शोक व्याप्त हो गया. महाराजा प्रियव्रत शिशु के मृत शरीर को वक्ष से लगाये विलाप कर रहे थे कि सभी ने देखा, आकाश से एक विमान पृथ्वी पर आ रहा है. विमान में एक ज्योतिर्मय दिव्य नारी बैठी हुई थी. महाराजा द्वारा स्तुति करने पर देवी ने कहा- "मैं ब्रह्मा की मानस पुत्री षष्ठी देवी हूं. मैं विश्व के समस्त बालकों की रक्षिका हूं और अपुत्रों को पुत्र प्रदान करती हूं." यह कहते हुए देवी ने शिशु के मृत शरीर का स्पर्श किया. शिशु जीवित हो उठा. महाराजा की प्रसन्नता की सीमा न रही. वे षष्ठी देवी की स्तुति करने लगे. उन्होंने घोषणा करवा दी कि राज्य में प्रत्येक महीने के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को षष्ठी महोत्सव के रूप में मनाया जाए. तभी से बालकों के जन्म, नामकरण, अन्नप्राशन आदि शुभ अवसरों पर षष्ठी-पूजन प्रचलित हुआ.

भविष्य पुराण में प्रसंग आता है कि धौम्य ऋषि ने द्रौपदी को सुकन्या द्वारा 'छठ' पर भगवान सूर्य का व्रत करने और अर्घ्य देने के साथ ही इसके माहात्म्य के बारे में बताया था. उनकी प्रेरणा से द्रौपदी ने यह व्रत किया और 'छठ मइया' की कृपा से वह 88 हजार ऋषियों को तृप्त कर अपने पति पांडवों का मान रख सकीं और शत्रुओं के समूल विनाश का आशीर्वाद पा सकीं.

### घाटों की खूबसूरती

पर्यावरण संरक्षण का भाव भी इस महापर्व से अनायास ही जुड़ा हुआ है. नदी-तालाब-जलाशयों के पाटों की सफाई कर इसे सजाया जाता है. रंग-बिरंगी झालरों, फूल-पत्तियों, केले के पेड़ों, रिबन, बांस आदि पर जलती-बुझती बत्तियों से पूरा नजारा किसी मेले से कम नहीं होता.

### लोकगीतों की अनुपम मिठास

भगवान सूर्य और छठ मइया की आराधना में गाए जाने वाले सुमधुर लोकगीतों से युक्त होकर यह पर्व लोक जीवन में भरपूर मिठास का प्रसार करता है. दीपावली के बाद से ही 'कांचहि बांस के बहंगिया...', 'चार कोना के पोखरवा...', 'केरवा जे फरेला घवद से..." सरीखे लोक में रचे-बसे गीत गूंजने लगते हैं.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## आगे कौन

| सबसे अधिक रन | सबसे अधिक विकेट |
|---|---|
| 711 | 23 |


विराट कोहली, भारत


मोहम्मद शमी, भारत

**सिक्सर किंग** रोहित शर्मा : 28

**बाउंड्री**

6 — 636
4 — 2203

## रोहित भारत का असली नायक है: नासिर



**मुंबई।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने मौजूदा विश्व कप में बेफिक्र क्रिकेट खेलकर भारतीय टीम की संस्कृति बदलने के लिए कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें टीम का असली नायक करार दिया. भारतीय टीम ने मौजूदा वनडे विश्व कप में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है और अपने सभी 10 मैच जीते हैं. उसने बुधवार को यहां पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर 12 वर्षों में पहली बार फाइनल में जगह बनाई. हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा कि सुर्खियां विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और मोहम्मद शमी को लेकर होंगी, लेकिन भारतीय टीम का वास्तविक नायक रोहित शर्मा है, जिसने इस भारतीय टीम की संस्कृति को बदल दिया है. भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में आक्रामक बल्लेबाजी की है और कप्तान रोहित ने हर मैच के शुरू में ही ताबड़तोड़ रन बनाकर टीम के लिए शानदार मंच तैयार किया है. सेमीफाइनल में भी उन्होंने 29 गेंद पर चार चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 47 रन बनाए. .हुसैन ने कहा कि मेरा मानना है कि आज का असली नायक रोहित है. ग्रुप चरण और नॉकआउट चरण के मैच भिन्न होते हैं तथा कप्तान ने दिखाया कि वह नॉकआउट चरण में भी बेफिक्र क्रिकेट खेलने जा रहे हैं. रोहित शर्मा ने अपने रवैए से स्पष्ट संदेश भेज दिया था

## पाकिस्तान के टीम निदेशक बने हफीज



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज को पाकिस्तान क्रिकेट टीम का टीम निदेशक नियुक्त किया गया है और उन्होंने कहा कि मिलकर काम करने से वे अच्छे परिणाम हासिल कर सकते हैं. पाकिस्तान क्रिकेट टीम के विश्व कप के लीग चरण से बाहर होने के बाद हफीज को अब टीम को नया स्वरूप देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. वह कोच की भूमिका भी निभाएंगे और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के आगामी दौरे के लिए जब टीम के सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति करेगा तो इसको लेकर उनसे सलाह लेगा. हफीज ने पीसीबी के बयान में कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम के टीम निदेशक की भूमिका पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और अपने काम को लेकर उत्साहित हूं. मुझ पर भरोसा करने और मुझे यह चुनौती पूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं पीसीबी का आभार व्यक्त करता हूं. उन्होंने कहा कि मैं टीम की सफलता में योगदान देने के लिए कोचिंग स्टाफ और खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं. मिलकर काम करने से हम अच्छे परिणाम हासिल कर सकते हैं. यह पहला अवसर है जबकि पाकिस्तान ने टीम निदेशक नियुक्त किया है. हफीज को टीम निदेशक नियुक्त करने के अलावा पीसीबी ने बुधवार को शान मसूद को टेस्ट टीम का नया कप्तान और शाहीन शाह अफरीदी को टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया था.

### खास बातें

- शान मसूद को टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया
- टी-20 में शाहिन अफरीदी होंगे पाकिस्तान के कप्तान

## विश्व कपः दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

# फाइनल में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

भाषा ।कोलकाता



ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 3 विकेट से हराया. ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड ने शानदार शुरुआत दिलायी और 62 रनों की शानदार पारी खेली. इससे पहले डेविड मिलर की दबाव भरी परिस्थितियों में खेली गयी 101 रन शतकीय पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने गुरूवार को यहां विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 213 रन का लक्ष्य दिया. दक्षिण अफ्रीका ने फिर 'चोकर्स' के ठप्पे के अनुसार खेल दिखाया जब उसके शीर्ष क्रम के चार बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (03), तेम्बा बावुमा (शून्य), रासी वान डर डुसेन (06) और ऐडन मार्कराम (10) 12 ओवर में पवेलियन पहुंच गये जिससे उसका स्कोर चार विकेट पर 24 रन था. मिचेल स्टार्क (10-1-34-3) और जोश हेजलवुड (8-3-12-2) ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर शुरूआती विकेट झटके. फिर बारिश की बाधा के कारण 40 मिनट के ब्रेक हुआ, तब दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 14 ओवर में चार विकेट पर 44 रन था. पर इसके बाद मिलर ने 116 गेंद में आठ चौके और पांच छक्के से छठा वनडे शतक जड़ दिया. यह दक्षिण अफ्रीका का विश्व कप नॉकआउट मैच में पहला शतक भी था. टर्निंग पिच पर मिलर को कोई परेशानी नहीं हुई और वह एडम जम्पा की गेंदों पर हावी दिख रहे थे जिससे इस आस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने अपने सात ओवर में 55 रन लुटा दिये. पैट कमिंस पर स्कायर लेग पर 94 मीटर का छक्का जड़कर मिलर ने अपना सैकड़ा पूरा किया. मिलर की हेनरिच क्लासेन (47 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी से दक्षिण अफ्रीका को थोड़ी राहत मिली लेकिन फिर कामचलाऊ ऑफ स्पिनर ट्रेविस हेडन ने दो गेंद में दो विकेट झटककर उसकी उम्मीदों को करारा झटका दिया. क्लासेन के बाद जेराल्ड कोएत्जी (19) ने मिलर का साथ दिया जिससे दोनों ने सातवें विकेट के लिए 53 रन की भागीदारी निभायी. लेकिन कमिंस की गेंद पर कोएत्जी विकेटकीपर जोश इंगलिस को कैच थमा बैठे. हालांकि रिप्ले में दिख रहा था कि गेंद उनकी कोहनी पर लगी थी लेकिन उन्होंने रिव्यू नहीं लिया. फिर मिलर भी 48वें ओवर में आउट हो गये. दक्षिण अफ्रीका ने दो मैच लक्ष्य का पीछा करते हुए गंवाये थे जिससे कप्तान तेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया.

### डेविड मिलर ने जड़ा शतक

दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम जहां लड़खड़ाती नजर आयी वहीं डेविड मिलर में शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. डेथ ओवर्स में दक्षिण अफ्रीका की टीम बड़ा स्कोर बनाने में असफल रही. हालांकि, इन ओवर्स में डेविड मिलर ने अपना शतक पूरा किया. डेथ ओवर्स के दौरान साउथ अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर क्रीज पर थे. टीम ने हर ओवर में बाउंड्री निकालने की कोशिश की. मिलर ने बड़े शॉट खेले और शतक पूरा किया.



## स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डी कॉक कै कमिंस बो हेजलवुड | 3 | 14 | 0 | 0 |
| बावुमा कै इंग्लिस बो स्टार्क | 0 | 4 | 0 | 0 |
| डुसेनक कै स्मिथ बो हेजलवुड | 6 | 31 | 0 | 0 |
| मार्कराम कै वार्नर बो स्टार्क | 10 | 20 | 2 | 0 |
| क्लासेंन बो हेड | 47 | 48 | 4 | 2 |
| मिलर कै हेड बो कमिंस | 101 | 116 | 8 | 5 |
| जानसेन बो हेड | 0 | 1 | 0 | 0 |
| गेराल्ड कै इंग्लिस बो कमिंस | 19 | 39 | 2 | 0 |
| महाराज कै स्मिथ बो स्टार्क | 4 | 8 | 0 | 0 |
| रबाडा कै मैक्सवेल बो कमिंस | 10 | 12 | 0 | 1 |
| शम्सि नॉट आउट | 1 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 11, कुल : 212/10, 49 .4 ओवर, विकेट पतन : 1-1, 22-3, 24-4, 119-5 , 119-6, 172-7, 191-8, 203-9, 212-10, गेंदबाज़ : स्टार्क : 10-1-34-3, हेज़लवुड : 8-3-12-2, कमिंस : 9 .4-0-51-3, जम्पा : 7-0-55-0, मैक्सवेल : 10-0-35-0, हेड : 5-0-21-2

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड बो महाराज | 62 | 48 | 9 | 2 |
| वार्नर बो मार्कराम | 29 | 18 | 1 | 4 |
| मार्श कै डुसेन बो रबाडा | 0 | 6 | 0 | 0 |
| स्मिथ कै डी कॉक बो गेराल्ड | 30 | 62 | 2 | 0 |
| लाबुशेन बो शम्सी | 18 | 31 | 2 | 0 |
| मैक्सवेल बो शम्सी | 1 | 5 | 0 | 0 |
| इंगलिस बो गेराल्ड | 28 | 49 | 3 | 0 |
| स्टार्क बल्लेबाजी | 16 | 38 | 3 | 0 |
| कमिंस नॉट आउट | 14 | 29 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त** : 17, कुल :215/7, 47 .2 ओवर, विकेट पतन : 60-1, 61-2, 106-3, 133-4, 137-5, 174-6, 193-7

## विश्व कप फाइनल से पहले वायु सेना जवान दिखाएंगे हवा में करतब

**अहमदाबाद।** भारतीय वायुसेना की 'सूर्य किरण एरोबैटिक टीम' 19 नवंबर को यहां खेले जाने वाले क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच से पहले 'एयर शो' पेश करेगी. एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. रक्षा विभाग के गुजरात के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने बताया कि सूर्य किरण एरोबेटिक (हवाई जहाज की कलाबाजी) टीम मोटेरा इलाके के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले फाइनल ये पहले दस मिनट तक अपने करतब से लोगों को रोमांचित करेगी. पीआरओ ने एक बयान में कहा कि एयर शो का अभ्यास शुक्रवार और शनिवार को होगा. भारत बुधवार को न्यूजीलैंड को हराकर पहले ही वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंच चुका है. भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम में आमतौर पर नौ विमान शामिल होते हैं और इसने देश भर में कई एयर शो किए हैं.

## वानखेड़े के माहौल से मंत्रमुग्ध हो गए डेविड बैकहम

**मुंबई।** दिग्गज फुटबॉलर डेविड बैकहम बुधवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम के जोशीले माहौल से मंत्रमुग्ध हो गए. बैकहम उस मैच के गवाह बने जिसमें विराट कोहली ने वनडे में 50वां शतक लगाकर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, मोहम्मद शमी ने सात विकेट लेकर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया और भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई. बैकहम ने जब सचिन तेंदुलकर के साथ स्टेडियम में प्रवेश किया तो हजारों दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया. स्टार फुटबॉलर ने वानखेड़े के माहौल को देखकर कहा कि ऊर्जा से भरपूर, जोशीला और अविश्वसनीय. लेकिन वह यह तय नहीं कर पा रहे थे कि फुटबॉल के प्रशंसक ज्यादा शोर मचाते हैं या क्रिकेट के. उन्होंने कहा कि आप जानते हैं क्या, मैं हमेशा फुटबॉल के प्रशंसक कहूंगा लेकिन आज यहां का माहौल देखकर मैं अब पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता. यहां का माहौल अविश्वसनीय है. दर्शकों ने पूरे माहौल को जोशीला बना रखा है इसलिए मैं इसको लेकर निश्चित नहीं हूं.

## भारत दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम: विलियमसन

भाषा ।मुंबई




न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने विश्व कप के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद मोहम्मद शमी को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक और भारतीय टीम को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम करार दिया. भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई. न्यूजीलैंड की टीम 398 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 48.5 ओवर में 327 रन पर आउट हो गई थी. शमी ने 57 रन देकर सात विकेट लिए. यह मौजूदा विश्व कप में तीसरा अवसर है जबकि उन्होंने एक मैच में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया. शमी अभी तक मौजूदा विश्व कप में 23 विकेट ले चुके हैं. न्यूजीलैंड के कप्तान ने भारतीय टीम को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम करार देते हुए कहा कि विरोधी टीम के लिए उनका सामना करना मुश्किल है क्योंकि उसके सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि वह इस समय दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है और उसके सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं. इसलिए उनका सामना करना मुश्किल है. वह वास्तव में जरा सी चूक नहीं दिखा रहे हैं. राट कोहली ने वनडे में 50वां शतक लगाकर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा और विलियमसन ने कहा कि समकालीन क्रिकेट के इस महान खिलाड़ी की सराहना करने के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे. उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में उनकी प्रशंसा करने के लिए शब्द ढूंढ रहा हूं, वह सर्वश्रेष्ठ हैं. और लगता है कि वह लगातार बेहतर बनता जा रहा है जो दुनिया भर की विरोधी टीमों के लिए चिंता का विषय है.

### शमी का प्रदर्शन अविश्वसनीय

विलियमसन ने कहा कि शमी का प्रदर्शन अविश्वसनीय है. वह शायद आधे मैच ही खेल पाए हैं लेकिन टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शामिल हैं. उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं. वह जिस तरह से गेंद को मूव कराते हैं और स्टंप को खेल का हिस्सा बनते हैं वह वास्तव में अद्भुत है. उन्होंने इतने कम मैच में जितने विकेट लिए हैं वह शानदार है. विलियमसन ने कहा कि भारत की यह टीम निसंदेह खेल के हर विभाग में शानदार प्रदर्शन कर रही है और मुझे पूरा विश्वास है कि उसका पूरा ध्यान अब अगले मैच पर होगा.

## भारत को आक्रामक क्रिकेट खेलते हुए देखकर हैरानी नहीं हुई: मिचेल

**मुंबई।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने कहा कि विश्व कप सेमीफाइनल में भारत को शुरू से ही आक्रामक क्रिकेट खेलते हुए देखकर उन्हें हैरानी नहीं हुई. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 397 का विशाल स्कोर खड़ा किया. न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में 48.5 ओवर में 327 रन बनाकर आउट हो गई थी. उसकी तरफ से मिचेल ने 134 रन बनाए. मिचेल न्यूजीलैंड की हार के बाद संवाददाताओं से कहा,'' उन्होंने पूरे विश्व कप में इसी तरह की क्रिकेट खेली है. भारत जिस तरह का प्रदर्शन कर रहा है उसके प्रति वह पूरी तरह से समर्पित है. इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है. उनका सामना करने के लिए हमारे पास अपनी रणनीति थी लेकिन श्रेय उन्हें जाता है. उन्होंने बहुत अच्छा खेल दिखाया. उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक है कि हम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए. मुझे उम्मीद थी कि ओस का थोड़ा प्रभाव पड़ेगा और हम लक्ष्य हासिल करने में सफल रहेंगे.

## बैडमिंटन : प्रणय की हार के साथ भारतीय चुनौती समाप्त

कुमामोतो (जापान)



भारतीय शटलर एचएस प्रणय गुरुवार को यहां दूसरे दौर के संघर्ष पूर्ण मुकाबले में चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन से हार कर बाहर हो गए, जिससे जापान मास्टर्स से सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई. एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय ने पहला गेम जीता लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और विश्व में 12वें नंबर के खिलाड़ी चेन से 73 मिनट तक चले पुरुष एकल के मैच में 21-19 16-21 19-21 से हार कर बाहर हो गए. इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे भारत के अन्य खिलाड़ी पहले दौर से आगे बढ़ाने में नाकाम रहे थे.

विश्व में आठवें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की और पहले गेम के इंटरवल के समय वह 11-8 आगे थे. उन्होंने इसके बाद भी अपनी बढ़त बरकरार रखकर पहला गेम अपने नाम किया. चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने दूसरे गेम में 5-0 से बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की. प्रणय ने हालांकि अच्छी वापसी करके स्कोर 10 -10 से बराबर कर दिया. चेन ने इसके बाद लगातार चार अंक बनाए और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया. चेन ने तीसरे और निर्णायक गेम में शानदार शुरुआत की तथा एक समय वह 12-4 से आगे थे. प्रणय ने हार नहीं मानी और स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया. चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने हालांकि लगातार दो अंक बनाकर मैच अपने नाम किया.

**क्रिकेट** कोहली को मैदान पर पिछले 10-15 साल से शानदार प्रदर्शन करते हुए देखना प्रेरणादायी

# विराट की रनों की भूख मुझे प्रेरित करती है : गिल

भाषा ।मुंबई



भारत के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि वह स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की रनों की भूख और समर्पण उन्हें प्रेरित करती है और जब वह कप्तान रोहित शर्मा के साथ क्रीज पर होते हैं तो उनसे काफी कुछ सीखते हैं.कोहली के रिकॉर्ड 50वें शतक की मदद से भारत ने बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर वनडे विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई. कोहली जब रिकॉर्डतोड़ पारी खेल रहे थे तब गिल ड्रेसिंग रूम में बैठकर उसे देख रहे थे. पांव में ऐंठन के कारण गिल को रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा. उन्होंने 80 रन बनाए. गिल ने कहा कि जब भी वह मैदान पर उतरते हैं तो कुछ विशेष करते हैं तथा पिछले 10-15 साल से वह निरंतर ऐसा कर रहे हैं जो वास्तव में प्रेरणादायी है. उन्होंने कहा,'' मेरे लिए यह उनके कौशल से जुड़ी चीज नहीं है, बल्कि यह उनकी रनों की भूख और जज्बे से जुड़ी है जो मुझे प्रेरित करती है. वह लंबे समय से निरंतर ऐसा कर रहे हैं जो वास्तव में मुझे प्रेरित करती है. गिल ने कहा कि कोहली और उनकी बल्लेबाजी में कुछ समानता भी है. उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो क्रीज पर हम परिस्थिति के संबंध में और उसमें कैसे खेल आगे बढ़ाना है, को लेकर बात करते हैं. मुझे लगता है कि उनकी और मेरी शैली में कुछ समानता है क्योंकि हम दोनों ही स्कोर बोर्ड को चलायमान रखना पसंद करते हैं.

### गिल ने कहा- रोहित से काफी कुछ सीखने को मिलता है

गिल ने इसके साथ ही कहा कि जब वह रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो उन्हें कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है. उन्होंने कहा कि उनसे जुड़ी हर चीज वास्तव में मुझे प्रभावित करती है. मैं उनके साथ पावरप्ले में एक विद्यार्थी के रूप में खड़ा रहता हूं. वह 10 ओवर खेलते हैं और मैं 15 से 20 गेंद खेलता हूं. मैं सहज रहता हूं और रोहित आते ही अपना काम शुरू कर देते हैं. वह चौके और छक्के जड़ते हैं और मैं केवल उन्हें देखता हूं. गिल ने स्वीकार किया कि भारतीय तेज गेंदबाजों का नेट्स पर सामना करना भी मुश्किल होता है. न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को सेमीफाइनल में मोहम्मद शमी का सामना करने में परेशानी हुई, जिन्होंने 57 रन देकर सात विकेट लिए. गिल ने कहा कि उनका सामना करना बेहद मुश्किल है. नेट्स पर भी उनका सामना करना आसान नहीं होता है. अगर विकेट अच्छा हो तो तब भी उन्हें खेलना आसान नहीं होता है। लेकिन उनका सामना करने में मजा आता है.

## 100 शतक बना सकते हैं कोहली : शास्त्री

भाषा।मुंबई



भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतकीय पारी खेल कर एकदिवसीय में सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने वाले विराट कोहली के पास भारत के इस पूर्व दिग्गज के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने की क्षमता है. कोहली के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 80 (वनडे में 50, एकदिवसीय में 29 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक) शतक दर्ज हैं और वह तेंदुलकर (टेस्ट में 51 और वनडे में 49) के रिकॉर्ड से 20 शतक पीछे हैं.

शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' से कहा कि जब सचिन तेंदुलकर ने 100 शतक बनाए तो किसने सोचा होगा कि कोई उनके करीब भी आएगा? और उसने 80 शतक बना लिये हैं. इसमें 50 शतक एकदिवसीय में आये है. यह कई बार वास्तविकता से परे लगता है. भारत के इस पूर्व हरफनमौला ने कहा कि कुछ भी असंभव नहीं है क्योंकि ऐसे खिलाड़ी जब शतक बनाने की कोशिश करते हैं तो बहुत तेजी से शतक बना लेते हैं. उनकी अगली 10 पारियों में आपको पांच और शतक देखने को मिल सकते हैं. शास्त्री ने कहा कि आपके पास खेल के तीन प्रारूप हैं, और वह उन सभी प्रारूपों का हिस्सा है. वह अभी तीन-चार साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल सकता है. शास्त्री कोहली की दबाव झेलने की क्षमता से भी आश्चर्यचकित है. उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उसका संयम, उसका शारीरिक हाव-भाव, क्रीज पर उसका धैर्य(इस विश्व कप में).मैंने उसे पिछले विश्व कप में देखा है जहां वह काफी नर्वस दिख रहा था.



गुरुवार को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने रेगिस्तान में स्ट्राइक कोर के सत्यापन अभ्यास की समीक्षा की और जीओसी-इन-सी दक्षिणी कमान द्वारा उन्हें किए जा रहे यथार्थवादी प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई. –फोटोःपीटीआई

आओ जानें

## परमाणु हथियार, मान्यता प्राप्त या अनुमानित हथियार वाले राज्य

| | |
|---|---|
| रूस | 5,889 |
| यूएसए | 5,244 |
| चीन | 500 |
| इज़राइल | 400 |
| फ्रांस | 290 |
| यूके | 225 |
| पाकिस्तान | 170 |
| भारत | 164 |
| उत्तर कोरिया | 30 |

अमेरिकी परमाणु हथियार, परमाणु सांख्यिकी बुलेटिन, रूसी परमाणु हथियार, विश्व परमाणु बल, एसआईपीआरआई वार्षिक पुस्तक के अनुसार.



राष्ट्रपति ने कैग व अन्य संस्थानों की तारीफ की, कहा-

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए योगदान दें

**भाषा। नयी दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों का आह्वान किया कि वे 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए योगदान दें. कैग द्वारा आयोजित 'ऑडिट दिवस' को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने विभिन्न कदम उठाने के लिए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की तारीफ भी की. इनमें डाटा प्रबंधन और विश्लेषण केंद्र की स्थापना शामिल है जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी और अन्य आधुनिक तरीके अपनाये जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि भविष्य के प्रति यह जागरुकता उपयोगी साबित होगी. मुर्मू ने कहा कि आज, हमारे देशवासी 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ना चाहते हैं. कैग समेत देश के सभी महत्वपूर्ण संस्थानों और समुदायों को इस लक्ष्य को पाने के लिए योगदान देना होगा. देश में 16 नवंबर, 1860 को प्रथम महालेखा परीक्षक की नियुक्ति और कैग के गठन के महत्व को रेखांकित करते हुए 2021 से हर साल आज के दिन 'ऑडिट दिवस' मनाया जाता है.

## ▼ ब्रीफ खबरें

### चीन में इमारत में लगी आग, 26 की मौत

**बीजिंग।** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में गुरुवार को आग लगने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए. चीन के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी. मीडिया की खबरों के मुताबिक, ल्युलियांग सिटी के लिशी जिले में स्थित पांच मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर आग सुबह करीब छह बजकर 50 मिनट पर लगी.

### अभिनेता नाना पाटेकर ने फैन से मांगी माफी

**नई दिल्ली।** अभिनेता नाना पाटेकर ने वाराणसी में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान एक युवक पर हाथ उठाने के मामले में गुरुवार को माफी मांगी और कहा कि उन्होंने उसे फिल्म से जुड़ा सदस्य समझ लिया था. इस घटना का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था. वीडियो में अभिनेता शूटिंग के दौरान सेल्फी लेने आए एक युवक के सिर के पीछे मारते नजर आ रहे हैं. पाटेकर वाराणसी में फिल्म निर्माता अनिल शर्मा की फिल्म 'जर्नी' की शूटिंग कर रहे हैं.

### असम राइफल्स के वाहन पर हुआ आईईडी विस्फोट

**इंफाल।** मणिपुर के तेंगनोउपल जिले में गुरुवार सुबह उग्रवादियों ने असम राइफल्स के एक बख्तरबंद वाहन के नीचे कम तीव्रता वाले परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) से विस्फोट किया. अधिकारियों ने बताया कि अर्धसैनिक बल का वाहन जिले के सैबोल इलाके में नियमित गश्त पर था और इसी दौरान सुबह करीब सवा आठ बजे उसे निशाना बनाया गया. हालांकि, बख्तरबंद वाहन के अंदर मौजूद कोई भी जवान घायल नहीं हुआ.

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता गुरुवार को बहुत खराब और गंभीर श्रेणी के बीच रही. ऐसा इसीलिए हुआ, क्योंकि प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण प्रदूषक कणों का बिखराव नहीं हो पाया. दिल्ली सरकार और राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान-कानपुर की एक संयुक्त परियोजना के हालिया निष्कर्षों से पता चला कि बुधवार को राजधानी के वायु प्रदूषण में वाहनों के उत्सर्जन का योगदान लगभग 38 प्रतिशत था. गुरुवार को यह आंकड़ा 40 फीसदी तक बढ़ने का अनुमान है.

### अज्ञात व्यक्ति ने डॉक्टर पर किया हमला

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में किसी विवाद को लेकर एक अज्ञात व्यक्ति ने 34 वर्षीय डॉक्टर पर उनके क्लीनिक में कथित तौर पर हमला किया और भागते वक्त उसकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्ति 13 नवंबर की शाम मुंब्रा इलाके के कौसा में डॉक्टर के क्लीनिक में गया था. उस वक्त डॉक्टर एक मरीज की जांच कर रहा था.

### गहरे दबाव का क्षेत्र बन सकता है तूफान

**भुवनेश्वर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में बना गहरे दबाव का क्षेत्र शुक्रवार तक चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है. गुरुवार को दबाव के क्षेत्र ने मजबूत होकर 17 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तरपूर्व दिशा में बढ़ रहा है. उसने कहा कि गुरुवार सुबह साढ़े आठ बज यह आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम के पूर्व-दक्षिणपूर्व में करीब 390 किमी तथा ओडिशा में पारादीप के दक्षिण-दक्षिणपूर्व में 320 किमी की दूरी पर था.

उत्तराखंड टनल हादसा : सिलक्यारा सुरंग में नई ऑगर मशीन से ड्रिलिंग शुरू

# श्रमिकों को जल्द निकाला जाएगा

**भाषा। उत्तरकाशी**

यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग के एक हिस्से के ढहने से पिछले चार दिनों से उसके अंदर फंसे 40 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए दिल्ली से लाई गयी भारी अमेरिकी ऑगर मशीन से गुरुवार को ड्रिलिंग शुरू कर दी गयी. ड्रिलिंग के बाद स्टील के बड़े व्यास वाले पाइपों से 'एस्केप टनल' तैयार की जाएगी ताकि मजदूरों को बाहर निकाला जा सके. इससे पहले मंगलवार देर रात मलबे की ड्रिलिंग के दौरान ताजा भूस्खलन होने व मिट्टी गिरने से काम को बीच में रोकना पड़ा था. इसके बाद भारतीय वायु सेना के सी-130 हरक्यूलिस विमानों के जरिए 25 टन वजनी, अत्याधुनिक, बड़ी ऑगर मशीन दो हिस्सों में दिल्ली से उत्तरकाशी पहुंचाई गयी जिससे अब दोबारा ड्रिलिंग शुरू की गयी है.

**नई ड्रिलिंग मशीन पांच-सात मीटर तक ड्रिलिंग कर चुकी है : धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में संवाददाताओं को बताया कि मुझे बताया गया है कि नई ड्रिलिंग मशीन मलबे की पांच-सात मीटर तक ड्रिलिंग कर चुकी है. हमें उम्मीद है कि प्रति घंटे पांच से सात मीटर तक भेदन क्षमता वाली यह मशीन जल्दी ही सुरंग के अंदर फंसे हुए श्रमिकों तक पहुंच जाएगी. इस बीच, बचाव कार्यों का जायजा लेने सिलक्यारा पहुंचे प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि सुरंग में फंसे सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और उनसे लगातार बातचीत हो रही है. उन्होंने कहा कि मलबे के दूसरी ओर लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र में श्रमिक मौजूद हैं और उन्हें जल्द ही बाहर निकाल लिया जाएगा.



उत्तरकाशी जिले में सिल्क्यारा व डंडालगांव के बीच निर्माणाधीन सुरंग की तस्वीर.

### श्रमिकों के बाहर आने का इंतजार खत्म नहीं हो रहा

बचाव कार्य में आई बाधा के चलते सुरंग में फंसे श्रमिकों का बाहर आने का इंतजार लंबा होता जा रहा है. प्रदेश के आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा ने सोमवार को मंगलवार रात या बुधवार सुबह तक श्रमिकों को बाहर निकाले जाने की उम्मीद जाहिर की थी. बाद में, 900 मिमी व्यास के पाइपों के जरिए 'एस्केप टनल' 'बनाकर मजदूरों को बाहर निकालने की नई योजना सामने आने के बाद उत्तरकाशी के जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने मंगलवार को कहा था कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो बुधवार दिन तक श्रमिकों को बाहर निकाल लिया जाएगा. उत्तरकाशी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएस पंवार ने कहा कि सुरंग के पास एक छह बिस्तरों का अस्थाई चिकित्सालय तैयार कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि इसके अलावा मौके पर 10 एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीमें भी तैनात हैं जिससे श्रमिकों को बाहर निकलने पर उन्हें तत्काल चिकित्सीय मदद दी जा सके.

#### युद्धस्तर पर बचाव एवं राहत कार्य जारी

चारधाम ऑल वेदर सड़क परियोजना के तहत निर्माणाधीन सुरंग का सिलक्यारा की ओर से मुहाने से 270 मीटर अंदर करीब 30 मीटर का हिस्सा ढह गया था और तब से श्रमिक उसके अंदर फंसे हुए हैं. उन्हें निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव एवं राहत अभियान चलाया जा रहा है. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, सीमा सड़क संगठन के 160 बचावकर्मियों का दल दिन रात बचाव कार्यों में जुटा हुआ है. उधर, केंद्रीय नागर विमानन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वी के सिंह ने सिलक्यारा पहुंचकर सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए चलाए जा रहे बचाव अभियान का निरीक्षण किया .

### अभियान तेज

- सुरंग ढहने से 40 मजदूर अबतक अंदर फंसे
- श्रमिकों को निकालने के लिए कोशिश जारी

### सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हूं : अमेरिकी सांसद

**सैन फ्रांसिस्को।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने 'यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' (यूएसएआईडी) से भारत के उत्तराखंड राज्य में एक सुरंग में फंसे 40 कर्मचारियों को बचाने के लिए जारी अभियान में तत्काल सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है. थानेदार ने कहा कि उत्तराखंड की यह दुखद घटना सिर्फ स्थानीय संकट नहीं है, यह एक मानवीय चिंता है जो वैश्विक ध्यान और कार्रवाई की मांग करती है. अमेरिका अपनी उन्नत तकनीक और बचाव कार्यों में विशेषज्ञता के साथ, इन प्रयासों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने और संभावित रूप से जीवन बचाने की क्षमता रखता है. सांसद ने कहा कि सुरंग में फंसे लोगों को उनके परिवारों के साथ हमारे समर्थन की भी जरूरत है. यह महत्वपूर्ण है कि हम अब कार्रवाई करें. मैं इस अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाने और जरूरतमंद लोगों की सहायता करने ररके लिए जो कुछ भी संभव है, करने के लिए प्रतिबद्ध हूं.

# भाजपा उम्मीदवार के वाहन से 11.50 लाख नकद बरामद

**भाषा। कोरबा**

### छत्तीसगढ़ चुनाव

- पुलिस ने नकदी और वाहन को किया जब्त
- पाली-तानाखार में शुक्रवार को होगा मतदान

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की पुलिस ने गुरुवार को एक गांव में भाजपा उम्मीदवार के वाहन से कथित तौर पर 11.50 लाख रुपये नकद बरामद किये हैं. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोरबा जिले की पाली-तानाखार सीट से भाजपा उम्मीदवार रामदयाल उइके के वाहन से 11.50 लाख रुपए नकद बरामद किये गए हैं. इस दौरान उइके वाहन में मौजूद थे. कोरबा जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने पसान पुलिस थाना क्षेत्र (पाली-तानाखार निर्वाचन क्षेत्र) के तहत झुनकीड़ी गांव के पास उइके के वाहन (एक एसयूवी) को रोका और लगभग एक बजे पुलिस को इसकी सूचना दी. शुक्ला ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली और 11.50 लाख रुपये नकद बरामद किए. उइके द्वारा नकदी के संबंध में दस्तावेज पेश करने में विफल रहने के बाद पुलिस ने नकदी और वाहन को जब्त कर लिया है. उन्होंने बताया कि इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है. पाली-तानाखार उन 70 सीटों में से एक है जहां दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान होगा.

दोनों पक्ष सुनिश्चित करेंगे कि दोनों देशों के बीच मतभेद दूर हों

# बाइडन और शी की हुई मुलाकात

**भाषा। वुडसाइड (कैलिफोर्निया)**



अमेरिका और चीन के बीच एक अहम बैठक यहां संपन्न हुई जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन तथा चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने यह सुनिश्चित करने पर सहमति जताई कि दोनों देशों के बीच मतभेद दूर किये जा सकें और संबंध बेपटरी नहीं हों. दोनों नेताओं ने एक वर्ष के अंतराल में पहली बार व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात की जो चार घंटे से अधिक समय तक चली. यह बैठक सैन फ्रांसिस्को से लगभग 40 किलोमीटर दूर दक्षिण में वुडसाइड के फिलोली मैन्शन में हुई. यह बातचीत द्विपक्षीय बैठक के रूप में, दोपहर भोज के दौरान तथा मैन्शन के बाग में टहलते हुए, कई तरीके से हुई. अपने-अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ एक लंबी मेज पर आमने-सामने बैठे दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि टकराव से बचना और सहयोग पर ध्यान केंद्रित करना दोनों देशों के हित में है. एक अधिकारी ने बताया कि बातचीत काफी स्पष्ट और सहज थी. उन्होंने कहा कि बाइडन ने शी के समक्ष अपने विचार और चिंताएं स्पष्ट तौर पर रखीं और माना जाता है कि शी ने भी अपने तर्कों के साथ अपनी बात रखी. बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों, ईरान, पश्चिम एशिया, यूक्रेन, ताइवान, हिंद-प्रशांत, आर्थिक मुद्दों, कृत्रिम मेधा, मादक पदार्थ और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रीय तथा प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की.

### खास बातें

- सहयोग पर ध्यान केंद्रित करना दोनों देशों के हित में
- जलवायु परिवर्तन तथा प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

नियंत्रण रेखा के समीप भारतीय सेना व जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चलाया था संयुक्त अभियान

# आतंकवादी कमांडर बशीर अहमद मलिक ढेर

**भाषा। श्रीनगर**



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के आकाओं और आंतकवाद की आधारभूत संरचनाओं को बड़ा नुकसान पहुंचाते हुए सुरक्षा बलों ने उरी सेक्टर में घुसपैठ रोधी अभियान में आतंकवादी कमांडर बशीर अहमद मलिक को मार गिराया. सेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी. नियंत्रण रेखा के समीप सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान 'ऑपरेशन काली' में बुधवार को मलिक और एक अन्य आतंकवादी को मार गिराया गया. सेना के एक अधिकारी ने कहा कि इस अभियान में दो आतंकियों को मार गिराया गया, लेकिन मुख्य पहलू बशीर अहमद मलिक को मार गिराना था. पाकिस्तानी सीमा से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में उसका बड़ा हाथ था. वह उत्तर में लीपा से लेकर दक्षिण में राजौरी तक पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के इलाकों में आतंकी संगठनों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी था.

### खास बातें

- बशीर आतंकी संगठनों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी था
- आतंकवाद फैलाने में बशीर का बड़ा हाथ था

### आतंकवाद के आकाओं को बड़ा झटका

अधिकारी ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से सक्रिय मलिक ने कई आतंकवादियों की घुसपैठ में मदद की और उन्हें सीमा पार कराया, जिसकी वजह से कई भारतीय नागरिकों, सुरक्षा कर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी. उन्होंने बताया कि उसका मारा जाना नियंत्रण रेखा के पार आतंकवाद के आकाओं और आतंकवाद के आधारभूत ढांचे के लिए एक बड़ा झटका है. अधिकारी ने बताया कि बारामूला जिले के उरी सेक्टर में एक ही क्षेत्र से बार-बार घुसपैठ की कोशिशें कश्मीर घाटी में मौजूदा शांति व्यवस्था को बिगाड़ने और अधिक आतंकवादियों को भेजने की दुश्मन की हताशा को दर्शाती है .उन्होंने बताया कि हमने नियंत्रण रेखा पर मजबूत सुरक्षा घेरा तैयार किया हुआ है और सीमा पर हम कड़ी निगरानी रखते हैं. भारतीय सेना घुसपैठ के ऐसे किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए मुस्तैदी से तैयार है और हम दुश्मन को उसके नापाक इरादों में सफल नहीं होने देंगे. अधिकारियों ने बताया कि उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ की संभावना के संबंध में विशेष खुफिया सूचना के आधार पर 15 नवंबर की सुबह संयुक्त अभियान शुरू किया गया था. उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों में इलाके में घुसपैठ की यह दूसरी कोशिश थी. पहली कोशिश को भी विफल कर दिया गया था.

विस चुनाव राहुल गांधी ने राजस्थान के चुरू में कांग्रेस गारंटी रैली को किया संबोधित, कहा-

# भाजपा आई तो कांग्रेस के सारे काम खत्म कर देगी

**भाषा। जयपुर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि अगर राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो वह मौजूदा कांग्रेस सरकार के सभी कामों को खत्म कर देगी. इसके साथ ही राहुल ने आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताने की अपील करते हुए कहा कि जो काम हमने जनता के लिए शुरू किया है उसे दोगुने रफ्तार से करेंगे. राहुल राजस्थान के तारानगर (चुरू) में 'कांग्रेस गारंटी रैली' को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार आएगी तो जो भी हमने आपके लिए किया है... चाहे वह पेंशन योजना हो, चाहे वह स्वास्थ्य योजना हो, चाहे वह पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर हो, चाहे वह महिलाओं को 10000 रुपए देने की बात हो ... भाजपा सब खत्म कर देगी और एक बार फिर अरबपतियों की मदद करना शुरू कर देगी.

**कांग्रेस को वोट दिया तो गरीबों को होगा फायदा :** राहुल ने कहा कि कांग्रेस को आपने वोट दिया तो गरीबों को फायदा होगा, किसानों का फायदा होगा, किसानों का कर्जा माफ होगा, किसानों की मदद होगी, छोटे व्यापारियों का फायदा होगा. ये आपको निर्णय करना है. आप अडाणी की सरकार चाहते हो या किसानों मजदूरों और युवाओं की सरकार चाहते हो .... अडाणी की सरकार कोई नहीं चाहता.

### बोले राहुल

- कांग्रेस सत्ता में आयी तो दोगुने रफ्तार से करेगी काम
- जीतने पर अरबपतियों की मदद करेगी भाजपा



### मोदी की गारंटी का मतलब, अडाणी की गारंटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मोदी की गारंटी' वाक्य का इस्तेमाल किए जाने पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी कहते हैं मोदी की गारंटी ...मोदी की गारंटी का मतलब... अडाणी की गारंटी. कांग्रेस का मतलब किसानों, मजदूरों, युवाओं की सरकार... यह फर्क है. आपको निर्णय करना है. पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से चुनाव जिताइए और जो काम हमने आपके लिए शुरू किये हैं उसे और तेजी से, दोगुने रफ्तार से हम आपके लिए करेंगे.

# पीएमजीकेएवाई 'एक्सटेंशन' का प्रेस विज्ञप्ति में कोई उल्लेख नहीं : कांग्रेस

**भाषा। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने गुरुवार को सवाल किया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने की प्रधानमंत्री की घोषणा का, इस योजना पर सरकार के बयान में उल्लेख क्यों नहीं है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि चार नवंबर को छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि पीएमजीकेएवाई, जो कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की 'रीब्रान्डिंग' है, को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जा रहा है. उन्होंने कहा किलेकिन कल शाम मोदी सरकार की एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में यह बताया गया है कि पीएमजीकेएवाई को एक जनवरी, 2023 से इस पूरे वर्ष के लिए बढ़ाया गया है. इसमें प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 'एक्सटेंशन' का कोई ज़िक्र नहीं है. प्रधानमंत्री ने जो घोषणा की, वह उनकी सरकार की प्रेस रिलीज़ में क्यों नहीं दिखती? केंद्र ने बुधवार को कहा कि वह पीएमजीकेएवाई के तहत एक जनवरी, 2023 से एक वर्ष की अवधि के लिए 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रहा है.









## सिंधिया की 'प्रतिष्ठा' दांव पर

**मैहर।** ग्वालियर-चंबल क्षेत्र से इतर मध्य प्रदेश के विंध्य इलाके में भी विधानसभा की एक सीट ऐसी है जहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है और यह है नवगठित मैहर जिले की मैहर विधानसभा. आम तौर पर यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता आया है लेकिन इस बार सत्ताधारी दल के ही एक बागी ने अपनी पार्टी बनाकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है. हाल ही में सतना से अलग कर मैहर को नया जिला घोषित किया गया था. भाजपा और कांग्रेस में जहां इसका श्रेय लेने की होड़ मची है वहीं पृथक विंध्य प्रदेश की मांग को लेकर मौजूदा भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी ने 'विंध्य जनता पार्टी' (विजेपी) का गठन कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है. इस सीट से इस बार भाजपा ने त्रिपाठी का टिकट काटकर सिंधिया के करीबी श्रीकांत चतुर्वेदी को टिकट दे दिया. चतुर्वेदी ने पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था लेकिन तब वह त्रिपाठी के हाथों करीब तीन हजार मतों के अंतर से हार गए थे. सिंधिया जब कांग्रेस से बगावत कर कमल नाथ के नेतृत्व वाली सरकार गिराकर भाजपा के पाले में चल दिए थे तो मैहर के श्रीकांत चतुर्वेदी भी उनके साथ हो लिए थे.

### राजस्थान विस चुनाव : भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र जारी किया

# पांच साल में 2.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा



**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को होना है. वहीं तीन दिसंबर को मतगणना होगी. चुनाव से पहले आज गुरुवार को भाजपा ने अपना घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) जारी किया. इस संकल्प पत्र में युवाओं को पांच साल में 2.50 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया है. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 'आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र-2023' का विमोचन किया. संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि पार्टी को घोषणापत्र के लिए करीब एक करोड़ नागरिकों से सुझाव मिले.

**खास बातें**

- घोषणा पत्र के लिए 1 करोड़ नागरिकों के सुझाव मिले
- नड्डा बोले- संकल्प पत्र मात्र पन्नों पर लिखे शब्द नहीं हैं

**संकल्प पत्र की मुख्य बातें**

- 'पीएम किसान सम्मान निधि' के तहत किसानों के लिए वित्तीय सहायता को बढ़ाकर 12000 रुपये सालाना करना
- गेहूं की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के ऊपर बोनस देकर 2700 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदने की व्यवस्था करना
- लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत सभी गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर 'सेविंग बांड' देना
- सभी गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपये में घरेलू सिलेंडर देना
- अगले पांच वर्षों में प्रदेश के युवाओं को 2.50 लाख सरकारी नौकरी देना
- पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए सभी भ्रष्टाचार के मामलों पर श्वेत पत्र लाना

**भाजपा के लिए घोषणापत्र विकास का खाका**

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर परीक्षा पत्र लीक व अन्य घोटालों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जायेगा. नड्डा ने कहा कि हमारी सरकारी यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे मामलों में दोषियों को दंड मिले. राजस्थान में डबल इंजन की सरकार चाहते हैं, क्योंकि यहां तुष्टिकरण, परीक्षा पत्र लीक, घोटाले और भ्रष्टाचार वाली सरकार है और उसे हटाना आवश्यक है. नड्डा ने कहा कि अन्य पार्टियों के लिए घोषणापत्र महज एक औपचारिकता है. लेकिन भाजपा के लिए यह विकास का खाका है.

## विस चुनाव में 2290 उम्मीदवार मैदान में

**हैदराबाद।** तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 2,290 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि 608 उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिया है. मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी. कार्यालय के मुताबिक, गजवेल से 44 और कामारेड्डी विधानसभा क्षेत्र से 39 उम्मीदवार मैदान में हैं. दरअसल तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष चंद्रशेखर भी इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं.

कार्यालय द्वारा दी गयी जानकारी में बताया गया कि एलबी नगर विस सीट से सबसे ज्यादा 48 और बंसवाड़ा व नारायणपेट विधानसभा क्षेत्र से सबसे कम सात-सात उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. कांग्रेस और अन्य बड़े दलों के कुछ नेताओं ने टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किया था, लेकिन नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन यानि बुधवार को उन्होंने आधिकारिक उम्मीदवारों के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया. इससे पहले निर्वाचन अधिकारियों ने नामंकन पत्रों की जांच के दौरान 2898 उम्मीदवारों के नामांकन को वैध पाया था और 606 उम्मीदवारों का नामांकन खारिज कर दिया था.

## एमपी में भाजपा को मध्य क्षेत्र में बरकरार रहने का भरोसा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश का मध्य क्षेत्र, राजधानी भोपाल और आसपास के अन्य इलाकों में फैला हुआ है, जो पिछले तीन दशकों में भाजपा के गढ़ के रूप में उभरा है. वहीं शुक्रवार को होने वाले चुनावों में विपक्षी दल कांग्रेस भी यहां वापसी के लिए जोर लगा रहा है. सत्तारूढ़ भाजपा का कहना है कि उसने सामाजिक-राजनीतिक समीकरणों के अनुसार काम किया है और अपने गढ़ में बढ़त हासिल की है, वहीं विपक्षी कांग्रेस का दावा है कि उसने अपनी गलतियों को सुधार लिया है और इस बार क्षेत्र में परिणाम अलग होंगे. एक राजनीतिक पर्यवेक्षक ने हालांकि दावा किया कि इस बार भी क्षेत्र में भाजपा का दबदबा कायम रहने की संभावना है. प्रदेश का मध्य क्षेत्र जिसे कुछ लोग मध्य भारत भी कहते हैं, में भोपाल और नर्मदापुरम राजस्व संभाग शामिल हैं.

## राहुल गांधी आज पांच विस क्षेत्रों में करेंगे सभा

**हैदराबाद।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को चुनावी राज्य तेलंगाना में पांच विधानसभा क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगे. कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी दी. सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरेंगे और हेलिकॉप्टर से पिनापाका पहुंचेंगे, जहां वह एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे. पिनापाका से वह नरसमपेट जाएंगे जहां वह विभिन्न कार्यक्रमों में दो से तीन घंटे बिताएंगे.

## बिलासपुर संभाग की सीटें भी महत्वपूर्ण

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में शुक्रवार को जिन 70 सीटों पर मतदान होगा, उनमें बिलासपुर संभाग की वे 25 सीटें भी शामिल हैं, जो राज्य विधानसभा में लगभग एक तिहाई विधायक भेजती हैं. इन सीटों पर जीत के लिए कांग्रेस और भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है. राज्य के पांच संभागों में से एक मध्य क्षेत्र में स्थित बिलासपुर संभाग में सबसे अधिक 25 विधानसभा क्षेत्र हैं जो राज्य में यह फैसला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कि सत्ता की चाबी किसके हाथ लगेगी. बिलासपुर संभाग एक ऐसा क्षेत्र है जहां से कांग्रेस को 2018 के चुनाव



में अन्य जगहों के मुकाबले कम सीटें मिली थीं. 2018 में संभाग में 24 सीटें थीं, जिनमें से कांग्रेस ने 12 जबकि भाजपा ने सात सीटें जीती थी. वहीं बसपा को दो और तत्कालीन अजीत जोगी के नेतृत्व वाली जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) को तीन सीटें मिली थी.

राज्य में सारंगढ़-बिलाईगढ़ के नाम से नए जिले के निर्माण के बाद, बिलाईगढ़ सीट, जो पहले रायपुर संभाग में थी, बिलासपुर संभाग में शामिल कर दी गई. 2018 में बिलाईगढ़ सीट कांग्रेस ने जीती थी. 2018 में इस क्षेत्र की दो सीटों पर जीत हासिल करने वाली बसपा ने इस बार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) के साथ गठबंधन किया है. राज्य में आम आदमी पार्टी भी मैदान में है.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# मैनेजमेंट कोर्स कर देश के साथ-साथ विदेशों में भी कॅरियर बना सकते हैं छात्र

**एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद**

मैनेजमेंट कोर्स करना छात्रों के लिए के बेहतरीन विकल्प है. अगर आप अपना कॅरियर फाइनेंस, इकोनॉमिक्स और मार्केटिंग जैसे विषयों में बनाना चाहते हैं, तो आपके लिए मैनेजमेंट कोर्स एक बेहतरीन विकल्प है. इस कोर्स में छात्रों को कार्य प्लेसमेंट और प्रोफेशनल प्रोजेक्ट्स को पूरा करने का अवसर मिलता है. कॉर्पोरेट जगत के मैनेजमेंट क्षेत्र में बढ़ती नौकरियों के चलते मैनेजमेंट कोर्स में युवा बढ़-चढ़कर पढ़ाई करने के लिए इंटरेस्ट दिखा रहे हैं. मैनेजमेंट कोर्स आज के समय का सबसे लोकप्रिय कोर्स भी हैं. यह कोर्स आपको बाकि अन्य प्रोफेशनल मास्टर्स कोर्सेज से अलग स्टैंडआउट करा सकता है.



**सर्टिफिकेट मैनेजमेंट कोर्सेज**

सर्टिफिकेट मैनेजमेंट प्रोग्राम्स विभिन्न विश्वविद्यालयों, स्वायत्त (ऑटोनोमस) संस्थानों और स्टैंडअलोन ट्रेनिंग सेंटर्स द्वारा पेश किए जाते हैं. प्रमुख मैनेजमेंट स्ट्रीम्स फाइनेंस, मानव संसाधन (एचआर), मार्केटिंग, आईटी, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऑपरेशन्स, सप्लाई चैन मैनेजमेंट हैं. ये कोर्सेज 3-4 सप्ताह की अवधि के होते हैं.

**डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा मैनेजमेंट कोर्सेज**

टॉप डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स बैंकिंग और फाइनेंस, सप्लाई चैन मैनेजमेंट, ऑपरेशंस मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, रिटेल प्रबंधन, इवेंट मैनेजमेंट जैसे प्रकारों में पेश किए जाते हैं. ये शॉर्ट टर्म कॅरियर ओरिएंटेड कोर्स हैं जो समय और पैसा दोनों बचाते हैं.

**डॉक्टरेट मैनेजमेंट कोर्सेज**

कई विश्वविद्यालय पीएचडी या रिसर्च और टीचिंग के अवसरों की तलाश कर रहे छात्रों को डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान करते हैं. सामान्य स्पेशलाइजेशन में अकाउंटिंग, मार्केटिंग, फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट शामिल हैं.

**बैचलर्स मैनेजमेंट कोर्सेज**

- बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट
- बैचलर ऑफ मैनजमेंट स्टडीज या बीएमएस सोर्स
- बीबीए एंटरप्रेनर्शिप
- बीएमएम कोर्स
- बीबीए मार्केटिंग
- बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस
- बीबीए लॉजिस्टिक
- बीबीए इन एविएशन
- बैचलर ऑफ बैंकिंग एंड इंश्योरेंस



**मास्टर्स मैनेजमेंट कोर्सेज**

- एमआईएम
- एमएसबीए
- एमबीए इन लॉजिस्टिक एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट
- मास्टर इन ह्यूमेन रिशोर्सेस मैनेजमेंट
- एमबीए
- मास्टर ऑफ इंजिनियरिंग मैनेजमेंट



**मुख्य स्पेशलाइजेशन**

- फाइनेंस
- मार्केटिंग
- ऑपरेशन मैनेजमेंट
- इंटरनेशनल बिजनेस
- ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- बिजनेस एनालिटिक्स
- सप्लाई चेन मैनेजमेंट
- स्पोर्ट्स मैनेजमेंट
- रिटेल मैनेजमेंट
- कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट
- इवेंट मैनेजमेंट
- हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट

**प्रवेश परीक्षाएं**

- यूपीएसईई
- डीयू जेट
- आईपीयू सेट
- सेट
- एमपीएटी
- आईपीएमएटी
- कैट
- मैट
- जैट
- सीमैट
- जीमैट
- एसएमएपी

**12वीं के बाद मैनेजमेंट कोर्स**

**बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन**

बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन यानि बीबीए तीन वर्षीय स्नातक कोर्स है, यह 12वीं के बाद किए जाने वाले मैनेजमेंट कोर्स के अंतर्गत आता है. जिसमें छात्रों में मार्केटिंग, फाइनेंस और एचआर आदि विषयों के बारे में पढ़ाया जाता है. भारत की विभिन्न कंपनियों में बीबीए ग्रेजुएट्स की मांग रहती है क्योंकि एक कंपनी के लिए मैनेजमेंट प्रोफेशनल की सख्त आवश्यकता होती है.

**शैक्षिक योग्यता**

बीबीए कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को अंग्रेजी विषय के साथ 12वीं पास होना अनिवार्य है, इसके साथ ही वह छात्र जो बीबीए कोर्स में आवेदन करना चाहते है उन्हें 12वीं में कम से कम 50% अंको के साथ पास होना अनिवार्य है. इसके अलावा उम्मीदवार की आयु 17 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए.

**नौकरी के अवसर**

बीबीए कोर्स पूरा करने के बाद, आपको विभिन्न सेक्टर में जॉब के कई अवसर मिल सकते हैं. एक शुरुआती बीबीए ग्रेजुएट का वेतन लगभग 3 से 5 लाख रुपये प्रति वर्ष हो सकता है. इसके साथ ही अगर छात्र ने बीबीए करने के बाद एमबीए कोर्स पूरा कर लिया है, तो वह भारत के साथ ही विदेश में भी अच्छे पैकेज पर नौकरी का अवसर पा सकते है.

**बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (बीएमएस)**

बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज तीन वर्ष का ग्रेजुएशन कोर्स है,इसमें छात्रों को बिजनेस और कॉर्पोरेट फर्म में इस्तेमाल की जाने वाली एडवांस मैनेजमेंट स्किल को सिखाया जाता है. जिसमें सामान्य कॉर्पोरेट, ह्यूमन रिसोर्सेस, अर्थशात्र और बिजनेस स्टडीज जैसे विषय शामिल होते है.

**शैक्षिक योग्यता**

बीएमएस कोर्स में एडमिशन के लिए 12वीं में छात्रों को 50% अंक लाना अनिवार्य है. यह लगभग सभी विश्वविधालय और कॉलेज में एडमिशन के लिए अनिवार्य है. इसके अलावा भारत के कुछ शीर्ष कॉलेज बीएमएस कोर्स में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करते है और उस प्रवेश परीक्षा में छात्रों द्वारा किए गए प्रदर्शन के आधार पर एडमिशन किया जाता है.

**कोर्स फीस**

बीएमएस कोर्स को पूरा करने के लिए छात्रों को 1 से 2 लाख रुपये तक की फीस लग सकती है. इसके साथ ही कोर्स की फीस छात्र द्वारा चुने गए कॉलेज पर निर्भर करती है.

**नौकरी के अवसर**

बीएमएस कोर्स पूरा करने के बाद, छात्र विभिन्न सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में नौकरी के अवसर पा सकते हैं. इन सेक्टर में उम्मीदवार बैंकर, क्वालिटी स्पेशलिस्ट, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, अध्यापक, बिजनेस एनालिस्ट, फाइनेंस ऑफिसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के रुप में काम कर सकता है.

**बीबीए प्लस एमबीए इंटीग्रेटेड कोर्स**

इंटेग्रेटेड कोर्स का मतलब है कि दो कोर्सेस को एक साथ करना. यह कोर्स भी 12वीं भी के बाद किया जाने बाले मैनेजमेंट कोर्स में शामिल है. बीबीए प्लस एमबीए कोर्स की अवधि 5 वर्ष की होती है जिसमें आपको बिजनेस, मैनेजमेंट और मार्केटिंग से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से सिखाया जाता है.

**शैक्षिक योग्यता**

बीबीए प्लस एमबीए इंटेग्रेटेड कोर्स में एडमिशन के लिए न्यूनतम 60% अंको के साथ 12वीं पास होना अनिवार्य है. इस कोर्स में छात्रों के एडमिशन मेरिट और प्रवेश परीक्षा के आधार पर किए जाते है. यह पूरी तरह से कॉलेज पर निर्भर करता है कि वह मेरिट या प्रवेश परीक्षा में से किसके आधार पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करते है. इसके साथ ही वह उम्मीदवार जो आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत आते है उन्हें अंको में 5% की छूट प्रदान की जाती है.

**कोर्स फीस**

बीबीए प्लस एमबीए इंटेग्रेटेड कोर्स की फीस अन्य मैनेजमेंट कोर्स की तुलना में अधिक होती है, अगर आप भारत के किसी शीर्ष कॉलेज से बीबीए प्लस एमबीए इंटेग्रेटेड कोर्स करते है तो इसकी फीस 10 से 20 लाख रुपये तक भी जा सकती है.

**नौकरी के अवसर**

यह कोर्स पूरा करने के बाद, छात्रों के पास देश विदेश की विभिन्न कंपनियों में नौकरी के बहुत से अवसर मिलेंगे, जहां छात्र अपनी मैनेजमेंट यात्रा की शुरुआत कर सकता है. इसके साथ ही अगर आपने भारत के किसी शीर्ष कॉलेज से पढ़ाई पूरी की है, तो आप आसानी से 5 से 15 लाख रुपये प्रति वर्ष की नौकरी पा सकते है.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)